ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • भाद्रपद कृष्ण पक्ष 10 • विक्रम संवत 2080 • शनिवार, 09 सितम्बर 2023 • वर्ष-24 • अंक-217 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

कंगना रनौत ने फिल्म 'जवान' के लिए शाहरुख की तारीफ की... पेज-12



## जी 20 में भारत, अमेरिका, सऊदी व यूएई को रेलवे सौदे की घोषणा की उम्मीद



**नई दिल्ली।** नई दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन में, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन, भारत, सऊदी अरब व संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के नेता शनिवार को एक प्रमुख संयुक्त बुनियादी ढांचा समझौते की घोषणा करने की उम्मीद कर रहे हैं, जो रेलवे के नेटवर्क के माध्यम से खाड़ी देशों को जोड़ेगा। एक मीडिया रिपोर्ट में यह कहा गया है।

एक्सियोस की रिपोर्ट में कहा गया है कि यह क्षेत्र के बंदरगाहों से शिपिंग लेन के माध्यम से भारत से भी जुड़ेगा।यह परियोजना उन प्रमुख पहलों में से एक है, जिसे व्हाइट हाउस मध्य पूर्व में आगे बढ़ा रहा है, क्योंकि क्षेत्र में चीन का प्रभाव बढ़ रहा है। मध्य-पूर्व चीन के बेल्ट एंड रोड विजन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। एक्सियोस रिपोर्ट में कहा गया है कि संयुक्त रेलवे परियोजना उन प्रमुख परियोजनाओं में से एक होने की उम्मीद है, जिसे बाइडेन इस सप्ताह के अंत में नई दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान पेश करना चाहते हैं। यह तब आता है, जब बाइडेन प्रशासन सऊदी अरब के साथ एक मेगा-डील के लिए अपने राजनयिक प्रयास को पूरा करना चाहता है, जिसमें 2024 के अभियान से पहले राज्य और इजराइल के बीच एक सामान्यीकरण समझौता शामिल हो सकता है, जो बाइडेन के एजेंडे को पूरा करता है। व्हाइट हाउस ने बाइडेन की यात्रा का पूर्वावलोकन करते हुए एक पूर्व बयान में कहा कि राष्ट्रपति शनिवार को वैश्विक बुनियादी ढांचे और निवेश कार्यक्रम के लिए साझेदारी में भाग लेंगे। एक्सियोस की रिपोर्ट के अनुसार, वार्ता में शामिल एक अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि घोषणा पर काम अभी भी जारी है और यह अभी अंतिम नहीं है।

यदि चारों देश अगले दो दिनों में बातचीत को अंतिम रूप देते हैं, तो उनके नेता परियोजना के मापदंडों को रेखांकित करते हुए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करेंगे।

एक्सियोस की रिपोर्ट के अनुसार, इस परियोजना से लेवंत और खाड़ी में अरब देशों को रेलवे के एक नेटवर्क के माध्यम से जोड़ने की उम्मीद है जो खाड़ी में बंदरगाहों के माध्यम से भारत से भी जुड़ेगा। सूत्रों के अनुसार, अगर सऊदी अरब और इजराइल भविष्य में संबंध सामान्य करते हैं, तो इजराइल भी रेलवे परियोजना का हिस्सा हो सकता है और इजराइली बंदरगाहों के माध्यम से यूरोप तक अपनी पहुंच बढ़ा सकता है। परियोजना की घोषणा ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## हजारीबाग की चरही घाटी में डिवाइडर से टकराई स्कॉर्पियो, चार की मौत, तीन घायल



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग की चरही घाटी में शुक्रवार सुबह एक स्कॉर्पियो डिवाइडर से टकरा गई। इस घटना में चार लोगों की मौत हो गई जबकि तीन घायल हो गए। मृतक में इंद्रजीत साह (39), पिंटू राय (28), अरविंद राय (35) और दिलीप राय (35) हैं। घायलों में इंद्रजीत राय (31), मदन राय (42), धर्मेंद्र भगत (38) हैं। सभी बिहार के सीतामढ़ी, वैशाली और मुजफ्फपुर जिले के रहने वाले थे। जानकारी के अनुसार स्कॉर्पियो वाहन (बीआर-06पीई-7091) में सात लोग सवार होकर बिहार के मुजफ्फरपुर से रजरप्पा में मां छिन्मस्तिका मंदिर जाने के लिए निकले थे। सुबह करीब चार बजे चरही के तीखे और ढलानयुक्त यूपी मोड़ पर स्कोर्पियो अनियंत्रित होकर डिवाइडर को पार करते हुए एक छोर से दूसरे छोर में पलटी खाते करीब 100 फिट दूर जाकर रुकी। स्कोर्पियो के परखच्चे उड़ गए और उसमें बैठे लोगों को गंभीर चोटें आई। चरही थाना पुलिस और एनएचएआई ने बचाव कार्य शुरू किया। प्रत्यक्षदर्शियों ने घटना का कारण गाड़ी का अत्यधिक रफ्तार होना बताया। दुर्घटना के दौरान स्कोर्पियो के ड्राइवर और उप चालक की सीट के सामने दोनों एयरबैग खुले हुए थे। इसके बावजूद दोनों बच नहीं पाए। काफी मशक्कत के बाद गेट को तोड़कर ड्राइविंग सीट पर फंसे व्यक्ति को निकाला जा सका।

## NEWS इन ब्रीफ

### जी-20 समिट में राष्ट्रपति के डिनर में शामिल होंगे मुख्यमंत्री,आज जायेंगे दिल्ली

**रांची।** दिल्ली में जी-20 को लेकर भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की ओर से आयोजित डिनर में राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भाग लेने शनिवार को दिल्ली जाएंगे। दिल्ली में आयोजित जी-20 समिट में देश-विदेश के राष्ट्राध्यक्ष और उनकी टीम आ रही है। इसी में राष्ट्रपति ने देश के सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों को डिनर पर बुलाया है।

### दो-दो लाख के दो बेल बांड पर ईडी कोर्ट से बच्चू यादव का रिलीज ऑर्डर जारी

**रांची।** मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपित बच्चू यादव को कड़ी सुरक्षा के बीच ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में शुक्रवार को पेश किया गया। कोर्ट ने उन्हें दो-दो लाख के दो बेल बांड भरने के निर्देश दिए। बच्चू यादव के दो बेल बांड प्रस्तुत किए जाने पर कोर्ट ने उनका रिलीज ऑर्डर जारी कर दिया, जिसे बिरसा मुंडा जेल प्रशासन को भेजा गया है। कोर्ट ने उन्हें निर्देश दिया है कि यदि उनका पासपोर्ट है तो उसे अदालत में जमा करें।

उल्लेखनीय है कि गत बुधवार को बच्चू यादव की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनते हुए बच्चू यादव को जमानत प्रदान की थी। झारखंड हाई कोर्ट से बच्चू यादव की जमानत याचिका खारिज हो चुकी थी, जिसके बाद उनकी ओर से सुप्रीम कोर्ट में जमानत याचिका दायर की दायर की गई थी।

### पलामू में अपराधियों ने की युवक की गोली मार कर हत्या

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के हमीदगंज पानी टंकी बीएएन कॉलेज दीपक जेनरल स्टोर के पास अज्ञात अपराधियों ने राजेश वर्मा उर्फ फंटूश वर्मा नामक व्यक्ति को अज्ञात अपराधियों ने शुक्रवार की शाम गोली मार कर हत्या कर दी। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों के द्वारा इस घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही टीओपी 3 प्रभारी मंटूस्ट महतो घटनास्थल पर पहुंचकर स्थानीय लोगो की मदद से घायल को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के बाद चिकित्सकों ने फंटूश को बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स के लिए रेफर कर दिया था। जहां रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद से स्थानीय लोगों में भय का माहौल उत्पन्न है। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर आईपीएस ऋषभ गर्ग, शहर थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा, टीओपी वन प्रभारी रेवा शंकर राणा, सदर थाना के एएसआई अभिमन्यु कुमार सिंह, टाइगर मोबाइल का जवान संतन कुमार, शारीक इरशाद घटनास्थल पर पहुंचकर आसपास के लोगों से घटना के बारे में जानकारी ली। वहीं घटनास्थल से पुलिस को एक बाइक और एक 315 का पिस्टल बरामद हुआ है। इस घटना के बाद से पुलिस घटना से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गई है। अपराधियों की पहचान के लिए पुलिस दीपक जनरल स्टोर में लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच कर रही है। वहीं फंटूश के मौत के बाद से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# डुमरी विस उपचुनाव में 'इंडिया' की जीत, झामुमो का कब्जा बरकरार

### बेबी देवी ने एनडीए उम्मीदवार को 17 हजार वोटों से हराया



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड की डुमरी विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में इंडिया ने एनडीए को शिकस्त दी है। यहां राज्य की सत्ताधारी पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा की प्रत्याशी बेबी देवी ने अपनी निकटतम प्रतिद्वंद्वी एनडीए की यशोदा देवी को करीब 17 हजार वोटों से पराजित किया है।

यशोदा देवी आजसू पार्टी की प्रत्याशी थी, जिन्हें एनडीए के घटक दलों का समर्थन हासिल था। जीत दर्ज करने वाली बेबी देवी राज्य की हेमंत सोरेन सरकार में मद्य एवं उत्पाद निषेध मंत्री हैं। सोरेन ने उन्हें विधायक बनने के पहले ही मंत्रिमंडल में जगह दी थी। मंत्री पद पर बने रहने के लिए इस चुनाव में उनके लिए जीत दर्ज करना अनिवार्य था।

बेबी देवी झारखंड की मौजूदा विधानसभा में 12वीं महिला विधायक होंगी। झारखंड में 82 सदस्यों वाली विधानसभा के अब तक के इतिहास में महिला विधायकों की सर्वाधिक संख्या है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बेबी देवी को फोन पर जीत की बधाई दी। इधर, बेबी देवी ने कहा है कि क्षेत्र की जनता ने उनके पति स्व. जगरनाथ महतो को सच्ची श्रद्धांजलि दी है। यह उनके दिवंगत पति और क्षेत्र की जनता की जीत है। बता दें कि इस सीट से विधायक और हेमंत सोरेन की सरकार में शिक्षा एवं मद्य निषेध, उत्पाद मंत्री रहे जगरनाथ महतो का मार्च महीने में निधन हो गया था। इस वजह से इस सीट पर उपचुनाव की नौबत आई।

जगरनाथ महतो इस विधानसभा सीट पर वर्ष 2005 से लगातार विधायक थे। उन्होंने 2005 से 2019 तक लागातार चार बार जीत दर्ज की थी। उपचुनाव में 5 सितंबर को इस सीट पर हुए मतदान में कुल 64.84 प्रतिशत वोटरों ने मताधिकार का इस्तेमाल किया था। उपचुनाव में इंडिया की बेबी देवी और एनडीए की यशोदा देवी सहित कुल छह प्रत्याशी मैदान में थे। अन्य उम्मीदवारों में एआईएमआईएम के अब्दुल मोबिन रिजवी, निर्दलीय रोशन लाल तुरी, कमल प्रसाद साहू और नारायण गिरि चुनाव मैदान में थे।

### डुमरी उप चुनाव में प्रचंड जीत 2024 का आगाज : मुख्यमंत्री

रांची। डुमरी विधानसभा सीट पर उप चुनाव के परिणाम पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि यह प्रचंड जीत 2024 का आगाज है। राज्य की जनता ने ठान लिया है कि झारखंड में अब सिर्फ जनतंत्र चलेगा, धनतंत्र नहीं। यहां सिर्फ और सिर्फ झारखंडियों की सरकार चलेगी। भाजपा और आजसू के छल और अहंकार का अब झारखंड से सूपड़ा साफ होना तय है। उन्होंने कहा कि डुमरी उप चुनाव में झामुमो (गठबंधन) प्रत्याशी बेबी देवी को स्नेह देने के लिए डुमरी विधानसभा क्षेत्र की जनता को अनेकों धन्यवाद और आभार। बेबी देवी स्व. टाइगर जगरनाथ दा के सपनों और अधूरे कार्यों को पूरा करेंगी। झारखंड हमने बनाया है और हम ही संवारेंगे।

## अंतर्राज्यीय गिरोह का खुलासा, छह लुटेरे गिरफ्तार



### लूट के करीब चार किलो सोना-चांदी के आभूषण बरामद, ज्वेलर्स संचालक से हुई थी लूट

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

जिले के वशिष्ठनगर जोरी थाना क्षेत्र अंतर्गत संघरी बाजार से विगत चार सितंबर को हुए ज्वेलरी लूटकांड का पुलिस ने खुलासा करते हुए छह लुटेरों को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया। ज्ञात हो कि घटना की सूचना मिलते ही एसपी राकेश रंजन द्वारा एसडीपीओ अविनाश कुमार और पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय केदारनाथ राम के संयुक्त नेतृत्व में एसआईटी गठित कर वशिष्ठनगर जोरी और हंटरगंज थाने की संयुक्त टीम को कार्रवाई का निर्देश दिया गया था। इसके बाद एसआईटी ने कार्रवाई करते हुए घटना में शामिल अंतर्राज्यीय गिरोह के 6 तस्करों को लूट के करीब 4 किलो सोना-चांदी के आभूषण के साथ धर दबोचा। गिरोह के तस्करों की गिरफ्तारी बिहार के गया रेलवे स्टेशन के समीप से हुई है। वशिष्ठनगर थाना में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में एसडीपीओ अविनाश कुमार ने बताया कि विगत चार सितंबर को घंघरी चौक के समीप संचालित भद्रकाली ज्वेलर्स के मालिक संदीप कुमार से ज्वेलरी से भरा बैग लूट कर बाइक सवार लुटेरे बिहार की ओर भाग गए थे। इसके बाद भुक्तभोगी ने स्थानीय थाना को घटना की सूचना दी थी। घटना में शामिल तीन ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## 18 आईपीएस अफसरों का तबादला -रांची के एसएसपी बने चंदन सिन्हा, किशोर कौशल बने जमशेदपुर एसएसपी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखण्ड सरकार ने शुक्रवार की शाम एक साथ 18 आईपीएस अधिकारियों का तबादला कर दिया है। रांची एसएसपी कौशल किशोर को जमशेदपुर का एसएसपी बनाया गया है, वहीं पोस्टिंग के लिए प्रतीक्षारत चंदन कुमार सिन्हा अब रांची के एसएसपी होंगे।

**सिटी एसपी भी बदले गए :** रांची के सिटी एसपी को भी बदल दिया गया है, रांची सिटी एसपी सुधांशू कुमार जैन वेटिंग फोर पोस्टिंग हो गए हैं, उनकी जगह नवप्रोन्नत राजकुमार मेहता को रांची का सिटी एसपी बनाया गया है। पूर्व में वह रांची में सिटी डीएसपी भी रह चुके हैं वहीं मनीष टोप्पो को रांची ग्रामीण एसपी बनाया गया है।पहली बार रांची जिले में एसएसपी से लेकर एसपी के दोनों पदों पर प्रमोटी अफसरों को कमान दी गई है।

**कई अधिकारी हुए वेटिंग फॉर पोस्टिंग :** राज्य सरकार के तबादलों के बाद नवप्रोन्नत अधिकारियों में छह वरीय अधिकारियों से डीएसपी का ही काम लिया जा रहा है। वरीय पदाधिकारियों में सरोजनी लकड़ा, एमेल्डा एक्का, सादिक अनवर रिजवी, अरविंद कुमार सिंह, विकास कुमार पांडेय, विजय आशीष कुजूर अब भी डीएसपी के ही पद पर काम कर रहे हैं।वहीं छह एसपी स्तर के अधिकारी चंदन कुमार झा, अनुरंजन किस्पोट्टा, अमित रेणू, आनंद प्रकाश, सुभाष कुमार जाट, अंबर लकड़ा पहले से वेटिंग फार पोस्टिंग थे। अब जमशेदपुर एसएसपी प्रभात कुमार, गढ़वा एसपी अंजनी झा के अलावे लोहरदगा, कोडरमा, गुमला, जामताड़ा, रांची सिटी एसपी के वर्तमान एसपी भी वेटिंग फार पोस्टिंग हो गए हैं। वैसे पुलिस पदाधिकारी जिनका पदस्थापन प्रभावित हुआ है, उन्हें पुलिस मुख्यालय में योगदान देना होगा।

### किस को कहां की मिली जिम्मेदारी

| नाम | कहां थे | कहां गये |
|---|---|---|
| रिश बिन जमां | रांची ट्रैफिक एसपी | एसपी लोहरदगा |
| हरविंदर सिंह | अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सरायकेला | एसपी गुमला |
| ऋषव गर्ग | अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मेदिनीनगर | पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) जमशेदपुर |
| कपिल चौधरी | अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चक्रधरपुर | एसपी (ग्रामीण) धनबाद |
| दीपक कुमार पांडेय | वरीय डीएसपी लोहरदगा | एसपी गढ़वा |
| अनुदीप सिंह | वरीय पुलिस उपाधीक्षक खूंटी | एसपी कोडरमा |
| अनिमेष नैथानी | वरीय पुलिस उपाधीक्षक खलारी | एसपी जामताड़ा |
| राजकुमार मेहता | वरीय पुलिस उपाध्यक्ष हजारीबाग | रांची सिटी एसपी |
| मनीष टोप्पो | वरीय पुलिस उपाध्यक्ष | पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) रांची |
| आसिफ एकराम | वरीय पुलिस उपाधीक्षक हजारीबाग | पुलिस अधीक्षक (भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो) रांची |
| कैलाश करमाली | वरीय पुलिस उपाधीक्षक लातेहार | पुलिस अधीक्षक (भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो) रांची |
| पूज्य प्रकाश | अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी हुसैनाबाद | पुलिस अधीक्षक (विशेष शाखा) रांची |
| अजय कुमार | अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बुंडू | पुलिस अधीक्षक (विशेष शाखा) रांची |
| शंभू कुमार सिंह | अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, टंडवा चतरा | पुलिस अधीक्षक (विशेष शाखा) रांची |
| अजीत कुमार | अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बालूमाथ | पुलिस अधीक्षक (नगर) धनबाद |

मुख्यमंत्री ने गुवा गोलीकांड के शहीदों को दी श्रद्धांजलि ,परिसंपत्ति का किया वितरण

## आंदोलनकारियों के सपनों का झारखंड बनाने का लें संकल्प : हेमंत सोरेन




**पश्चिमी सिंहभूम।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि गुवा गोली कांड के वीर शहीदों को शत-शत नमन। अपने इन वीर शहीदों के सम्मान में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में हम उनके बलिदान को याद कर रहे हैं। इस अवसर पर हम सभी अपने शहीदों, पूर्वजों और आंदोलनकारियों के आदर्श को आत्मसात करने और उनके सपनों का झारखंड निर्माण का संकल्प लें। मुख्यमंत्री शुक्रवार को पश्चिमी सिंहभूम जिले के नोवामुंडी में गुवा गोली कांड के शहीदों की स्मृति में आयोजित श्रद्धांजलि सभा -सह -परियोजनाओं का शिलान्यास-उद्घाटन एवं परिसंपत्ति वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने शहीद स्थल में माल्यार्पण कर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे पूर्वजों ने अलग-अलग समयों में ब्रिटिश हुकूमत, शोषण जुल्म और अन्य के खिलाफ लंबी लड़ाई लड़ते रहे । चाहे वह अपने वजूद और अस्तित्व को बचाने का संघर्ष हो या जल जंगल और जमीन की रक्षा का। इस लड़ाई में कई ने अपने को बलिदान कर दिया। लेकिन, उन्होंने जो संघर्ष किया, उसी का परिणाम है कि आज आदिवासियों- मूलवासियों का अस्तित्व बरकरार है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अपने वीर शहीदों और झारखंड अलग राज्य के आंदोलनकारियों के साथ गुमनामी की जिंदगी जीने वाले शहीदों के आश्रितों को चिन्हित कर उन्हें सम्मान देने का काम हमारी सरकार कर रही है । इस क्रम में शहीदों के आश्रितों को नौकरी और पेंशन के साथ विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ने का काम किया गया है।

**आज भी कई चुनौतियां हैं, लेकिन हमारे कदम नहीं रुकेंगे :** मुख्यमंत्री ने कहा कि आज भी हमारे सामने कई चुनौतियां हैं । आदिवासी दलित और पिछड़े लोग दशकों से ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

**राजनीति**

हेमंत सोरेन ने कार्यकाल के छठे उपचुनाव में बनाया इतिहास

# मिशन 2024 के पहले 'इंडिया' ने दिखाया दम



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** डुमरी उपचुनाव में झामुमो प्रत्याशी बेबी देवी की जीत ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सियासी तौर पर बड़ी राहत दी है। एनडीए के निशाने पर रहे सूबे के मुख्यमंत्री को एक बार फिर यह साबित करने का मौका मिल गया है कि जनता उनके साथ है। जनता का भरोसा बना हुआ है। विपक्ष के भ्रष्टाचार के आरोपों का मुख्यमंत्री ने लगातार सामना किया है। लेकिन जिस प्रकार हेमंत सोरेन को उनके कार्यकाल में यह छठा जीत हासिल हुआ है यह ऐतिहासिक है।

मुख्यमंत्री ने तमाम उहापोह के बीच जिस प्रकार स्वर्गीय जगरनाथ महतो की पत्नी बेबी देवी पर भरोसा जताया था वह जीत के साथ ही पूरा हो गया। इंडिया गठबंधन की जेएमएम उम्मीदवार बेबी देवी को डुमरी विधानसभा क्षेत्र में हुए उप चुनाव में एक लाख के करीब वोट मिले जबकि एनडीए की आजसू प्रत्याशी यशोदा देवी को लगभग 85 हजार वोटों से ही संतोष करना पड़ा। जीत का अंतर 17 हजार से अधिक का रहा।

बेबी देवी ने पति के पुराने रिकॉर्ड को तोड़ दिया। वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में जगरनाथ महतो को 71128 वोट मिले थे। उन्हें सबसे ज्यादा वोट 2014 में 77984 मिले थे। वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में आजसू को 36840 और भाजपा के उम्मीदवार को 36013 वोट मिले थे। वैसे यहां का मुकाबला काफी टक्कर का रहा। आजसू ने डुमरी विस सीट अपनी झोली में डालने के लिए पूरी ताकत झोंक दी थी लेकिन नतीजे से पार्टी निराश हुई। बेबी देवी की जीत में सबसे बड़ा फैक्टर इलाके के कद्दावर नेता रहे जगरनाथ महतो की लंबी बीमारी के बाद निधन हो जाना रहा। लगातार चार बार निर्विवाद रूप से विधायक और वर्तमान सरकार में मंत्री रहे जगरनाथ महतो को डुमरी की जनता ने इनके श्रद्धांजलि देने का काम किया। पूरे चुनावी प्रचार के दौरान बेबी देवी हाथ जोड़कर अपने पति के नाम पर वोट मांगती रहीं। जनता को उनके काम के बारे में बताती रहीं। डुमरी विधानसभा क्षेत्र में मुस्लिम उम्मीदवारों का कुल वोट करीब 28 हजार के पास था, जिसमें एआईएमआईएम के उम्मीदवार अब्दुल मोमिन रिजवी को सबसे ज्यादा वोट करीब 24 हजार मिले थे। पिछली बार की तरह इस बार भी ओवैसी अपने उम्मीदवार का प्रचार करने डुमरी आए थे लेकिन उनके उम्मीदवार की करारी हार हुई। इस बार मुस्लिम वोटरों ने जेएमएम पर भरोसा जताया और खुलकर बेबी देवी के पक्ष में वोट किया। रांची जमीन घोटाले में ईडी के तीन-तीन ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## हाई कोर्ट ने मधु कोड़ा सहित नौ के मामले में सीबीआई, ईडी और राज्य सरकार से मांगा जवाब

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा एवं उनके सहयोगियों के खिलाफ ईडी और सीबीआई में चल रहे केस के त्वरित निष्पादन को लेकर दुर्गा मुंडा की जनहित याचिका की सुनवाई शुक्रवार को हुई। हाई कोर्ट ने मामले में याचिकाकर्ता के आईए के आलोक में ईडी, सीबीआई एवं राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। मामले में याचिकाकर्ता की ओर से हस्तक्षेप याचिका (आइए) दायर कर मधु कोड़ा, हरिनारायण राय, बंधु तिर्की, भानु प्रताप शाही, कमलेश सिंह, एनोस एक्का,विनोद कुमार सिन्हा, शौभिक चट्टोपाध्याय एवं संजय चौधरी के खिलाफ दर्ज केस के जल्द निष्पादन का आग्रह किया गया। सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि शौभिक चट्टोपाध्याय एवं संजय चौधरी अभी तक फरार चल रहे हैं। पूर्व की सुनवाई में कोर्ट ने याचिकाकर्ता को आइए दायर कर उन सारे जनप्रतिनिधियों एवं अन्य का नाम मांगा था जिनके खिलाफ वे ईडी और सीबीआई में चल रहे केस का जल्द निष्पादन चाहते हैं। कोर्ट के आदेश के आलोक में याचिकाकर्ता की ओर से मधु कोड़ा सहित 9 लोगों के नाम कोर्ट के समक्ष आइए के माध्यम से प्रस्तुत किये गये थे। याचिकाकर्ता का कहना था कि सुप्रीम कोर्ट ने भी जनप्रतिनिधियों के मामले की सुनवाई त्वरित गति से करने का निर्देश दिया है।

## NEWS इन ब्रीफ

### झामुमो ने जीत का जश्न मनाया

**सिल्ली।** डुमरी उपचुनाव में महागठबंधन के प्रत्याशी की जीत को लेकर झामुमो तथा कांग्रेस पार्टी के द्वारा रामानंद बेदिया के नेतृत्व में सिल्ली ग्राम विकास स्कूल से जीत के जश्न को लेकर स्टेशन रोड छोटा मुरी तक बाइक रैली निकाली गई। इस क्रम में झामुमो के रांची जिला उपाध्यक्ष सह सिल्ली विधानसभा प्रभारी ने स्वर्गीय विनोद बिहारी महतो के प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया। कार्यकताओं के द्वारा बम पटाखे फोड़े गए तथा हेमंत सोरेन जिंदाबाद, राहुल गांधी जिंदाबाद के नारे जोर-जोर से लगाए गए। हर चौक चौराहे पर लोगों को मिठाइयां भी खिलाई गई। वही जुलूस के नेतृत्व कर रहे रामानंद बेदिया में बताया कि यह जीत झारखंड की राजनीति को लेकर दिशा तय करेगी। इस मौके पर झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष राधिका महतो, अमित महतो, फलाहारी महतो, कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष कार्तिक चंद्र महतो, कांग्रेस के जिला सचिव नागेंद्र नाथ गोस्वामी, मणिराम दास, बलराम महतो, समेत सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### पांच लाख आय वाले व्यवसायियों को पेशा कर अधिनियम में निबंधन जरूरी : राज्य कर आयुक्त

**खूंटी।** राज्य वाणिज्य कर विभाग के तत्वावधान में शुक्रवार को तोरपा में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में राज्य कर आयुक्त संजय विनित होरो ने बताया कि सालाना पांच लाख आयवाले व्यवसायियों को पेशा कर अधिनियम 2011 में निबंधन आवश्यक है। उन्होंने बताया कि पांच लाख से नीचे वाले व्यापारी को किसी प्रकार का शुल्क नहीं देना है। इससे अधिक आय होती है, तो पांच से 10 लाख में एक हजार रुपये, 10 लाख से 25 लाख तक पंद्रह सौ, 25 से 40 लाख में दो हजार और 40 लाख से ऊपर की सालाना आय में ढाई हजार रुपये का शुल्क अनिवार्य रूप से देना होगा। राज्य सहायक कर आयुक्त शिवशंकर सिंह मुंडा ने बताया कि यह कर प्रणाली पूरी तरह राज्य सरकार के अधीन है।

### बिरसा मुंडा की प्रतिमा का किया गया लोकार्पण

# रांची एयरपोर्ट का होगा विस्तार : निदेशक



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राजधानी के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट को सुंदर और विशाल बनाने के लिए एयरपोर्ट अथॉरिटी और जिला प्रशासन लगातार प्रयास कर रहा है। इसी को लेकर शुक्रवार भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा का लोकार्पण एयरपोर्ट पर किया गया। लोकार्पण कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो सहित राज्यसभा सांसद, लोकसभा सांसद एवं कई पदाधिकारीगण मौजूद रहे। इसका निर्माण झारखंड के कलाकार शिवम ने किया है। राजधानी रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर सीसीएल की तरफ से भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा लगाई गई। प्रतिमा का लोकार्पण कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो, राज्यसभा सांसद महुआ माझी, लोकसभा सांसद संजय सेठ सहित सीसीएल के सीएमडी पीएम गोपाल मौजूद रहे। प्रतिमा का निर्माण झारखंड के शिवम नाम के कलाकार ने की है। भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा का लोकार्पण करने के बाद सीसीएल के निदेशक राम बाबू प्रसाद ने कहा कि सीसीएल के लिए सौभाग्य की बात है कि आज देश के भगवान और वीर सपूत के नाम से जाना जाने वाले बिरसा मुंडा की प्रतिमा को एयरपोर्ट पर लगाया गया। उन्होंने बताया कि यह प्रतिमा अद्भुत कला का परिचायक है। इस प्रतिमा को स्क्रैप मैटेरियल से बनाया गया है, जिन सामानों को लोग अमूमन फेंक देते हैं। वैसे ही बेकार समानों को एकत्रित कर झारखंड के एक कलाकार शिवम कुमार ने इस अद्भुत प्रतिमा का निर्माण किया है। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में शिवम कुमार जैसे कलाकारों को सीसीएल की तरफ से निखारने का काम किया जाएगा। प्रतिमा के लोकार्पण कार्यक्रम में पहुंचे विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो ने कहा कि आने वाले दिनों में झारखंड अग्रणी राज्य में शामिल होगा। वर्तमान में दिन प्रतिदिन विकास की नई लकीरें झारखंड सरकार के द्वारा खींची जा रही है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में एयरपोर्ट का भी विस्तारीकरण किया जाएगा। कहा कि इसकी शुरूआत भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा के लोकार्पण के साथ शुरू हो गई है। राज्यसभा सांसद महुआ माजी ने क्या कहाः मौके पर मौजूद राज्यसभा सांसद महुआ माजी ने कहा कि एयरपोर्ट किसी भी प्रदेश या जिले के लिए पहला स्थान कहलाता है। एयरपोर्ट पहुंचने के बाद ही कोई भी शख्स पूरे राज्य और जिले की महत्वपूर्ण बातों की जानकारी प्राप्त कर लेता है। भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा लगने के बाद अब जो भी लोग रांची पहुंचेंगे उन्हें यह ज्ञात हो जाएगा कि यह राज्य आदिवासियों का है और भगवान बिरसा मुंडा आदिवासियों के आदर्श हैं। कहा कि ये प्रतिमा पूरे झारखंड की पहचान बनेगी। मौके पर मौजूद लोकसभा सांसद संजय सेठ ने लोकार्पण कार्यक्रम के बाद पूरे एयरपोर्ट का निरीक्षण किया।

### डुमरी में झामुमो की जीत पर रातू में जश्न का माहौल

**रातू।** इंडिया गटबंधन के झामुमो अधिकृत डुमरी विधान सभा प्रत्यासी बेबी देवी की इतिहासिक जीत पर रातू में जश्न का माहौल है। झामुमो रातू प्रखंड समिति के अध्यक्ष बेलाल अंसारी के नेतृत्व में शुक्रवार की शाम ब्लॉक चोंक से काठीटांड तक जुलूस निकाला गया। जुलूस में झामुमो,कोंग्रेस के कार्यकर्ता मौजूद थे। कार्यकताओ ने राहुल गांधी व हेमन्त सोरेन के समर्थन में खूब नारे लगाये। इस दौरान लोगो के बीच मिठाइयां बांटी गई और आतिश बाजी भी किया गया। विजय जुलूस में असलम अंसारी, कमरुल हक जाबिर अंसारी, कृष्ण ठाकुर, रोहित भगत, अमन राज, साहू प्रदीप, बबलू मिंज,आसिफ मंसूरी, नंदन महतो, समीउल्लाह अंसारी, राजू लोहार, राजू वर्मा, वसीम अंसारी, मुदस्सर खान राजेंद्र मिर्धा,आरिफ खान,दानिश अंसारी, नाहिद, शकुंतला देवी, गोविंद उरांव, खलील अंसारी, निजाम अंसारी, अतुल राज इशाक खान, शेखर सुमन आदि लोग मौजूद थे।

### प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्यों ने प्रदेश अध्यक्ष से की मुलाकात

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य शमशेर आलम झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता डॉ एम तौसीफ एवं वारिस कुरैशी ने झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर से मुलाकात कर गुलदस्ता देकर आभार व्यक्त किया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि आप सभी को बहुत बधाई मुझे पूरी उम्मीद है कि जो नई जिम्मेदारियां आप लोगों को मिली है उसे बखूबी निभाने के लिए पूरा प्रयास करेंगे। इस मौके पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव राकेश सिन्हा अमूल्य नीरज खलखो, आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सूर्यकांत शुक्ला ने झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के सभी नवनियुक्त पदाधिकारी को बधाई दिया।

### बेड़ो कॉलेज में एमएससी की पढ़ाई को लेकर एबीवीपी ने प्राचार्य को सौंपा मांग पत्र

**बेड़ो।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की बेड़ो इकाई ने शुक्रवार को करमचंद भगत कॉलेज बेड़ो में एमएससी की पढ़ाई की प्रारंभ कराए जाने को लेकर प्राचार्य डा विंध्याचल राम को मांग पत्र सौंपा। एबीवीपी के विक्रम महतो ने बताया कि कॉलेज में एमए व एमकॉम की पढ़ाई तो होती है। लेकिन एमएससी की पढ़ाई नही होती है जिसके कारण प्रत्येक वर्ष दर्जनों विद्यार्थी बीएससी की पढ़ाई पूरी करने के बाद भी एमएससी की शिक्षा से वंचित रह जाते है। बेड़ो कॉलेज एक ग्रामीण क्षेत्र में स्थित है और यहां पढ़ाई करने वाले अत्यधिक छात्र सुदूरवर्ती क्षेत्र व कृषक परिवार से आते है। इसका ध्यान रखते हुए छात्र हित को देखते हुए इसी सत्र से महाविद्यालय में एमएससी की पढ़ाई शुरू कराने की मांग की क मौके पर विक्रम कुमार महतो, योगेश कुमार,अमन कुमार, दिवाकर महतो, प्रमिला उरांव, मनीता कुमारी और पार्वती उरांव मौजूद थे।


**कार्यपालक अभियंता सह राजमार्ग पदाधिकारी का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, कोडरमा**

**अतिअल्पकालीन उद्धरण आमंत्रण सूचना**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, कोडरमा अन्तर्गत पड़ने वाले पथों में Solar traffic Blinker with sound system का प्रतिष्ठापन किया जाना है, Blinker की विशिष्टियाँ निम्न प्रकार है:-

Solar traffic blinker to be mounted on 150mm nominal dia M.S.Pipe B Class thickness 4.85 mm weight -19.20Kg/m conforming to IS1239(Part-1),3.00 meter height above ground level, firmly fixed to the ground by means of properly designed foundation with M-25 grade concrete, 60cmx60cmx60cm, 60cm below ground level and duly painted in metallic yellow colour with following specifications

| | | | |
|---|---|---|---|
| A | Diameter | - | 300mm |
| B | Watts | - | 12 watts |
| C | Battery (Exide or equivalent | - | Plumbic Acid 12 V 7.2 Ah |
| D | LED 5mm 9000 MCD in encapsulated convex lenses | - | 61 |
| E | Colour | - | Red/Amber |
| F | Body material | - | M.S.Alloy / Ploycarbonact alloy |
| G | Blinking frequency | - | 40 |
| H | Operating time (Back up) | - | 72 Hrs |
| I | Temperature Range | - | 15°C +45° C |
| J | Weight | - | 9.4 Kg |
| K | Battery life | - | 2 Years |
| L | Size | - | 365x365x185 |
| M | Sound System | - | Make, Sony, LG or equivalent |

जिसके आपूर्त्ति हेतु दिनांक–14.09.2023 के अपराह्न 3:00 बजे तक दर हेतु उद्धरण अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय/ई–मेल में प्राप्त की जायेगी, जो दिनांक–14.09.2023 को ही अपराह्न 3:30 में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपस्थित उद्धरणकर्त्ता/उनके द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति के समक्ष उपस्थिति/अनुपस्थिति में भी खोली जायेगी।
उद्धरण की शर्त्तें कार्यालय एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
E-Mail–ID-eercdkoderma-jhr@nic.in

कार्यपालक अभियंता,
पथ प्रमण्डल, कोडरमा

PR 306415 Road (23-24)_D


# एचईसी को बचाने के लिए 14 सितंबर को राजभवन के समक्ष विशाल प्रदर्शन




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
चंद्रयान के लिए लॉन्चिंग पैड बनाकर देश का मस्तक गर्व से ऊंचा करने वाले संस्थान एचईसी को बचाने के लिए आंदोलन की रूपरेखा तैयार हो गई है। रांची के एचईसी को बचाने के लिए इंडिया गठबंधन के दल 14 सितंबर को राजभवन के समक्ष विशाल प्रदर्शन करेंगे। वहीं 18 से 22 सितंबर के बीच संसद के विशेष सत्र के दौरान दिल्ली के जंतर मंतर पर भी प्रदर्शन किया जाएगा। केंद्र सरकार पर एचईसी की लगातार उपेक्षा का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को बिहार क्लब में इंडिया दलों की संयुक्त बैठक हुई। इस बैठक में कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल, तृणमूल कांग्रेस, जनता दल यूनाइटेड, आम आदमी पार्टी, सीपीआई, सीपीएम, सीपीआई माले और झामुमो के नेता शामिल हुए। इस बैठक में एचईसी बचाओ संघर्ष मोर्चा के नेता और प्रतिनिधि भी शामिल हुए।'एचईसी की जमीन पर केंद्र सरकार की नजर': बैठक के बाद मीडिया से रूबरू होते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस के नेता सुबोधकांत सहाय ने कहा कि सरकार की मंशा एचईसी को लेकर ठीक नहीं है। वह इसे अपने उद्योगपति मित्रों के हवाले करना चाहती है और यहां के जमीन पर भी उसकी नजर है। सुबोधकांत सहाय ने कहा कि एचईसी कर्मियों को 17 महीनों से और अभियंताओं को 18 महीने से वेतन नहीं मिला है। हजारों की संख्या में कैजुअल स्टॉफ को मजदूरी नहीं मिली है। त्राहिमाम की स्थिति है। उन्होंने कहा कि जिन कर्मचारियों और इंजीनियरों ने चंद्रयान 3 और मिशन सूर्य के लिए आदित्य छ1 का लॉन्चिंग पैड बनाकर स्पेस में भारत को बढ़त दिलाई। वहां के कर्मचारियों को लगभग डेढ़ सालों से वेतन के लाले पड़े हुए हैं। रांची और जंतर-मंतर पर प्रदर्शनः पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि एचईसी के मुद्दे पर बने एचईसी बचाओ जन संघर्ष समिति, विस्थापित मोर्चा, बस्ती बचाओ मोर्चा और सभी इंडिया दल के नेता और कार्यकर्ता 14 सितंबर को राजभवन के समक्ष विशाल प्रदर्शन करेंगे। इसके बाद दिल्ली में संसद के विशेष सत्र के दौरान जंतर मंतर पर इंडिया गठबंधन का धरना प्रदर्शन होगा।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,राँची**

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 06/2023–24 (2nd Call)**
**पूर्व का पी0आर0 संख्या– 302042 Rural Development (23-24)#D**

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता,ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, राँची।
2. परिमाण विपत्र की बिकी की तिथि :– दिनांक 11.09.2023 से 15.09.2023 को अपराह्न 03:00 बजे तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि, समय एवं स्थान :– दिनांक 16.09.2023 के अपराह्न 03:00 बजे तक, जिला नियंत्रण कक्ष, राँची।
4. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान :– दिनांक 16.09.2023, 03:30 बजे अपराह्न में, जिला नियंत्रण कक्ष, राँची।
5. परिमाण विपत्र की ब्रिकी का स्थान :– (1) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, राँची। (2) उप विकास आयुक्त का कार्यालय, राँची।
6. निविदा का मद :– जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट (DMFT)
7. कार्य की विस्तृत विवरणी निम्नवत् है :–

| क0 | प्रखंड | पंचायत | ग्राम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू में) | परिमाण विपत्र का मुल्य(रू में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | खेलारी | लपरा | चट्टीनदी | टोला कुवार पतरा में अन्दु उरांव के घर से बुधराम उरांव के घर तक 802 मी0 पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 38,47,000=00 | 77,000.00 | 5,000.00 | 5 Month |

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट Jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पटट् पर देखा जा सकता हे।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,राँची

PR 306446 Rural Development(23-24).D


## ओपन कराटे चैंपियनशिप में ऐलिसन रूपल खाखा ने जीता पदक



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में चल रहे थाईलैंड ओपन कराटे चैंपियनशिप में भारतीय कराटे टीम की सबसे जूनियर खिलाड़ी ऐलिसन रूपल खाखा ने देश के लिए पहला पदक जीता एलिसन रूपल खाखा ने 12 वर्ष से कम आयु वर्ग के 30 किलो से कम वजन वर्ग के फाइट में कांस्य पदक जीतकर देश के नाम किया ऐलिसन देश का खाता खोलने वाली पहली खिलाड़ी बनी। भारतीय कराटे टीम के कोच शिहान सुनील किस्पोट्टा ने ऐलिसन को उसके जीत के लिए बधाई देते हुए कहा कि ऐलिसन में देश के लिए पदक जीतकर देश को गौरवान्वित किया है इस पल के लिए एक हर एक खिलाड़ी सालों से मेहनत करते हैं कि जब अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में पदक मिलने के दौरान उस देश का झंडा लहराया जाता है। एलिसन रुपल खाखा के पदक जीतने पर विश्व कराटे संघ के तकनीकी कमेटी के सदस्य हंशी भरत शर्मा कराटे इंडिया आर्गेनाईजेशन के अध्यक्ष शिहान विजय तिवारी महासचिव शिहान संजीव जांगड़ा इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी के अध्यक्ष संसाइ अनिल किस्पोट्टा सचिव मोहिनी रितिका टोप्पो, राकेश तिर्की आदि ने बधाई दी है।

## डुमरी विस उपचुनाव में गठबंधन की हुई जीत, बीजेपी हारी : संजय यादव



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के प्रधान महासचिव संजय प्रसाद यादव ने इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी बेबी देवी की जीत पर बधाई देते हुए कहा कि स्व. जगरनाथ महतो जी के कार्यों एवं झारखंड सरकार द्वारा किए जा रहे विकास के कार्यों को देखते हुए डुमरी की जनता ने इंडिया गठबंधन पर विश्वास जताने का काम किया है और गठबंधन प्रत्याशी बेबी देवी जी को जिताने का काम किया है और झूठे वादे, झूठे प्रलोभन और ठगने वाले पार्टी भाजपा को हराने का काम किया है राष्ट्रीय जनता दल डुमरी की जनता के प्रति आभारी है राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय लालू प्रसाद यादव जी का जो संदेश हमलोगो ने डुमरी में जाकर देने का काम किया उसे डुमरी की जनता ने राजद के नेताओं के साथ जो वादे किये थे उसे पूरा करने का काम किए और भारी मतों से जीत करा कर भाजपा और आजसू को धूल चटाने का काम किया। राष्ट्रीय जनता दल के नेताओं ,कार्यकताओं को भी बहुत बधाई और धन्यवाद जो डुमरी जाकर रात दिन एक करके इंडिया प्रत्याशी श्रीमती बेबी देवी जी के जीत दिलाने का खून पसीना एक करने का काम किया। बेबी देवी जी को जीत की बधाई देता हुए प्रदेश महासचिव सह प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने कहा कि यह जीत इंडिया गठबंधन की झांकी है भाजपा को केंद्र की सता से हटाना बाकी है। भाजपा की नीति और सिद्धांत को तथा पिछलगु आजसू चाल चरित्र को झारखंड प्रदेश की जनता जान चुकी है ।जीतने दिनों तक भाजपा के साथ आजसू सरकार में रही तब तक जनता के दुख दर्द नहीं समझे किंतु सत्ता से बेदखल होते ही जनता का दुख दर्द इन्हे सताने लगी इसलिए डुमरी की जनता ने इन्हे मुंह तोड़ जवाब देने का काम किया।


**ऊर्जा विभाग**
**झारखण्ड सरकार, विद्युत कार्यपालक अभियन्ता**
**विद्युत कार्य प्रमण्डल, इंजीनियरिंग हॉस्टल नं0-2, धुर्वा, राँची**

**अति अल्पकालीन ई-प्रोक्योरमेंट सूचना**

ई–निविदा प्रसंग सं0– Energy/EWD/Ranchi/39/2023-24 दिनांक– 08/09/2023

| 1. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| I | खूँटी एवं सिमडेगा जिला अन्तर्गत अनुसूचित जनजाति आवासीय बालक/बालिका हाई/मध्य विद्यालय, उलिहातू, कूण्डी, अडकी तपकरा, डोमबारी, हार्टिगहोडे एवं सेवई के परिसर में 16 मीटर के हाईमास्ट लाईट के अधिष्ठापन का कार्य। | 55,32,093=00 | 10,000=00 | 1,11,000=00 | 90 दिन |
| II | अनुसूचित जाति आवासीय प्राथमिक विद्यालय बालूमाथ, चंदवा, होटबाग, लेस्लीगंज, डूमरी, छतरपुर, अनुसूचित जाति आवासीय उच्च विद्यालय, रामकंडा, कौटाकोह, एवं अनुसूचित जाति आवासीय मध्य विद्यालय रमकण्डा के परिसर में 16 मीटर के हाईमास्ट लाईट के अधिष्ठापन का कार्य। | 63,25,039=00 | 10,000=00 | 1,27,000=00 | 90 दिन |
| III | चाईबासा एवं सरायकेला जिला अन्तर्गत अनुसूचित जनजाति आवासीय बालक/बालिका उच्च/मध्य विद्यालय कुन्दुगुटू, चाईबासा, टेबो, मनोहरपूर, गोईकेरा, संजय एवं आश्रम विधालय झिंकपानी, कूचई, छोटानागपूर के परिसर में 16 मीटर के हाईमास्ट लाईट के अधिष्ठापन का कार्य। | 71,34,186=00 | 10,000=00 | 1,43,000=00 | 90 दिन |
| IV | अनुसूचित जनजाति आवासीय बालक उच्च विद्यालय, महुआडांड गारू, अनुसूचित जनजाति आवासीय बालक मध्य विद्यालय, छिपादोहर, अनुसूचित जनजाति आवासीय बालक मध्य विद्यालय, डोमाखांड, हेनदेहास, अनुसूचित जनजाति आवासीय प्राथमिक विद्यालय, गारू, बालूमाथ एवं आदिम जनजाती आवासीय प्राथमिक स्कूल, औराटांड, बेतला एवं नेतरहाट के परिसर में 16 मीटर के हाईमास्ट लाईट के अधिष्ठापन का कार्य। | 79,10,907=00 | 10,000=00 | 1,59,000=00 | 90 दिन |
| 2. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 14.09.2023 | | | |
| 3. | निविदा जमा करने की तिथि | 15.09.2023 के 10.30 बजे अपराह्न से 21.09.2023 के 2.00 बजे अपराह्न तक | | | |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि | 22.09.2023 को 3.00 बजे अपराह्न में | | | |
| 5. | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, राँची। | | | |
| 6. | निविदा खोलने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत कार्य अंचल, राँची। | | | |
| 7. | ई प्रोक्युरमेन्ट प्रकोष्ट का फोन नं0 | 0651–2490069 | | | |

नोट :– निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in मे देखा जा सकता है।

विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल, राँची

PR 306455 Energy (23-24)_D


### बेहतर पहल | महाविद्यालयों में शांतिपूर्ण तरीके से पहले दिन का नामांकन प्रक्रिया संपन्न

# प्रथम काउंसेलिंग के आधार पर 72 छात्रों ने लिया नामांकन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड संयुक्त प्रवेश परीक्षा पर्षद ने बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) के दस महाविद्यालयों के स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रथम काउंसेलिंग के आधार पर नामांकन के लिए सफल अभ्यर्थियों की सूची एवं महाविद्यालय का आवंटन कर दी है। पर्षद द्वारा निर्गत पत्र के मुताबिक बीएयू के सभी दस महाविद्यालयों में शांतिपूर्ण तरीके से पहले दिन का नामांकन प्रक्रिया पूरा हुआ। पहले दिन डीन वेटनरी डॉ. सुशील प्रसाद ने वेटनरी संकाय अधीन 3 महाविद्यालयों तथा डीन एग्रीकल्चर डॉ. डीके शाही ने कृषि संकाय अधीन 6 महाविद्यालयों में नामांकन प्रक्रिया की लगातार जानकारी एवं समीक्षा की। छात्र-छात्राओं एवं अभिवावकों को मार्गदर्शन दिया। प्राप्त सुचना के मुताबिक बीएयू के दस महाविद्यालयों में पहले दिन कुल 72 विद्यार्थियों ने नामांकन कराया। रांची पशु चिकित्सा महाविद्यालय में 26, रांची कृषि महाविद्यालय में 16, रांची वानिकी महाविद्यालय में 2, कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय रांची में 8, कृषि महाविद्यालय गढ़वा में 4, कृषि महाविद्यालय देवघर में 3, कृषि महाविद्यालय गोड्डा में 6, उद्यान महाविद्यालय खुंटपानी चाईबासा में 2, मत्स्यिकी विज्ञान महाविद्यालय गुमला में 2 तथा डेयरी टेक्नोलॉजी महाविद्यालय हंसडीहा दुमका में 4 छात्र-छात्राओं का नामांकन हुआ। बताते चले कि पर्षद की अनुशंसा पर बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के विभिन्न स्नातक पाठ्यक्रमों में झारखंड राज्य कोटे से कुल 414 सीटों पर होना है। कुलसचिव डॉ. एमएस मल्लिक ने बताया कि पर्षद के निर्देश के मुताबिक बीएयू के दस महाविद्यालयों के स्नातक पाठ्यक्रमों में नामांकन की प्रक्रिया 12 सितम्बर 2023 तक होगी। नामांकन प्रक्रिया शामिल होने के लिए सफल अभ्यर्थियों को पर्षद से निर्गत पत्र एवं एडमिट कार्ड, 10 वीं एवं 12 वीं पास सर्टिफिकेट, मार्कशीट एवं एडमिट कार्ड, माइग्रेशन, चरित्र एवं कॉलेज लीविंग सर्टिफिकेट, आवासीय, जाति एवं आय प्रमाण-पत्र, मेडिकल सर्टिफिकेट, एंटी रैगिंग सर्टिफिकेट, आधार कार्ड की मूल प्रति तथा सभी का एक सेट छाया प्रति जमा करनी होगी। सभी डाक्यूमेंट्स का सत्यापन सबंधित महाविद्यालय में होगा। एडमिशन फी ऑनलाइन माध्यम से ही जमा होगी। नामांकन के समय छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय में एक माह का मेस शुल्क की अग्रिम राशि जमा करनी होगी। विवि के नामांकन प्रक्रिया में एसोसिएट डीन ई डीके रुसिया तथा ऑनलाइन शुल्क संग्रहण में सहायक सह आईटी प्रोफेशनल मो। एहतेसमूल हक का विशेष योगदान रहा।

# जयपाल सिंह मुंडा अवार्ड से 75 विभूतियों को किया जायेगा सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
उम्मीद फाउंडेशन की ओर से राज्य स्तर पर लगातार दूसरे साल जयपाल सिंह मुंडा पुरस्कार 2023 का आयोजन तीन जनवरी 2024 को होगा। इस पुरस्कार कार्यक्रम में खेल, कला, पत्रकारिता जगत के विभिन्न विभूतियों को सम्मानित किया जायेगा। यह जानकारी उम्मीद फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष रितेश उरांव, झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सोनू खलखो और आयोजन समिति प्रमुख निरंजन भारती ने शुक्रवार को करमटोली स्थित धुमकुडिया में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में दी। उन्होंने बताया कि मरंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जयंती प्रत्येक वर्ष तीन जनवरी को पूरे देश में मनाई जाती है। उनकी जयंती पर उम्मीद फाउंडेशन की ओर से प्रत्येक वर्ष जयपाल सिंह मुंडा पुरस्कार का आयोजन किया जाता है। पुरस्कार समारोह में इस बार 75 विभूतियों को सम्मानित किया जायेगा। ₹जयपाल सिंह मुंडा पुरस्कार₹ के लिए आवदेन आंमत्रित है। इस वर्ष के लिए नामांकन 30 नवंबर तक स्वीकार किए जाएंगे, जिसमें एक खेल से अधिकतम दो खिलाड़ियों का चयन किया जायेगा। रितेश उरांव ने बताया कि पुरस्कार में भाग लेने के लिए इच्छुक खिलाडी, पत्रकार, कला संस्कृति से जुड़े विभुत्ति, समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शख्सियत इत्यादि अपना समुचित विवरण व्हाट्सअप नंबर 9431399089 पर भेज सकते हैं। उरांव ने कहा कि प्राप्तकर्ताओं का चयन उम्मीद फाउंडेशन की ओर से गठित एक समिति की ओर से किया जाता है। खिलाड़ियों को राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेल क्षेत्र में शानदार और सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उनके सक्रिय खेल कार्यकाल और सेवानिवृत्ति के बाद दोनों के लिए उनके योगदान के लिए सम्मानित किया जाता है।

# स्वतंत्रता सेनानी नागरमल मोदी के निवास स्थान से पवित्र मिट्टी का हुआ संग्रह



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राष्ट्रीय अभियान मेरी माटी-मेरा देश के तहत शुक्रवार को प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी नागरमल मोदी के बड़ालाल स्ट्रीट स्थित निवास स्थल से उमेश गोपीनाथ जादव और मेजर संजय मेहरोत्रा ने पवित्र मिट्टी प्राप्त की। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य स्वतंत्रता सेनानियों और आजादी की लड़ाई में गुमनाम हुए शहीदों को श्रद्धांजलि देना है। नागरमल मोदी का सार्वजनीक जीवन 1894 से 1953 तक विस्तृत है। इस बीच वह देष की स्वतंत्रता से मुक्ति एवं समाज में व्यापत विसंगतियों, कुरीतियों, असंगतियों के निवारण के लिए संघर्ष करते रहे थे। नागरमल मोदी देश की स्वतंत्रता, स्वदेशी वस्तुओं का प्रचार - प्रसार और समाज में सुधार के लिए समर्पित रहे थे। छोटानागपुर में असहयोग आंदोलन की शुरूआत स्वतंत्रता सेनानी नागरमल मोदी के आह्वान पर पांच दिनी हड़ताल (17 से 21, नवम्बर, 1920) से आरम्भ हुआ था। टाना भक्तों को कांग्रेस से जोड़ने में नागरमल मोदी का महत्वपूर्ण योगदान रहा था। 1905 से 1947 तक नागरमल मोदी जी अनेक बार रांची, हजारीबाग, पटना, जयपुर तथा कलकता के जेलों में कैद रहे थे। नागरमलजी देश के पहले वस्त्र व्यवसायी थे। जिन्होंने जुलाई 1905 में अपने फर्म से विलायती वस्त्रों की होली जलाते हुए घोषणा की थी कि अब मेरा फर्म सिर्फ स्वदेशी वस्त्रों का ही कार्य व्यापार करेगा। वह दो बार गुमला, सिमडेगा निर्वाचन क्षेत्र से विधायक भी रहे। इस अवसर पर वरीष्ठ अधिवक्ता विरेन पोद्दार, अग्रवाल सभा के पूर्व अध्यक्ष रतन मोर, नवनीत मोदी, रोहित मोदी, राजीव मोदी, अर्णव मोदी, अपूर्व मोदी, शेषांक मोदी, अर्चना मोदी, ममता मोदी, कान्ता मोदी, षिल्पा मोदी, रोहिणी केजरीवाल, सुधीर लाल, गौतम मोदी, अधिवक्ता प्रदीप मोदी, रवि मोदी, प्रदीप नेवटिया, अनविका केजरीवाल सहित समाज के गणमान्य लोग उपस्थित थे। सभा को उमेश गोपीनाथ जादव और मेजर संजय मेहरोत्रा द्वारा सम्बोधित किया। धन्यवाद ज्ञापन आशीष (मीनू) मोदी द्वारा दिया गया।

# श्री लक्ष्मी वेंकटेश्वर अन्नपूर्णा सेवा केंद्र का प्रथम वर्षगांठ आज



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
स्व. सत्यनारायण नारसरिया तथा स्व. शारदा देवी नारसरिया की पुण्य स्मृति में एवं रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के तत्वावधान मे दूसरा अन्नपूर्णा सेवा केंद्र पहाड़ी रोड स्थित तिरुपति मंदिर के सामने श्री लक्ष्मी वेंकटेश्वर अन्नपूर्णा सेवा चलाया जा रहा है। रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल एवं महामंत्री ललित कुमार पोद्दार ने बताया है कि 9 सितंबर 2022 को इस अन्नपूर्णा सेवा केंद्र को आरंभ किया गया था। 9 सितंबर शनिवार को इस सेवा के एक वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। इस पुनीत अवसर पर 9 सितंबर दिन शनिवार को प्रातः 10:30 बजे एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में अन्नपूर्णा सेवा के सभी सेवादारों को सम्मानित किया जाएगा। उक्त जानकारी रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने देते हुए सभी से आग्रह किया है कि अन्नपूर्णा सेवा केंद्र के प्रथम वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में पधारकर हम सबों का उत्साहवर्धन करें।

## डुमरी विस उपचुनाव में बेबी देवी की जीत पर जनता का जताया आभार

# भाजपा में हिम्मत है तो इसी साल कराए लोकसभा चुनाव: झामुमो



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने डुमरी विधानसभा सीट पर उप चुनाव में पार्टी उम्मीदवार बेबी देवी की जीत पर जनता का आभार प्रकट किया। साथ ही भाजपा पर जमकर निशाना भी साधा। भट्टाचार्य शुक्रवार को पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि देश के विभिन्न क्षेत्रों में सात उप चुनाव हुए, जिसमें पांच में भाजपा बुरी तरह से परास्त हुई है। यह 2004 वाली ही स्थिति है, जब साइनिंग इंडिया, फील गुड इंडिया के नाम पर समय से पहले चुनाव कराया गया था और एनडीए बुरी तरह से परास्त हुई थी। इसलिए भाजपा में हिम्मत है, तो इसी साल लोकसभा का चुनाव कराए। झारखंड की 14 लोकसभा सीटों में से 10 सीट पर हम 'इंडिया' गठबंधन के लोग उसकी जमानत जब्त करा देंगे। उन्होंने कहा कि आईएनडीआईए का नारा है, जुड़ेगा भारत-जीतेगा इंडिया। इसका उप चुनाव में असर दिखा। आने वाले दिनों में यह नारा और असरदार होगा। उन्होंने कहा कि डुमरी के चुनावी अभियान में जिस तरह से बाबूलाल मरांडी और सुदेश महतो की टीम ने झूठ, प्रपंच और भ्रम की स्थिति पैदा की, उसे परोसा, उसे जनता ने पूरी तरह से खारिज कर दिया। चुनाव में एक साजिश रची गयी लेकिन न धन काम आया और न बल। तीन-तीन पूर्व मुख्यमंत्री और एक उप मुख्यमंत्री के साथ केंद्रीय मंत्री को उतारने के बाद जनता ने एक बार फिर से राज्य की हेमंत सोरेन सरकार के कामकाज पर मुहर लगा दी। ईडी के समन पर नौ सितंबर को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन उपस्थित होंगे या नहीं के सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि जनता क्या चाहती है, जनता का क्या संदेश है, अब भी समझाने की जरूरत है क्या? जनता सब जान और समझ रही है। नौ को राष्ट्रपति ने मुख्यमंत्री को बुलाया है। वह सीएमओ से आप लोगों को पता चल जायेगा।

# डुमरी विधानसभा उपचुनाव जीतने पर कांग्रेस ने मनाया जश्न



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
डुमरी विधानसभा उपचुनाव में आईएनडीआई गठबंधन को विजयी होने पर शुक्रवार को कांग्रेस भवन, रांची में जीत का जश्न मनाया गया। कांग्रेस नेताओं ने पटाखा फोड एवं एक दूसरे को लड्डू खिलाकर जीत की बधाई दी। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि यह जीत झारखंड की दशा और दिशा तय कर दी है। उन्होंने कहा कि डुमरी की जनता ने इंडिया गठबंधन को वोट कर एनडीए गठबंधन को नकारने का काम किया है। महागठबंधन सरकार की ओर से लगातार चलाये जा रहे विकास कार्यों पर यह मुहर है और यह बताने का भी काम किया है कि हर साजिश, हर षड्यंत्र अपना ले भाजपा लेकिन आखिर में जीत सत्य की होती है। डुमरी की जनता के प्रति आभार। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय जगरनाथ महतो के अधूरे सपनें को अब उनकी धर्मपत्नी बेबी देवी आगे ले जाने का काम करेगी। सदन के पटल पर महिलाओं की सम्मान की बात, युवाओं की बात बुजुर्गों की बात और राज्य के विकास की बात प्रखर रूप से गुंजेगा।

# ट्रैफिक नियमों को लेकर बेहद लापरवाह हैं राजधानी वासी ,छह महीने के भीतर कट गए 1.77 लाख चालान



**रांची।** ट्रैफिक नियमों को लेकर राजधानीवासी बेहद लापरवाह है, राजधानीवासी कितने लापरवाह हैं यह पिछले 6 महीने के ट्रैफिक चालान से पता चल रहा है।राजधानी रांची में 6 महीने के भीतर एक लाख 77 हजार लोगों के चालान कट गए है और जुमार्ने करोड़ो में चली गई है।

**क्या कहता है आंकड़ा :** राजधानी रांची में हाई स्पीड कैमरा के जरिए रेड लाइट वायलेशन ,बिना हेलमेट,विपरीत दिशा में ड्राइव और रैश ड्राइविंग को लेकर चालान काटा जा रहा है। ऑटोमेटिक कैमरे के जरिए पिछले 6 महीने से ऑनलाइन चालान काटे जा रहे हैं। अब जब आंकड़े सामने आए हैं वह बेहद चौंकाने वाले। ट्रैफिक पुलिस से मिले आंकड़े के अनुसार नवम्बर 2022 से लेकर अगस्त 2023 तक रांची में 356242 लोगो के चालान रेड लाइट वायलेशन को लेकर ,मई 2023 से लेकर अगस्त 2023 तक 114046 लोगो का चालान हेलमेट को लेकर ,विपरीत दिशा में वाहन चलाने को लेकर जुलाई 2023 से लेकर अगस्त 2023 तक कुल 3232 लोगो के चालान और ओवर स्पीड को लेकर जुलाई 2023 से लेकर अगस्त 2023 तक 24513 लोगो के चालान कट चुके है।

**सबसे ज्यादा बिना हेलेमट वाहन के चालान कटे :** राजधानी रांची में हेलमेट पहनने को लेकर आम लोगों को जबरदस्त रूप से जागरूक किया गया था लेकिन उसका कोई असर सड़क पर नहीं दिख रहा है। ट्रैफिक पुलिस के आंकड़े बताते हैं कि मात्र 4 महीने में ही एक लाख 14 हजार 46 लोगों के चालान सिर्फ हेलमेट नही पहनने की वजह से काटे गए है। चौंकाने वाली बात तो यह है कि यहां आंकड़ा सिर्फ मई 2023 से लेकर अगस्त 2023 तक का है। यह आंकड़े और ज्यादा होते लेकिन कैमरा के माध्यम से ऑनलाइन चालान हेलमेट को लेकर में महीने से ही शुरू किया गया था। रांची के ट्रैफिक एसपी हारिश बिन जमा ने बताया की आंकड़े वाकई ज्यादा है। आंकड़ों के विश्लेषण से यह पता चलता है कि अब लोग सबसे ज्यादा उसे समय ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं जिस समय ट्रैफिक के जवान पोस्ट पर तैनात नहीं रहते हैं। मसलन सुबह और रात के समय लेकिन अब 24 घंटे बेहद उच्च क्वालिटी कैमरों से चालान काटा जा रहा है।अब अगर कोई यह सोचता है कि वह पुलिस से बचकर चालान से बच जाएगा तो यह उसकी गलतफहमी है, लोगों को समझना होगा कि ट्रैफिक नियमों का पालन करना उनके सुरक्षा के लिए जरूरी है।

# सांसद संजय सेठ की पहल पर रांची एयरपोर्ट पर आठ मिनट तक की पार्किंग फ्री

**रांची।** रांची एयरपोर्ट पर आठ मिनट तक गाड़ी पार्क करने वाले वाहनों से पार्किंग फीस नहीं ली जाएगी। इसके लिए सोमवार से फ्री लेन सर्विस शुरू होगी। फ्री लेन के वाहनों के निकलने के लिए अलग गेट की भी व्यवस्था होगी। रांची के सांसद संजय सेठ एयरपोर्ट में कम समय के लिए वाहन खड़ा करने वालों से पार्किंग शुल्क वसूले जाने की शिकायत को लेकर शुक्रवार को एयरपोर्ट पहुंचे थे। उन्होंने एयरपोर्ट के अधिकारियों को एयरपोर्ट परिसर के बाहर बुलवाकर फ्री लेन से संबंधित जानकारी ली। साथ ही कहा कि लगातार शिकायत मिल रही हैं कि जो लोग परिजनों को छोड़ने और रिसीव करने आते हैं, उनसे वहां गाड़ी खड़ी करने पर तुरंत शुल्क ले लिया जाता है। एयरपोर्ट अधिकारियों ने सांसद को बताया कि फ्री लेन सेवा शुरू करने को लेकर सारी तैयारी हो चुकी है। सोमवार से फ्री लेन शुरू हो जाएगा। एयरपोर्ट के दाहिनी तरफ का लेन फ्री होगा। सांसद ने कहा कि फ्री लेन में फ्री पार्किंग के लिए आठ मिनट की समय सीमा तय की जाए, जिसपर एयरपोर्ट के अधिकारियों ने सहमति दे दी। सांसद ने कहा कि अधिकारियों को उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देश दे दिया है कि किसी भी कीमत पर सोमवार से यह सेवा आरंभ हो जानी चाहिए।

# डीआईजी ने सिविल कोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा




नवीन मेल संवाददाता। रांची
डीआईजी अनूप बिरथरे ने शुक्रवार को रांची के सिविल कोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। सिविल कोर्ट पहुंचकर उन्होंने कोर्ट की सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों से सुरक्षा व्यवस्था की पूरी जानकारी ली। साथ ही सुरक्षाकर्मियों को कई दिशा-निर्देश भी दिए। डीआईजी ने सिविल कोर्ट कैंपस के सभी प्रवेश और निकास द्वार पर आने-जाने वाले लोगों पर नजर रखने और कोर्ट में सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान सिविल कोर्ट टीओपी प्रभारी भी मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों जमशेदपुर सिविल कोर्ट में एक पेशकार पर कोर्ट परिसर में ही धारदार हथियार से हमला हुआ था। इस घटना पर संज्ञान लेते हुए हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को अदालतों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने का निर्देश दिया है। इसके बाद डीजीपी ने राज्य के सभी वरीय पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की थी। डीजीपी ने सभी रेंज डीआईजी को अदालतों की सुरक्षा की पूरी मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी दी है।

# भ्रष्टाचार और अपराध मुक्त प्रदेश के लिए भाजपा को मजबूत करें: बाबूलाल मरांडी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची/ गिरिडीह**
संकल्प यात्रा के तीसरे चरण के तहत धनवार में शुक्रवार को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सोरेन पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि संथाल परगना के भोगनाडीह से शुरू हुई संकल्प यात्रा अब जनता के भारी समर्थन से जन संकल्प यात्रा बन चुकी है। साथ ही कहा कि भ्रष्टाचार मुक्त-अपराध मुक्त प्रदेश बनाना है तो झारखंड से हेमंत सरकार को हटाना है और भाजपा को लाना है। उन्होंने कहा कि जिस पुलिस को कानून व्यवस्था ठीक करना था वे हेमंत सरकार के इशारे पर वसूली और हेमंत सरकार के खिलाफ बोलने वालों पर केस करने में व्यस्त है। कोयला, बालू, पत्थर, जमीन की लूट मची है। अंचल ब्लॉक और जिले के सरकारी कार्यालयों में बिना पैसे दिये कोई काम नहीं होता है। सरकारी पदाधिकारियों को मोबाइल रिचार्ज की तरह पद पर बने रहने के लिए हेमंत सरकार को रिचार्ज करना होता है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार भ्रष्ट अधिकारी, पदाधिकारी की चिंता करते हैं। पौने चार साल में नियुक्ति नहीं हुई है। स्कूल, अस्पताल व अन्य सरकारी कार्यालयों में भारी संख्या में पद रिक्त पड़ा हुआ है। सड़क पुल पुलिया की स्थिति बद से बदतर हो गई है। तीसरी, गांवा की कई सड़कों की स्थिति बदतर है। साथ ही कहा कि हेमंत सरकार टार्गेट कर भाजपा के कार्यकताओं को झूठे केस में फंसा रही है। मरांडी ने कहा कि हेमंत सोरेन ईडी की कार्रवाई से डर कर भाग रहे हैं।

## चुनाव हारे हैं, मैदान नहीं : मरांडी

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने डुमरी उपचुनाव में एनडीए की हार पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि उपचुनाव हारे हैं, मैदान नहीं। बाबूलाल ने कहा कि डुमरी उपचुनाव परिणाम हेमंत सरकार की हार और तुष्टिकरण की जीत है। मरांडी ने डुमरी के मतदाताओं का एनडीए गठबंधन को बढ़ चढ़कर समर्थन देने के लिए आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि डुमरी उपचुनाव के नतीजों ने यह साबित कर दिया है कि जनता हेमंत सरकार के खिलाफ गोलबंद हो चुकी है। चुनाव परिणाम से स्पष्ट है कि यह हेमंत सरकार की पराजय और तुष्टिकरण की जीत है। मरांडी ने भाजपा के सभी कार्यकताओं का आभार प्रकट करते हुए कहा कि उनके परिश्रम और प्रयास के कारण ही एनडीए प्रत्याशी को 2019 के चुनाव से ज्यादा वोट प्राप्त हुए। वोट प्रतिशत भी बढ़ा है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि हेमंत सरकार की पूरी मशीनरी मतदाताओं को डराने धमकाने में जुटी रही।

## तकनीकी खेती | बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में दूसरे यूनिट का हुआ उद्घाटन

# मशरूम की खेती को बढ़ावा मिलेगा : डॉ. डीके शाही



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि संकाय अधीन पौध रोग विज्ञान विभाग द्वारा संचालित मशरूम उत्पादन यूनिट में मशरूम उत्पादन के दुसरे यूनिट का उद्घाटन शुक्रवार को संपन्न हुआ। डीन एग्रीकल्चर डॉ. डीके शाही ने फीता काटकर इस यूनिट का उद्घाटन किया। मौके पर डॉ डीके शाही ने आईसीएआर-नाहेप परियोजना के सौजन्य से मशरूम उत्पादन के यूनिट का नव निर्माण एवं सुसज्जीकरण के लिए आभार जताया। कुलपति डॉ. ओंकार नाथ सिंह की पहल एवं प्रयासों से ही यूनिट में सुविधाओं का विस्तार हुआ है और इससे मशरूम उत्पादन एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों को गति मिली है। कहा कि अब मशरूम उत्पादन का दो यूनिट कार्य करने लगेगा। कृषि स्नातक छात्र-छात्राओं को अनिवार्य एक्सपीरियंस लर्निंग कार्यक्रम में बेहतर सुविधा एवं साधन के साथ व्यावहारिक जानकारी मिलेगी। इससे विवि का आन्तरिक श्रोत भी बढेगा और बेहतर सुविधा के साथ किसानों के प्रशिक्षण कार्यक्रमों को भी बढ़ावा मिलेगा। डीन वानिकी एवं परियोजना अन्वेंषक (नाहेप) डॉ. एमएस मल्लिक ने मशरूम उत्पादन यूनिट के दो यूनिट के नव निर्माण, सुसज्जीकरण एवं सुविधाओं के विस्तार से वर्ष भर मशरूम उत्पादन की संभवना पर खुशी जताया। विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास एवं बीएयू विकास में नाहेप परियोजना के तहत आगे भी सहयोग देने की बात कहीं। डायरेक्टर सीड एंड फार्म डॉ एस कमार्कार ने कहा कि वर्षों बाद दोनों मशरूम उत्पादन यूनिट में आधुनिक सुविधा के मिलने से विवि में व्यावसायिक खेती एवं प्रशिक्षण को गति मिलेगी। पौधा रोग वैज्ञानिक डॉ. एचसी लाल ने बताया कि पुरानी यूनिट में प्रतिवर्ष औसतन चार से पांच क्विंटल ही विभिन्न प्रकार के मशरूम का उत्पादन होता था। पहले यूनिट के नव निर्माण के बाद अब प्रति माह चार से पांच क्विंटल बटन मशरूम का उत्पादन हो रहा है। एक कटाई में करीब 60-70 किलों मशरूम का उत्पादन प्राप्त हो रहा है। दूसरे यूनिट के नव निर्माण से अब प्रतिमाह करीब 8 से 9 क्विंटल मशरूम का उत्पादन संभव हो सकेगा। डॉ लाल ने बताया कि इस यूनिट में मशरूम की व्यावसायिक खेती के प्रशिक्षण के लिए युवक-युवतियां, गृहणी, किसान, उत्पादक एवं संस्थाएँ विशेष जानकारी लेकर निबंधन करा सकते है। मौके पर एसोसिएट डीन एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग ई डीके रुसिया, पौधा रोग वैज्ञानिक डॉ. एमके वर्णवाल तथा अधिदर्शक मुनी प्रसाद भी मौजूद थे।

## डुमरी उप चुनाव एआईएमआईएम के कुर्बानी की जीत : गंगोत्री कुजूर

**रांची।** भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर ने शुक्रवार को झामुमो प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि एनडीए उम्मीदवार यशोदा देवी चुनाव हारी नहीं है, बल्कि कुछ दलों ने कुबार्नी देकर झामुमो उम्मीदवार को जीत दिलाई है। उन्होंने कहा कि एआईएमआईएम उम्मीदवार को 2019 के चुनाव में मिले 24,132 वोट की जगह उप चुनाव में नोटा से भी कम केवल 3,462 वोट मिलना यह बताता है कि उप चुनाव जीतने के लिए राज्य सरकार ने सभी हथकंडे अपनाए। सत्ता और शासन का खुलकर दुरुपयोग किया गया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के इशारे पर जिस प्रकार तुष्टीकरण का नंगा नाच चल रहा उसमें लगातार और वृद्धि होगी। हेमंत सरकार ने वोट बैंक के आगे घुटने टेक दिए हैं। राज्य की जनता हेमंत सरकार की इस साजिश को भली भांति समझ चुकी है।

# स्व. जगरनाथ महतो के समर्पण का प्रतिफल है डुमरी उपचुनाव परिणाम : रानी कुमारी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल (महिला प्रकोष्ठ) की प्रदेश अध्यक्ष रानी कुमारी ने डुमरी विधानसभा उपचुनाव परिणाम पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि स्व. जगरनाथ महतो द्वारा पूर्व में जनहित के लिए किए गए कार्यों के आधार पर जनता ने आईएनडीआईए प्रत्याशी बेबी देवी को भारी मतों से जीत दिलाई है। उन्होंने कहा कि बेबी देवी की जीत का श्रेय डुमरी विधानसभा क्षेत्र की जनता को जाता है, जिन्होंने आइएनडीआइए गठबंधन के प्रति विश्वास जताते हुए अपना समर्थन दिया। रानी कुमारी ने कहा कि आईएनडीआईए गठबंधन में शामिल राष्ट्रीय जनता दल की ओर से डुमरी में निरंतर जनसंपर्क अभियान चला कर बेबी देवी के पक्ष में मतदान करने की अपील की गई, जिसका सकारात्मक परिणाम सामने आया। डुमरी की जनता ने विकास कार्यों के आधार पर आईएनडीआईए प्रत्याशी के समर्थन में मतदान किया। इसके लिए डुमरी की जनता के प्रति झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल ने आभार व्यक्त किया है। रानी कुमारी ने कहा कि झारखंड सहित पूरे देश की जनता भाजपा के चाल, चेहरे और चरित्र से भलिभांति परिचित हो चुकी है। सांप्रदायिक शक्तियों को शिकस्त देने के लिए डुमरी विधानसभा क्षेत्र की जनता ने पूर्व में ही कमर कस ली थी। जिसका परिणाम आज सामने है। उन्होंने आईएनडीआईए प्रत्याशी बेवी देवी के उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की कामना की साथ ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित गठबंधन में शामिल सभी दलों के प्रति आभार व्यक्त किया।
साथ ही महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष अनवरी खातून, अमरजीत कौर, सोनम देवी, शीला देवी, उमा कुमारी, गीता देवी, पूनम कुमारी को डुमरी विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान जनसंपर्क अभियान में सक्रिय रहने एवं अपना बहुमूल्य समय देने के लिए धन्यवाद दिया।

# गुवा गोलीकांड के शहीदों को मंत्री जोबा मांझी ने दी श्रद्धांजलि



**नवीन मेल संवाददाता**

**चाईबासा।** अलग झारखंड राज्य के आंदोलनकारी एवं गुवा गोलीकांड के शहीदों की स्मृति में 8 सितंबर दिन शुक्रवार को गुवा एवं सलाई में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया. सलाई स्थित शहीद स्थल पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में बतौर मुख्य अतिथि मंत्री जोबा मांझी ने शिरकत की तथा शहीदों को याद कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी. श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए जोबा मांझी ने कहा कि अलग झारखंड राज्य निर्माण एवं आदिवासी व मूलवासियों को जल जंगल जमीन का हक दिलाने में शहीद देवेंद्र मांझी व गुवा गोली कांड में शहीद हुए आंदोलनकारी नेताओं का अहम योगदान है. उनके सपनों को पूरा करना ही हम सबों शहीदों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी. जोबा मांझी ने हेमंत सरकार की उपलब्धियों की चर्चा करते हुए जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे जानकारी दी. साथ ही लोगों से अपने विधान सभा क्षेत्र में चल रहे सड़क, पुल पुलिया आदि विकास कार्यों के बारे बताया तथा सरकारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों को लेने के लिए कहा. इस मौके पर शहीदों को आजसू नेता सह मुखिया राजू सांडील, श्रमिक नेता मोहनलाल चौबे, झामुमो नेता सह जिला परिषद उपाध्यक्ष रंजित यादव, झारखंड आंदोलनकारी नेता अशोक वर्मा, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष मानुएल बेक, पूर्व जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष पंकज महतो, बंधना उरांव, किशोर खलखो, अजय कच्छप, अनिल भुइयां, अजहर अली, मो. उमर तबराक खान, सलन डांग समेत विभिन्न आदिवासी संगठन के लोगों ने आंदोलनकारी वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी.

## शहीदों को झारखंड पार्टी ने किया नमन

**चाईबासा।** झारखंड पार्टी के जिला कार्यालय सरजोमगुटू में शुक्रवार को जिला अध्यक्ष कोलम्बस हसंदा की अध्यक्षता में एक बैठक हुई. जिसमें सर्वप्रथम गुवा गोलीकांड के शहीदों को नमन कर दो मिनट का मौन रखा गया. मौके पर केंद्रीय सचिव सह प्रवक्ता महेन्द्र जामुदा ने कहा झारखंड सरकार आंदोलनकारियों को अभी तक सम्मान नहीं दे पाई है. झारखंड आंदोलनकारी चिन्हितीकारण आयोग का गठन तो कर दिया है. लेकिन अभी तक चिन्हित लोगों को सम्मान राशि, सम्मान पत्र, प्रतीक चिन्ह तक नहीं दिया गया है. विशेष मंत्रित सदस्य सह पूर्व सांसद दुर्गा प्रसाद जामुदा ने कहा कि झारखंड अलग राज्य बनने के बाद झारखंड में बीजेपी और कांग्रेस-झामुमो की गठबंधन सरकार को भी देख लिया. दोनों ने यहां के मूलवासी आदिवासियों के साथ छल ही किया है. ना नौजवानों को रोजगार मिल रहा है, ना स्कूल में शिक्षक है और न ही अस्पताल में डॉक्टर ही है, यहां सिर्फ लूट ही लूट हो रही है. झारखंड पार्टी ने बैठक के दौरान जिला कमेटी का विस्तार भी किया.



इसमें उपाध्यक्ष के रूप में सिगंराय हांसदा, पंडवीर पंचायत अध्यक्ष चन्द्र बेसरा, उपाध्यक्ष लंकेश्वर सुन्डी, सुदरिया तामसोय, महासचिव फ्रांसिस तामसोय, लगिया पंचायत अध्यक्ष सुनील पूर्ति, उपाध्यक्ष रूपलाल सलबुनिया, सिम्बिया पंचायत अध्यक्ष जयराम बारी, उपाध्यक्ष जग्गु दादा, मनोहरपुर प्रखंड अध्यक्ष संतोष कश्यप, कार्यकारी अध्यक्ष भीमसेन सन्डिल, महासचिव झ रंजीत नापित, सचिव आकाश सुलांकी, किशोर लोहार, कोषाध्यक्ष शिव कुमार सांडिल को बनाया गया. कार्यक्रम में मुख्य रूप से महिला जिला अध्यक्ष सरस्वती दुबे, जिला उपाध्यक्ष नितिन जामुदा, संगीता प्रजापति, पार्वती विश्वकर्मा, तुलसी कुदादा, पुजा रजक, डोली गोप, रातन कुमार गोप, गांगा गोप,गोविंद गोप, बलभद्र तियू,देवराज देवगम,उपेन्द्र कुम्हार, जगन्नाथ देवगम, बुधराम कुम्हार, दामू दुरईबुरु, भरत गोप, परमेश्वर गोप, गंगा कुमार, जगन्नाथ हेम्ब्रोम, छोटा सरकार गोप, बाल कृष्ण दोराईबुरु, धानु दोराईबुरु, चंद्र कुमार, सुधरिया तमसोय, काडे राम बुरुकुली, माडदा तमसोम, फ्रांसिस तमसोय, डोरसोना तामसोय, हरिचरण तामसोय, श्री राम सुंडी, दुराय बाहन्दा, मुकेश सुंडी, जामदार सुंडी, रूपलाल सालबुनिया, प्राण सुण्डी, सिंगराय हसदा, लालमोहन कुम्हार, जग्गू नाग, रेंसो बालमुचू, चंदन सुन्डी, राऊतू बालमुचू इत्यादि उपस्थित थे.

## काला बिल्ला लगाकर सिंदरी कॉलेज के शिक्षकों ने किया प्रदर्शन

### कॉलेज में सुरक्षा को लेकर उठाये सवाल



**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** सिंदरी कॉलेज में छात्रा से प्रोफेसर सुरेंद्र कुमार द्वारा कथित प्यार की मिठाई मांगने और प्रोफेसर सुरेन्द्र कुमार से मारपीट मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है. शुक्रवार 8 सितंबर को कॉलेज की महिला सेल सहित शिक्षकों और शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने कॉलेज परिसर को असुरक्षित बताते हुए काला बिल्ला लगाकर विरोध जताया. शिक्षकों ने कहा कि कॉलेज परिसर में एसआईएस गार्ड की उपस्थिति के बावजूद परिसर सभी के लिए असुरक्षित है. कोई भी बाहरी तत्व कॉलेज में शिक्षक के साथ मारपीट करता है और कोई कुछ नहीं करता. वहीं दूसरी ओर कथित छेड़खानी मामले में गुरुवार की देर रात छात्रा और शिक्षक दोनों पक्षों की ओर से एफआईआर दर्ज.कर लिया. सिंदरी थाना प्रभारी प्रभात कुमार सिंह ने बताया कि छात्रा की शिकायत पर प्रो सुरेंद्र कुमार पर छेड़खानी का आरोप लगाते हुए कांड संख्या 85/23 दर्ज किया गया. वहीं प्रो सुरेंद्र कुमार की लिखित शिकायत पर बजरंग दल विहिप जिला महामंत्री सोनू गिरी, रॉनी सिंह, रंजीत निषाद और छात्रा के पिता सुधीर कुमार पर अपमान करने और धक्का मुक्की करने का आरोप लगाते हुए कांड संख्या 86/23 दर्ज.किया है. उन्होंने बताया कि कांड दर्ज कर जांच की प्रक्रिया चल रही है. दूसरी ओर सिंदरी कॉलेज के प्राचार्य डॉ कमलाकांत पाठक द्वारा गठित महिला सेल और यौन उत्पीड़न निवारण समिति अभी जांच कर रही है. समिति ने बताया कि अभी तक छात्रा और उनके परिजनों, प्रो सुरेंद्र कुमार, शिक्षकों और शिक्षकेत्तर कर्मचारियों सहित कुल 8 लोगों का लिखित बयान दर्ज. किया गया है.

## जहरीले गैस से तीन बच्चे सहित कई जानवर आक्रांत

**धनबाद।** बीसीसीएल एरिया चार के भू-धंसान प्रभावित लकड़का दो नंबर बस्ती के समीप संचालित केजरीवाल आउटसोर्सिंग कंपनी के कार्यस्थल में शुक्रवार 8 सितंबर को लगी जबरदस्त आग से बस्ती के लोगों में हड़कंप मच गया. आग व धुंए के कारण निकल रही जहरीली गैस की जद में आकर वहां खेल रहे तीन बच्चे सहित कई जानवर बेहोशी की हालत में आ गए. गैस से प्रभावित बच्चों में सांस लेने की समस्या उत्पन्न हो गई. घटना के बाद उक्त स्थल पर बसे लोगो ने आक्रांत बच्चों को पानी का छिड़काव चेहरे पर कर उन्हें होश में लाया. जहरीली गैस के कारण आसपास बसे लोगो में बीसीसीएल प्रबंधक के प्रति जबरदस्त आक्रोश देखा जा रहा है. परियोजना में आग कैसे लगी इसकी जानकारी नहीं मिल सकी है. फिलहाल घटना को लेकर लोगो के बीच काफी अफरा तफरी का माहौल है.

### एनएच आरएन टैगोर हॉस्पिटल

## जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी के लिए पहला पूर्ण सक्रिय रोबोट स्थापित



**नवीन मेल संवाददाता**

रांची। एनएच आरएन टैगोर हॉस्पिटल, कोलकाता (नारायण हेल्थ की एक इकाई) ने हड्डी और जोड़ों के विकारों से पीड़ित रोगियों के लिए अधिक सटीकता, बेहतर गतिशीलता और तेजी से रिकवरी प्रदान करने के लिए पूर्ण एक्टिव रोबोटिक सिस्टम (सीयूवीआईएस) की स्थापना की घोषणा की है। इस क्रांतिकारी प्रगति का आधिकारिक तौर पर नारायण हेल्थ के मैनेजिंग डायरेक्टर और ग्रुप सीईओ डॉ. इमैनुएल रूपर्ट द्वारा अनावरण किया गया। इस एक्टिव रोबोटिक टेक्नोलॉजी की शुरूआत के साथ, अस्पताल ने टोटल नी रिप्लेसमेंट (टीकेआर) सर्जरी के लिए उन्नत समाधान पेश करके रोगी देखभाल सेवाओं में क्रांति ला दी है। अत्याधुनिक संयुक्त रोबोटिक प्रणाली को संपूर्ण घुटना रिप्लेसमेंट सर्जरी के अनुभव को बढ़ाने के लिए डिजाइन किया गया है और यह कुशल सर्जनों को सशक्त बनाएगा, दीर्घकालिक कार्यक्षमता को अनुकूलित करेगा और रोगियों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार करेगा। एनएच आरएन टैगोर हॉस्पिटल, कोलकाता में सीनियर कंसल्टेंट-आर्थोपेडिक्स, जॉइंट और रोबोटिक नी रिप्लेसमेंट सर्जरी डॉ. सूर्य उदय सिंह ने एक्टिव रोबोटिक प्रौद्योगिकी के माध्यम से जॉइंट सर्जरी के व्यापक लाभों पर जोर देते हुए कहा, ₹एक्टिव ज्वाइंट रोबोट सिस्टम की सर्जिकल परिशुद्धता हमारे रोगियों को कई लाभ प्रदान करेगी।

## चिरकुंडा के लोहा गोदाम में छापा, रेलवे का लोहा बरामद

**धनबाद।** चिरकुंडा थाना क्षेत्र के सोनारडंगाल स्थित सूरज इंटरप्राइजेज लोहा गोदाम में शुक्रवार 8 सितंबर की दोपहर करीब 12 बजे बराकर (पश्चिम बंगाल) के आरपीएफ इंस्पेक्टर पीयूष कांति के नेतृत्व में एक टीम ने छापेमारी की. छापेमारी की भनक लगते ही गोदाम संचालक सूरज ठठेरा सहित अन्य कर्मी फरार हो गये. आरपीएफ टीम ने गोदाम से रेलवे से जुड़े कई सामान बरामद की. टीम में शामिल आरपीएफ अधिकारी व जवान सादे लिवास में गोदाम पहुंचे थे. छापेमारी में रेल से संबंधित एक्सेल बॉक्स, कवर, बोगी स्प्रिंग, लाइन हेड और 5 फीट का रेल ट्रैक बरामद किया गया है. आरपीएफ अधिकारियों ने बताया कि रेलवे की मोटर चोरी की गुप्त सूचना पर सूरज इंटरप्राइजेज में जांच करने आये थे. लेकिन यहां तो रेलवे का ही भारी मात्रा में सामान भरा मिला.

## भाजपा की बैठक में संकल्प यात्रा के प्रचार पर जोर



**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** आगामी 27 सितंबर को झरिया विधानसभा में बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा को लेकर शुक्रवार 8 सितंबर को झरिया कतरास मोड स्थित भाजपा कार्यालय में भाजपा नेताओं की एक बैठक हुई. बैठक का नेतृत्व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह व अध्यक्षता भाजपा धनबाद महानगर जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह ने की. बताया गया कि 27 सितंबर को झरिया विधानसभा क्षेत्र के बस्ताकोला मंडल अंतर्गत आरएसपी कॉलेज प्रांगण में संकल्प यात्रा को बाबूलाल मरांडी संबोधित करेंगे. कार्यक्रम को लेकर बस्ताकोला मंडल अध्यक्ष समेत अन्य कार्यकताओं को कार्यक्रम की जिम्मेदारी सौंपी गई है. बैनर पोस्टर होर्डिंग व सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार प्रसार करने को लेकर कार्यकताओं को दिशानिर्देश दिया गया. कार्यकताओं को संबोधित करते हुए रागिनी सिंह ने ज्यादा से ज्यादा संख्या में कार्यकताओं को संकल्प यात्रा में शामिल होने का आह्वान किया. उक्त बैठक में गणेश मिश्रा, श्रीराम यादव, महावीर पासवान, रमेश राही, मानस प्रसून, संजय झा, उमेश यादव, वीरेंद्र हांसदा, श्रवण राय, राजकुमार अग्रवाल, धुर्व हरि, राजकिशोर जेना, स्वरूप भट्टाचार्य, संतोष शर्मा, सुमन अग्रवाल, पूनम देवी, दिलीप भारती आदि मौजूद थे.

## टाटानगर रेलवे लोको शेड में इंजन की चपेट में आकर कर्मी की मौत

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर परसुडीह थाना अंतर्गत विद्युत लोको शेड में शुक्रवार सुबह एक बड़ा हादसा हो गया. इंजन की चपेट में आकर रेल कर्मचारी 50 वर्षीय निसीर कुमार शेखर की मौत हो गई. कीताडीह निवासी निसीर कुमार शेखर रात्रि ड्यूटी में थे. सुबह-सुबह इंजन शंटिंग के दौरान वे इंजन की चपेट में आ गए जहां उनकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई. जानकारी मिलते ही रेलवे के कर्मचारी घटनास्थल पर पहुंचे और इसकी सूचना परसुडीह पुलिस को दी. इधर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है. जानकारी देते हुए उनके साथ काम करने वाले शशि मिश्रा ने बताया कि शेखर 97 बैच के रेलवे कर्मचारी थे.

## धनबादः एसएनएमएमसीएच के शिशु विभाग में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

### मची अफरातफरी, चिकित्सक, कर्मी व बच्चों को लेकर भागे दंपती

**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** सरायढेला स्थित एसएनएमएमसीएच के शिशु विभाग के ओपीडी में शुक्रवार 8 सितंबर को लगभग दस बजे शॉर्ट सर्किट से आग लगने से अफरातफरी मच गई. कर्मियों ने फौरन मेन स्वीच ऑफ कर दिया व दस मिनट के अंदर अग्निशामक यंत्र से आग पर काबू पा लिया. अग्निशमन विभाग की दमकल गाड़ी को बुलाने की जरूरत नहीं पड़ी. सूत्रों के अनुसार सुबह दस बजे माता-पिता अपने बच्चों को लेकर शिशु विभाग के ओपीडी में पहुंच रहे थे. ग्राउंड फ्लोर पर दस



बजे शिशु विभाग के चिकित्सक डॉ अविनाश भी पहुंच चुके थे. इसके अलावा प्रथम व दूसरी मंजिल पर भी मेडिसीन, सर्जरी, हड्डी, नेत्र, स्त्री-प्रसूति आदि अन्य विभागों के चिकित्सक भी मरीजों को देख रहे थे. तभी शिशु विभाग के ओपीडी में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की खबर फैली. सूचना मिलते ही ओपीडी भवन में अफरातफरी मच गई. शिशु विभाग समेत अन्य विभागों में भी धुआं फैलने लगा. पूरे ओपीडी भवन में भगदड़ मच गई.

## जमशेदपुर : सदर अस्पताल में महिला मरीज की मौत

**नवीन मेल संवाददाता**

**जमशेदपुर।** कोल्हान भर के सरकारी अस्पतालों की लचर स्वास्थ्य व्यवस्था अक्सर सुर्खियों में रहती है. बीते दिनों ही एमजीएम अस्पताल में इलाज में लापरवाही के कारण दो लोगों की मौत हो गई थी. यह मामला अभी शांत भी नहीं हुआ था कि अब सदर अस्पताल की लापरवाही से महिला की मौत का मामला प्रकाश में आया है. परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर इलाज में लापरवाही बरते जाने का आरोप लगाया है. दरअसल, टेल्को लक्ष्मीनगर निवासी 40 वर्षीय अनीता देवी को बुधवार की शाम तबीयत खराब होने पर इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था. अस्पताल में कहा गया कि सुबह होने पर डेंगू की जांच की जाएगी. हालांकि गुरुवार को अचानक उनकी बिगड़ गई. उन्हें इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल लाया गया जहां ईसीजी करने के दौरान ही उनकी मौत हो गई. अनिता देवी के बेटे आकाश ने बताया कि मां की तबीयत अचानक खराब हो गई थी. उन्हें बुधवार देर शाम सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था. अस्पताल में कहा गया कि जांच के बाद ही आगे का इलाज किया जाएगा और स्लाईन चढ़ा दिया गया. इलाज के दौरान मां बेड से नीचे गिर पड़ी पर उन्हें उठाने कोई नहीं आया. अस्पताल प्रबंधन से कई बार रेफर करने की बात भी कही गई पर उन्हें रेफर नहीं किया गया.

### खुशी का इजहार — गठबंधन के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने की आतिशबाजी

## बेबी देवी की जीत पर झामुमो का विजय जुलूस



**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** डुमरी विधानसभा उपचुनाव में आइएनडीआइए प्रत्याशी सह राज्य सरकार की मंत्री बेबी देवी की जीत पर गठबंधन के नेता और समर्थकों ने नेहरू मैदान से विजय जुलूस निकाला. जुलूस सूर्यदेव सिंह चौक पहुंचा जहां मिठाई बांट कर खुशी का इजहार किया. समर्थकों ने लड़ेगा इंडिया, जीतेगा इंडिया और जुड़ेगा भारत, जीतेगा इंडिया का नारा बुलंद किया. इस अवसर पर आतिशबाजी भी की गई. खुशी इजहार करते हुए झामुमो महानगर उपाध्यक्ष रामू मंडल ने कहा कि डुमरी के मतदाताओं ने एनडीए गठबंधन को ठुकरा दिया है. माकपा नेता विकास कुमार ठाकुर ने एनडीए गठबंधन पर कटाक्ष करते हुए कहा कि डुमरी में मतदाताओं ने जहरीले फूल और फल को कूड़ेदान में फेंक दिया है. जुलूस में गौतम प्रसाद, कृष्णा प्रसाद, विमल रवानी, मुनेश्वर यादव, ऋषि देव यादव, पिंटू यादव, राजीव मुखर्जी, सुबल चंद्र दास, शिबू राय, अनिल शर्मा, रामलायक राम, रामलाल महतो, सुभाष मंडल, मजीद खान, सोहन सोरेन, लोगेन हेंब्रम, किशुन महतो, संजू वर्मा सहित दर्जनों लोग शामिल थे.

## बोकारो : राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप में डीपीएस चास के दो छात्रों ने जीते कांस्य

**नवीन मेल संवाददाता**

**बोकारो।** ताइक्वांडों फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से 1 से 4 सितंबर तक में आयोजित 14वीं ओपन राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप में डीपीएस चास के दो छात्रों ने कांस्य पदक जीतकर विद्यालय सहित पूरे जिले का नाम रोशन किया है. इन छात्रों में कक्षा-3 के हार्दिक ने अंडर-23 किलो वर्ग के सब जूनियर वर्ग में कांस्य पदक जीता. वहीं कक्षा-6 के अक्षत ने अंडर 38 किलो के सब जूनियर वर्ग में पदक जीता. 8 सितंबर को डीपीएस चास में कार्यवाहक प्राचार्या दीपाली भुस्कुटे ने दोनों खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए बधाई दी. मौके पर चीफ मेंटर डॉ. हेमलता एस मोहन, मुरलीधरन नारायणस्वामी, दीपाली भुस्कुटे, नवीन शर्मा, जोस थॉमस, सुरेश अग्रवाल आदि ने भी दोनों खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की. बता दें कि इस राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में 25 राज्यों से करीब एक हजार खिलाड़ियों ने भाग लिया था. मौके पर खेल शिक्षक सह कोच राहुल प्रताप मौजूद रहे.

## स्वास्थ्य मंत्री का जनसुनवाई कार्यक्रम आज, तैयारी पूरी

**जमशेदपुर।** चाकुलिया नगर पंचायत स्थित टाउन हॉल में नौ सितंबर को स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता का जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित होगा. इस कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे भी उपस्थित रहेंगे. बता दें कि आईसीसी अध्यक्ष एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के निर्देश पर जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है. इसी के तहत यह जनसुनवाई आयोजित की जा रही है. इसमें स्वास्थ्य मंत्री लोगों की समस्याओं को सुनेंगे तथा उनका निराकरण करेंगे. इस कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य, प्रमुख, उप प्रमुख, पंसस, मुखिया, उप मुखिया, ग्राम प्रधान और सामाजिक संगठनों को भी आमंत्रित किया गया है. इसकी जानकारी कांग्रेस के मंडल अध्यक्ष पुरुषोत्तम वाल्मीकि ने दी है.

### स्वागत के लिए कार्यक्रम स्थल सज-धज कर तैयार

# भाजपा का संकल्प यात्रा आज



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग के जिला स्कूल परिसर में शनिवार को भाजपा की संकल्प यात्रा होगी. इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है. भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी सूबे के सभी 81 विधानसभा क्षेत्रों में संकल्प यात्रा और जनसभा कर रहे हैं. इस संकल्प यात्रा को कुल सात चरणों में बांटा गया है. प्रथम चरण की शुरूआत 17 अगस्त से साहिबगंज जिले के बरहेट विधानसभा से की गई और इसका समापन 10 अक्तूबर को हटिया-रांची विधानसभा के जनसभा के साथ मोराबादी मैदान में जनसभा के माध्यम से होगा. सदर विधायक मनीष जायसवाल ने शुक्रवार को जनसभा स्थल जिला स्कूल मैदान का निरीक्षण किया. सदर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों और शहरी क्षेत्र में लगातार जनसंपर्क अभियान के माध्यम से संकल्प यात्रा के स्वागत और जनसभा में शामिल होने के लिए वह लोगों को निमंत्रण दे रहे हैं और अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर जनसभा को सफल बनाने की अपील भी कर रहे हैं. शहर के सभी प्रमुख चौक-चौराहों, कार्यक्रम स्थल और संकल्प यात्रा रूट को भगवा झंडे और बैनर-पोस्टर से पाट दिया गया है. कार्यक्रम स्थल पर तोरण द्वार बनाए गए हैं और विशाल मंच के साथ जनता के बैठने के लिए टेंट का निर्माण किया गया है. हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र में प्रचार वाहन के माध्यम से सूचना भी दी जा रही है. भाजपा की संकल्प यात्रा और जनसभा को लेकर हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने बताया कि झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद यह पहला संगठनात्मक कार्यक्रम है और इसे हजारीबाग विधानसभा में ऐतिहासिक बनाने की पूरी तैयारी है. उन्होंने बताया कि इस संकल्प यात्रा और जनसभा के माध्यम से झारखंड की वर्तमान सरकार को उखाड़ फेंकने और झारखंड के स्वर्णिम भविष्य के निर्माण के लिए लोग संकल्प लेंगे. उन्होंने यह भी बताया कि संकल्प यात्रा के माध्यम से बाबूलाल मरांडी का सदर विधानसभा क्षेत्र के सदर प्रखंड स्थित नगवां टोल प्लाजा में पुरजोर स्वागत होगा. यहां से विशाल बाइक रैली के साथ उन्हें डिस्ट्रिक्ट बोर्ड चौक तक लाया जाएगा, जहां से गाजे-बाजे और ढोल-ताशा के साथ पारंपरिक तरीके से स्वागत करते हुए पैदल कार्यक्रम स्थल तक पहुंचाया जाएगा.

## कृषि मंत्री बादल पत्रलेख से मिलने के बाद हल्ला बोल कार्यक्रम स्थगित

### अकाल के मुद्दे पर मंत्री ने समाधान का दिया आश्वासन

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** झारखंड के कृषि व पशुपालन मंत्री बादल पत्रलेख से मिलने के बाद बरकट्ठा के पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने हल्लाबोल कार्यक्रम को स्थगित कर दिया. दरअसल रांची स्थित राजकीय अतिथिशाला में पूर्व विधायक के नेतृत्व में विधानसभा स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री को 14 सूत्री मांग पत्र सौंपा. पत्र के माध्यम से मंत्री को बताया गया कि बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र सहित पूरे झारखंड प्रदेश में अकाल की स्थिति है. वर्षा न होने के कारण पानी के अभाव में नदी, नाले, कुआं, चैकडैम और तालाब सभी सूख गए हैं. बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र कृषि पर आत्मनिर्भर क्षेत्र हैं. भदई फसल, मड़ुआ, मकई, कोदो, गोंदली, घंघरी, बरई आदि के पौधे निकले ही नहीं. किसानों के पास जो पूंजी थी, वह बिचडा लगाने में ही खत्म हो चुकी है. फसल बचाने की उम्मीद समाप्त हो चुकी है. किसान पूरी तरह से हताश व निराश हैं.



### आंदोलन उचित नहीं, मांगे जायज : बादल पत्रलेख

मंत्री बादल पत्रलेख ने इसे गंभीरता से लेते हुए कहा कि उनलोगों की मांगें जायज हैं. मांग निश्चित तौर पर जल्द पूरा किया जाएगा. कृषि मंत्री ने कहा कि आंदोलन करना अभी उचित नहीं रहेगा. इस पर पूर्व विधायक ने 14 सितंबर को होने वाला किसानों का हल्ला बोल आंदोलन को तत्काल स्थगित करने का निर्णय लिया है. प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से किसान हल्ला बोल आंदोलन के अध्यक्ष, पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष सह मुखिया प्रतिनिधि बसंत साव, चलकुशा प्रखंड़ प्रमुख प्रतिनिधि दीपक चौधरी, मुखिया संघ अध्यक्ष चलकुशा आलोक कुमार सिंह, पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि सह मुखिया प्रतिनिधि केदार यादव, पूर्व विधायक प्रतिनिधि महावीर यादव, पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष बीरेंद्र मोदी, पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष दशरथ यादव, चौबे मुखिया प्रतिनिधि अनुज रवि, राजेंद्र कुमार मेहता, आशीष मेहता, मनोहर चौधरी, महेंद्र प्रसाद आदि शामिल थे.

## शिक्षित भारत, सफल भारत विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन




**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** विश्व साक्षरता दिवस के अवसर पर 8 सितम्बर को हिंदी विभाग, राधा गोविंद विश्वविद्यालय, रामगढ़ द्वारा 'शिक्षित भारत सफल भारत' विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी.एन.साह, राधा गोविंद शिक्षा स्वस्थ्य ट्रस्ट की सचिव प्रियंका कुमारी, कुलसचिव डॉ. निर्मल कुमार मंडल, परीक्षा नियंत्रक डॉ. अशोक कुमार, विवि प्रबंधकारिणी समिति के सदस्य अजय कुमार, हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. मनमीत कौर, डॉ. अंजनी कुमार मिश्रा, डॉ. सत्येन्द्र कुमार सहित अन्य व्याख्यातागण भी उपस्थित रहे। मौके पर कुलाधिपति ने सभी को विश्व साक्षरता दिवस की शुभकामनाएं दी एवं अपने संबोधन में कहा कि जन-जन तक शिक्षा को पहुँचाना ही राधा गोविंद विश्वविद्यालय का मुख्य उद्देश्य है। वहीं, कुलसचिव ने कहा कि परिवर्तनशील दुनिया में साक्षरता को बढ़ावा देना तथा स्थाई व शांतिपूर्ण समाज की नींव का निर्माण करना हम सभी का लक्ष्य होना चाहिए। विभागाध्यक्ष डॉ. मनमीत कौर ने अपने संबोधन में साक्षरता एवं शिक्षा के महत्व व आवश्यकता पर अपनी बातें विस्तार से रखीं। डॉ. अंजनी कुमार मिश्रा ने साक्षरता एवं शिक्षा को व्यक्ति व राष्ट्र के निर्माण से जोड़कर अपनी बातें कहीं। डॉ. सत्येन्द्र कुमार ने कहा कि शिक्षा व्यक्ति को स्वतंत्र एवं जागरूक बनाने में मदद करती है, फिर चाहे इसका स्वरूप औपचारिक हो या अनौपचारिक। इस कार्यक्रम में विभाग के स्नातक व स्नातकोत्तर कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने अपनी सक्रिय सहभागिता निभाई और अपने-अपने विचार रखें।

### कल ओशो फ्रेगरेंस सत्संग का आयोजन

**रामगढ़।** थाना चौक स्थित गणक मैरेज हॉल में 10 सितंबर को दोपहर 2:30 बजे से ओशो फ्रेगरन्स सत्संग व लाइव वीडियो का आयोजन किया है। जिसमें स्वामी शैलेन्द्र सरस्वती मां अमृत प्रिया लाइव उपस्थित होकर ध्यान व प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम करवायेंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आचार्य प्रभाकरजी एवं मां ध्यान रश्मि जी उपस्थित रहेंगे। इस संबंध में रामगढ़ फ्रेगरेन्स परिवार के मुख्य आयोजक संजय गुप्ता ने बताया कि हजारों की संख्या में ओशो साधक एवं सन्यासी कार्यक्रम में शामिल होंगे। बताया रामगढ़, रांची,बोकारो,आदि स्थानो से कार्यक्रम में शामिल होने के लिए साधक पहुंचेंगे। वहीं, कार्यक्रम के दौरान साधकों की सेवा में बिंदु सिंह,अजय गुप्ता,नरेंद्र कुमार, श्याम जी, यादव जी, मनोज, कृष्णकांत, अनिल जी, दीपा वर्मा, बबिता, माला गुप्ता, संगीता देवी अपना योगदान देंगे।

## रामगढ़ : जागरुकता एवं स्वास्थ्य समृद्धि वाहन को डीसी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** केंद्र प्रायोजित मिशन सक्षम आंगनबाड़ी एवं पोषण 2.0 के तहत पूरे देश में 1 सितंबर से 30 सितंबर तक राष्ट्रीय पोषण माह के रूप में मनाया जा रहा है. इसी क्रम में शुक्रवार को राष्ट्रीय पोषण माह के तहत जागरुकता वाहन एवं स्वास्थ्य समृद्धि वाहन परियोजना के तहत संचालित वाहन को हरी झंडी दिखाकर डीसी ने समाहरणालय परिसर से रवाना किया. मौके पर डीसी चंदन कुमार ने जागरुकता वाहन एवं स्वास्थ्य समृद्धि वाहन के माध्यम से राष्ट्रीय पोषण माह के तहत किए जाने वाले कार्यों की जानकारी जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कनक तिर्की से ली. जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने डीसी को जागरुकता वाहन के रोस्टर की विस्तृत जानकारी दी. वहीं स्वास्थ्य समृद्धि वाहन के माध्यम से पतरातू प्रखंड अंतर्गत बिचा पंचायत में लगाए जाने वाले कुपोषण उन्मूलन शिविर की भी जानकारी दी. जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने डीसी को बताया कि स्वास्थ्य समृद्धि वाहन के माध्यम से आंगनबाड़ी केंद्रों व लोगों को अपने घरों के आसपास न्यूट्री किचन गार्डन स्थापित करने के लिए प्रेरित किया जाएगा वहीं इसके माध्यम से उन्हें होने वाले फायदे को लेकर भी जागरूक करने का कार्य किया जाएगा. वहीं स्वास्थ्य समृद्धि वाहन द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों व ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को हरी पत्तेदार सब्जियां, यथा साग, भिंडी, फ्रेंच बीन आदि के बीच का वितरण भी किया जाएगा. इस दौरान सिविल सर्जन रामगढ़ डॉ. महालक्ष्मी प्रसाद, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. स्वराज, चिकित्सक शशि भूषण खलखो, राजकुमारी फाउंडेशन के कर्मियों सहित अन्य उपस्थित थे.



### श्री गुरुनानक पब्लिक स्कूल में विश्व साक्षरता दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़ ।** शहर के श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में 8 सितम्बर को अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन स्कूल की लाइब्रेरी में किया गया। जिसमें कक्षा 3 के छोटे बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लिया। कक्षा 3 के सभी छात्रों ने विभिन्न किताबें पढ़ीं जिससे उनकी शब्दावली और संचार कौशल में सुधार हुआ। वे खुशी-खुशी विभिन्न कहानियों की किताबें भी पढ़ते हैं। कक्षा में उनके लिए बुकमार्क बनाने की गतिविधि का आयोजन किया गया। बच्चों ने किताबें पढ़ने पर नजर रखने में मदद के लिए अपने लिए रंगीन और जीवंत बुकमार्क बनाए। मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य हरजाप सिंह ने अपने प्रेरक शब्दों से उनकी रचनात्मकता को प्रोत्साहित किया। उन्होंने छात्रों को विज्ञान कथा से संबंधित कुछ दिलचस्प किताबों के बारे में भी सुझाव दिया। मौके पर अध्यक्ष सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा , उपाध्यक्ष सरदार परमिंदर सिंह जस्सल, सरदार कुलजीत सिंह कालरा, उपाध्यक्ष सह-प्रबंधक सरदार मनमोहन सिंह लांबा, स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य सरदार परमजीत सिंह चमन, सरदार हरदीप सिंह, सरदार पुष्विंदर सिंह छाबड़ा, सरदार कुलजीत सिंह छाबड़ा, सरदार इंद्रपाल सिंह सैनी, सरदार ब्रह्म भसीन, सरदार विक्रमजीत सिंह कोहली, मीडिया प्रभारी सरदार करमजीत सिंह जग्गी भी मौजूद रहे।

## हजारीबाग में दर्जन भर डेंगू मरीज की पुष्टि, असम से लौटा एक युवक भी पीड़ित

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग के कटकमसांडी स्थित लुपुंग निवासी दिलीप कुमार (28 वर्ष) डेंगू से पीड़ित पाए गए हैं. वह 15 दिन पहले असम से लौटे थे. उनकी तबीयत बिगड़ने पर निजी क्लिनिक में उनका इलाज कराया गया. वहां डेंगू के लक्षण मिलने पर उन्हें शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया गया. रक्त जांच में उन्हें डेंगू होने की पुष्टि की गई. इसके साथ ही हजारीबाग जिले में अब तक दर्जनभर मरीजों के डेंगू पॉजिटिव होने की पुष्टि की गई. हालांकि सभी मरीज स्वास्थ्य लाभ लेने के बाद स्वस्थ हैं. वीबीडी पदाधिकारी डॉ. कपिल मुनि प्रसाद



के मुताबिक अब तक 55 मरीजों की जांच डेंगू के लक्षण के आधार पर की गई, जिसमें 12 पॉजिटिव निकले. सभी का बेहतर ढंग से इलाज कर एहतियात बरतने की सारी जानकारी दे दी गई है. जिला प्रशासन की ओर से इसके लिए एडवाइजरी भी जारी की जा चुकी है.

### सभी डेंगू मरीज प्रवासी हैं

इससे पहले चौपारण के खान मुहल्ला निवासी और दनुआ की सहायक अध्यापिका रौनक आरा (43) और चैथी मोड़ की रहनेवाली विनोबा भावे विश्वविद्यालय की छात्रा रूही कुमारी (22 ) जांच के बाद डेंगू पॉजिटिव पायी गई थीं. वहीं सबसे पहला डेंगू मरीज विष्णुगढ़ में मिला था. करीब-करीब सभी मरीज प्रवासी हैं, जो कहीं-न-कहीं बाहर से आए.

### बेबी देवी की जीत पर झामुमो व कांग्रेसियों ने मनाया जश्न

**हजारीबाग।** झारखंड की डुमरी विधानसभा उपचुनाव में पूर्व मंत्री जगन्नाथ महतो की पत्नी बेबी देवी की भारी मतों से जीत पर झामुमो व कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने बड़कागांव में शुक्रवार को जमकर जश्न मनाया. कार्यक्रम की अध्यक्षता झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड मुख्य संयोजक संजय सिंह ने की. इस दौरान कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर व दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशियां मनाईं और डुमरी विधानसभा की जनता को बधाई दी. मौके पर झामुमो के मुख्य संयोजक संजय सिंह, 20 सूत्री अध्यक्ष हाजी तबस्सुम, कांग्रेस जिला महासचिव पंकज गुप्ता, कांग्रेस नेता पंकज कुमार, इलियास अंसारी, संजय भुइयां आदि लोग उपस्थित थे.

## बरही में मटका फोड़ प्रतियोगिता पडरिमा की टीम बनी विजेता

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** धनबाद रोड स्थित यादव धर्मशाला में हर्षोल्लास के साथ जन्माष्टमी मनाई गई. इस अवसर पर मटका फोड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई. इसमें बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सह भाजपा नेता मनोज कुमार यादव ने कहा कि मटका फोड़ कार्यक्रम भगवान कृष्ण के जीवन चरित्र से जुड़ा आस्था एवं विश्वास का प्रतीक माना जाता है. इस कार्यक्रम के माध्यम से समाज में सहयोग की भावना की उत्पत्ति होती है. उन्होंने विजेता टीम पडरिमा को प्रोत्साहन राशि व कप देकर सम्मानित किया. प्रतियोगिता में हरला, पडरिमा, कारीमाटी, डिफेंस एकेडमी बरही, पोड़ैया सहित छह टीमों ने भाग लिया. भारी संख्या में मौजूद दर्शकों ने रोमांचक मटका फोड़ कार्यक्रम का लुप्त उठाया. इसके अलावा कीर्तन मंडली ने भजन प्रस्तुत किया, जिसमें दर्जनों गांवों से आए लोग शामिल हुए. कार्यक्रम की अध्यक्षता जन्माष्टमी समिति के अध्यक्ष युगल किशोर यादव और मंच संचालन कोषाध्यक्ष बिनोद यादव ने किया. इसके अलावा जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, डिग्री कॉलेज के सचिव परमेश्वर गोप, सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साव, विहिप सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता, बरही प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष विजय यादव आदि मौजूद रहे.

### चौपारण : शिलापट्ट में नाम नहीं होने से स्थानीय जनप्रतिनिधियों में नाराजगी

**बरही।** चौपारण में शिलान्यास शिलापट्ट में पंचायत जनप्रतिनिधियों का नाम नहीं होने से उनमें काफी नाराजगी है. इस संदर्भ में चौपारण मुखिया संघ के अध्यक्ष वीरेंद्र रजक ने नाराजगी जताते हुए कहा कि योजनाओं के लिए ग्राम सभा पंचायत स्तर पर होती है. वहीं डीसी ने स्पष्ट रूप से कहा है कि कोई भी योजना हो, उसमें चौपारण प्रमुख, उप प्रमुख, स्थानीय मुखिया, पंचायत समिति सदस्य व वार्ड सदस्य का नाम अंकित हो. बावजूद विभाग संग सांसद व विधायक ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों को अपमानित करने का कार्य किया है. उन्होंने कहा कि मुखिया संघ इसकी घोर निंदा करती है. इस संदर्भ में डीसी व पंचायती राज अधिकारी से मिलकर बात रखेंगे.

### बेबी देवी की जीत पर राजद ने बांटी मिठाइयां

**हजारीबाग।** राजद प्रदेश कार्य समिति सदस्य, समाजसेवी सह शांति समिति सदस्य संजर मलिक ने डुमरी विधानसभा में इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी बेबी देवी की जीत पर अपने सहयोगियों के साथ खुशी मनाई. हजारीबाग में उन्होंने शुक्रवार को मिठाइयां बांट आतिशबाजी की और नारे लगाए. साथ ही कहा कि उप चुनाव में नफरत की हार तो झांकी है, पूरे देश में 24 के मुहब्बत की लहर देखनी अभी बाकी है. इस मौके पर मुबारकबाद देने वालों में अफजल खान, रोहित राय, माजिद अंसारी, भोला ठाकुर, नसीम राही, गोपाल यादव, सैयद तबरेज अख्तर, लियाकत रउफ, आबिद हुसैन आदि शामिल थे.

**मामला** जेल अस्पताल में भर्ती बंदी मरीजों के भोजन के नाम पर 50 लाख रुपए का गड़बड़झाला

# न डॉक्टर से हस्ताक्षर, न नियमानुसार भोजन

- सवा सौ बंदियों के भोजन के लिए निकाली 19 माह की राशि
- भर्ती बंदी मरीज के एक दिन के भोजन पर 85 रुपये खर्च

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** जयप्रकाश नारायण केंद्रीय कारागार स्थित अस्पताल में भर्ती बंदी मरीजों के भोजन के नाम पर 50 लाख रुपये का गड़बड़झाला सामने आया है. मामला दो साल पहले का है. जनवरी 2021 में करीब 100 से 125 बंदी जेल अस्पताल में भर्ती थे. कोरोना काल में भर्ती बंदी मरीजों को जो भोजन दिया गया, उसकी राशि नियमानुसार नहीं निकाली गई. न ही डॉक्टर से राशि निकासी के लिए हस्ताक्षर लिए गए और न पुर्जे पर लिखे मेन्यू के अनुसार बंदी मरीजों को भोजन दिया गया. यह खेल अगस्त 2022 के आसपास तक चलता रहा. यह लगभग 50 लाख रुपये की निकासी का मामला बताया जा रहा है. दरअसल, केंद्रीय कारा में करीब 1800 बंदी हैं. उनके भोजन पर एक दिन में करीब 85 रुपये खर्च की बात कही जाती है. ऐसे में जेल अस्पताल में भर्ती करीब 100 बंदियों पर 8500 रुपये दैनिक खर्च बताया गया. वहीं, 50 लाख रुपये निकाले जाने में डॉक्टर के काउंटर साइन का प्रावधान बताया जाता है. लेकिन कहीं भी डॉक्टर के हस्ताक्षर न लेने की बात कही गई. इस मामले पर तब और सवाल उठा, जब डॉक्टर के जेल में रहते उनसे हस्ताक्षर नहीं कराया गया. आखिर इसकी क्या वजह थी? दिलचस्प बात यह है कि निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी भी जेल अधीक्षक ही होते हैं. जेल से छूटे बंदी कटकमसांडी के पबरा निवासी शिवकुमार उर्फ शिबू ने कहा कि जेल अधीक्षक कुमार चंद्रशेखर के पूरे कार्यकाल की उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए. जब वह जेल में थे, तो सारा खेल देखा. मुलाकाती से लेकर भोजन तक में लेन-देन की प्रथा है. जेल के अंदर विधि-व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त है. जेल अधीक्षक बंदियों के साथ मनमाना आचरण करते हैं. अंदर सिर्फ उन्हीं की हुकूमत चलती है. जेल कर्मी भी उनके इशारे पर ही नियमों को ताक पर रख कर सब कुछ करते हैं. जेपी केंद्रीय कारा में अंदरखाने की हालत इस घटना से समझी जा सकती है कि गुरुवार को दो बंदी आपस में भिड़ गये.



फिर जमादार ने बंदी की इतनी पिटाई कर दी कि उसका पांव जख्मी हो गया. बताया जाता है कि लातेहार निवासी सुनील शर्मा को 2019 में चतरा से यहां लाया गया था. उसे एक दबंग बंदी ने बुरी तरह पीट दिया. सूचना मिलने पर वहां जमादार पहुंचे. पूरी बात जानने के बाद सुनील को इतना पीटा कि उसका पांव जख्मी हो गया. फिर उसे पुलिस लाइन से सुरक्षा बल बुलाकर सदर अस्पताल भेजा गया. फिर एक निजी अस्पताल में एक्स-रे कराने के बाद जेल भेज दिया गया. इस संबंध में जेल अधीक्षक कुमार चंद्रशेखर ने कहा कि ऐसा कोई मामला नहीं है. कोई उनके खिलाफ षड्यंत्र कर रहा है. कोई प्रशिक्षु आईएएस वगैरह जांच में आई थीं.

### मरकच्चो प्रखंड स्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता शुरू

# 'खेल से बच्चों का सर्वांगीण विकास'




**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** मरकच्चो प्रखंड स्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता 2023-24 की शुरूआत शुक्रवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित स्टेडियम में हुई. दो दिवसीय प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख विजय कुमार सिंह, बीडीओ पप्पू रजक और मुखिया रंजीत कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया. कार्यक्रम का आयोजन झारखंड सरकार का स्कूली शिक्षा एंव साक्षरता विभाग द्वारा किया गया है. प्रतियोगिता में प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया. प्रतियोगिता के पहले दिन सौ मीटर, दो सौ मीटर चार सौ मीटर की दौड़, रिले दौड़, गोला फेंक, भाला फेंक, बॉलीबाल आदि की प्रतियोगिता हुई. प्रतियोगिता मे प्रथम द्वितीय व तृतीय आये छात्र छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया. वहीं प्रखंड प्रमुख विजय कुमार सिंह ने कहा कि समाज को जोड़ने की शक्ति खेल में है. खेल ना सिर्फ शारीरिक विकास बल्कि समाज के विकास में भी अति महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है. खेल बच्चो की प्रतिभा को निखारने के साथ-साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास में भी सहयोगी बनता है. वहीं बीडीओ ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता से बच्चों मे शिक्षा के साथ साथ-साथ खेलो में भी रूचि बनी रहेगी. मौके पर बीईईओ जगरनाथ प्रसाद, बीपीओ बबिता कुमारी, आनंद शेखर, साकिब महमूद, संजय यादव, क्षमावती महेश यादव, आशुतोष कुमार, सिताराम रजक, उपेंद्र सिँह आदि मौजूद थे.

# लचरागढ़ फुटबॉल टूर्नामेंट का महामुकाबला

### मौके पर पहुंचे पूर्व मंत्री एनोस एक्का




**नवीन मेल संवाददाता**

**कोलेबिरा।** लचरागढ़ फुटबॉल क्लब द्वारा आयोजित स्वर्गीय सूरजमल अग्रवाल,स्वर्गीय रघुनंदन साव, स्वर्गीय स्कोलास्टिका डांग स्मृति फुटबॉल कप प्रतियोगिता का दूसरे दिन कुल चार मैच खेला गया प्रथम मैच एच.एल.टी राजगंगपुर एफ.सी.और सारंडा टाइगर्स, द्वितीय मैच जोहार झारखंड ऐडेगा और क्लासिक किलर्स तृतीय मैच जय महाकाल एफ.सी. और सोनु ब्रिक्स कोम्बाकेरा और अंतिम मैच पी.के.चैलेंजर्स और निशान क्लब सीजांग के बीच खेला गया इस प्रतियोगिता पूर्व मंत्री एनोस एक्का, पप्पू अग्रवाल जिला समिति सदस्य झापा,ललन प्रसाद सलाहकार,पिंटु सिन्हा, सत्येन्द्र ठाकुर,अमनखेश, चिराग बाड़ा और संध्या डांग के साथ झापा के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। सभी अतिथियों के द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया गया खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का ने कहा कि मैं आयोजन समिति को धन्यवाद देना चाहूंगा की झारखंड पार्टी के सच्चे सिपाही के रूप में कार्य करते हुए इस आयोजन को सफल बनाने में अपना योगदान दे रहे हैं सभी खिलााड़ी खेल के माध्यम से उज्जवल बनाने में आगे बढ़े झारखंड पार्टी शुरू से खेल को बढ़ावा देती आई है और आगे भी जो भी अच्छे खिलाड़ी होंगे उनका सहयोग करने के लिए हमेशा आगे रहेगी और झारखंड पार्टी इस प्रकार का खेल प्रत्येक प्रखंड में करवा रहे हैं जिससे कि हर प्रखंड के खिलाड़ी अपने प्रखंड में खेल का प्रदर्शन कर सके। प्रथम मैच एच.एल.टी राजगंगपुर एफ.सी. और सारंडा टाइगर्स के बीच खेला गया जिसमें 1-0 से राजगंगपुर टीम,द्वितीय मैच जोहार झारखंड ऐडेगा और क्लासिक किलर्स जिसमें 2-0 से जोहार झारखंड ऐडेगा वहीं तृतीय मैच जय महाकाल एफ.सी. और सोनु ब्रिक्स कोम्बाकेरा जिसमें जय महाकाल 2-0 से विजयी हुई और अंतिम मैच पी.के.चैलेंजर्स और निशान क्लब सीजांग के बीच खेला गया मौके पर अध्यक्ष आशीष साहू, उपाध्यक्ष फुलकेरिया डांग, कुलेश सिंह, संजीव कुमार साहू,सचिव दीपक पंडा, सह सचिव प्रवीण कुमार साहू, कोषाध्यक्ष विनय अग्रवाल,सह कोषाध्यक्ष अमित पंडा, मुख्य सलाहकार विनीत पंडा, मीडिया प्रभारी अविनाश साहू,सह मीडिया प्रभारी आनंद पंडा,संयोजक क्लेमेंट टेटे,सह सचिव राजेश साहू, प्रवक्ता धर्मवीर सिंह आदि उपस्थित रहे।

## कोडरमा : किसानों को दी गयी ट्रेनिंग, मोटा अनाज पर फोकस



**कोडरमा।** झुमरी तिलैया बाजार समिति स्थित ई किसान भवन में किसानों को मोटा अनाज से संबंधित ट्रेनिंग दी गई. ट्रेनिंग में लगभग 100 से अधिक किसान शामिल हुए. मौके पर बाजार समिति के सचिव खुद किसानों को सभी प्रकार की मशीनों की जानकारी दें रहे थे. ट्रेनिंग देने का मुख्य लक्ष्य था कि किसानों के माध्यम से लोगों तक मोटा अनाज को पहुंचाना. वह भी नये स्वरूप में. मौके पर मोटा अनाज मडुआ के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया. जैसे कि मडुआ से लड्डू बनाना, केक बनाना, बिस्किट्स बनाना. आज के बच्चे मोटा अनाज को खाना नहीं चाहते हैं इसलिए मोटा अनाज की ऐसी चीजें बनाया जाय जो बच्चों को भाये. बच्चे मोटा अनाज का उपयोग करें. इससे बच्चे जल्दी बीमार नहीं पड़ते हैं. बाजार समिति के सचिव ने बताया कि किसानों को बहुत सारी मशीनों के बारे में जानकारी दी गई. किसान पहचान सके कि कौन सा अनाज अच्छा है. ट्रेनिंग में किसानों को बताया गया कि बाजार समिति में आलू चिप्स की यूनिट भी लगायी जायेगी. बाजार समिति में दो कोल्ड रूम बनाया जा रहा जो कि 15 एमटी का होगा. इससे आलू चिप्स को स्टोर करने में सुविधा होगी.

## बेबी देवी की जीत से झामुमो में उत्साह

**कोडरमा।** डुमरी विधानसभा उपचुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रत्याशी बेबी देवी की जीत से झामुमो कार्यकताओं में उत्साह है. कोडरमा विधानसभा के डोमचांच प्रखंड कमेटी ने जीत पर बधाई दी है. झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष विश्वनाथ राय ने कहा कि डुमरी उपचुनाव में सच्चाई की जीत हुई और झूठ की हार हुई है. डुमरी की जनता ने स्वर्गीय जगरनाथ महतो के कार्यकाल को सराहा है. बेबी देवी को भारी मतों से जनता ने जीत दिलाई. बधाई देने वालों में प्रखंड डोमचांच विश्वनाथ राय, केन्द्रीय समिति बैजनाथ मेहता, प्रखंड सचिव असरफ अंसारी, नन्द किशोर मेहता, युवा नेता सालेन्दर सिंह, डोमचांच नगर अध्यक्ष प्रदीप चोधरी, हरी? राय मनोज मुर्मू, रनिया देवी, रामेश्वर दास, रामकिशन राय, साविर अंसारी, लक्ष्मण मेहता, मारूति प्रसाद, घनश्याम सिंह, कुलरी देवी, बसन्ती देवी, सोनिया देवी, किशोर पेंटर आदि शामिल हैं.

## चंदवारा थाना का ग्रामीणों ने किया घेराव, आरोपी की गिरफ्तारी की मांग



**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** चंदवारा थाना के कांड संख्या 75/23 के मुख्य आरोपी जिबरैल अंसारी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर ग्रामीणों ने चंदवारा थाना का घेराव किया. पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव के नेतृत्व में खांडी एवं जोगीडीह गांव के हजारो लोगों ने चंदवारा थाना का घेराव किया. इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने जिबरैल अंसारी को गिरफ्तार करने की मांग उठाई. वहीं थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव की मौजूदगी में ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि मामले की जांच हो रही है. दोषी के ऊपर कार्रवाई जरूर होगी. मौके पर मुखिया असगर अंसारी, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि विजय यादव,राजेश यादव,बीरेंद्र यादव,बैजनाथ यादव, धमन यादव, रविन्द्र यादव, अजय शर्मा, सहदेव यादव, पंकज शर्मा, गोबिंद यादव, बीरेंद्र यादव, महेश यादव, बासुदेव यादव, बंशी यादव एवं सैकड़ो लोग मौजूद थे.

### लोगईपानी में हॉकी टूर्नामेंट का फाइनल मैच आयोजित

# खेल के क्षेत्र में देश का एक उभरता सितारा है सिमडेगा : भूषण बाड़ा



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सदर प्रखंड के टैंसेरा पंचायत के लोगईपानी में हॉकी प्रतियोगिता का फाइनल मैच खेला गया। खेल का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर फुटबॉल को कीक मारकर किया। फाइनल मैच में भागलपुर ने बोड़ेसेरा को 1-0 से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया। विजेता व उपविजेता टीम को विधायक ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मौके पर विधायक ने कहा कि सिमडेगा जिला खेल के क्षेत्र में देश का एक उभरता सितारा है। जिले के कई खिलाड़ी देश के लिये खेल रहे हैं। खासकर हॉकी, फुटबॉल और तीरंदाजी के खेलों में हमारे जिले के युवा लगातार राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। जिससे राज्य और देश को कई प्रशंसा मिली है। हमारी सरकार खेल के माध्यम से युवाओं के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार उत्कृष्ट खिलाड़ियों को सम्मान देने के साथ साथ नौकरी भी दे रही है। आप सभी बेहतर खेल का प्रदर्शन करें। मौके पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की, जिला उपाध्यक्ष शिशिर मिंज,विधायक प्रतिनिधि शीतल एक्का, जिला सचिव विनय तिग्गा,जिला सचिव बिरांजन बड़ा, पंचायत अध्यक्ष निलेश एक्का, पंचायत अध्यक्ष प्रदीप लकड़ा, दानियेल मिंज, अरविंद केरकेट्टा, एसिडोर केरकेट्टा, जगदीश मुंडा, रोशन डुंगडुंग, आरगेन तिर्की आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

## कोडरमाः ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में मनाया गया विश्व साक्षरता दिवस



कोडरमा। ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में विश्व साक्षरता दिवस के अवसर पर पेंटिंग एवं स्लोगन लेखन कार्यक्रम का आयोजन किया गया. फाइन आर्ट प्रशिक्षक दीपक पांडेय के निर्देशन में बीएड सत्र 2022- 24 के प्रशिक्षुओं ने विभिन्न प्रकार के पेंटिंग एवं स्लोगन लेखन कार्य में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया. इस अवसर पर महाविद्यालय की उप निदेशिका डॉ. संजीता कुमारी ने कहा कि साक्षरता शिक्षा की ओर पहला कदम है. शिक्षा से समाज एवं राष्ट्र का विकास होगा. समाज में प्रत्येक वर्ग को साक्षर होने का अधिकार है. ग्रिजली कॉलेज गोद लिए गांव के ग्रामीणों को साक्षर करने के लिए निरंतर प्रयासरत है. इस अवसर पर कॉलेज के सभी सहायक प्राध्यापक मनीष पासवान, खुशबू कुमारी सिन्हा, संजीत कुमार, अनिल दास, नीरज कुमार एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी चुन्नू कुमार, रोहित कुमार, सुचित कुमार, निशा कुमारी, दीपक पांडेय व अन्य उपस्थित रहे.

### मोबाइल टावर कनेक्टिविटी से संबंधित जिला स्तरीय समीक्षा बैठक

# समन्वय बनाकर करें काम : डीसी



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता मे मोबाइल टावर कनेक्टिविटी अंतर्गत जिला स्तरीय समिति का समीक्षात्मक बैठक का आयोजन हुआ। उपायुक्त द्वारा बैठक में जिले में अधिष्ठापित एवं क्रियाशील टावरों के बारे में जानकारी ली। जिले में विभिन्न जगहों पर एजेंसी के द्वारा किए जा रहे अब तक की कार्य प्रगति की समीक्षा कर निर्धारित समय के अनुरूप नेटवर्क सुविधा बहाल की कार्यवाही सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि नेटवर्क की अभाव में सरकार की योजनाओं को संचालन करने में कई सारे परेशानियां हो रही है। कई प्रखंडों में नेटवर्क ना होने की वजह से संर्पदंश एवं सड़क दुर्घटना जैसे समस्याओं का समय से सूचना नहीं मिल पाती है। उपायुक्त द्वारा डीईजीएस से संबंधित कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने ई-श्रम कार्ड निर्माण करने हेतु श्रम अधीक्षक एवं सी.एस.सी. मैनेजर के साथ समन्वय स्थापित करते हुए अभियान चला कर यथाशीघ्र कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया तथा सी.एस.सी. संचालकों को प्रज्ञा केन्द्र के माध्यम से जाति, आय , आवासीय प्रमाण पत्र, ई-श्रम निबंधन, झारखंड राज्य फसल रहता योजना सहित सरकार की योजनाओं से संबंधित कार्यों को सुचारू रूप से संचालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही सभी प्रखंडों में आधार सेवा केंद्र का संचालन सुचारू रूप से हो इस संबंध में आवश्यक निर्देश दिये।

## डीसी ने कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की समीक्षा बैठक

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में वित्तीय वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 के लिए कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता प्रभार अंतर्गत प्रस्तावित दो पांच एमटी क्षमता के सौर ऊर्जा चालित मिनी कोल्ड स्टोरेज के निर्माण हेतु जिला स्तरीय कमेटी की बैठक की गई। जिसमें सौर ऊर्जा चालित मिनी कोल्ड स्टोरेज का निर्माण को लेकर संबंधित पदाधिकारी के साथ विचार-विमर्श किया। इस योजना के क्रियान्वयन को लेकर सिमडेगा एवं कोलेबिरा प्रखंड में चयनित स्थल पर एक-एक कोल्ड स्टोरेज का निर्माण हेतु प्रस्ताव की स्वीकृति दी गई। इसके अलावा अन्य महत्वपूर्ण निर्देश दिए।मौके पर बैठक में विधायक प्रतिनिधि कोलेबिरा रावेल लकड़ा आदि उपस्थित थे।

## संकल्प यात्रा को लेकर भाजपा की बैठक

**कुरडेग।** प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के संकल्प यात्रा एवं मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के निमित्त भारतीय जनता पार्टी की बैठक कुरडेग मंडल अध्यक्ष कृष्णकांत सिंह की अध्यक्षता में कुरडेग शोरूम के ऊपरी मंजिल में हुई। बैठक को संबोधित करते हुए संकल्प यात्रा के सिमडेगा बिधानसभा संयोजक पूर्व विधायक निर्मल कुमार बेसरा ने कहा कि राष्ट्रीय कार्यक्रम के निमित्त पूरे देश में सैनिकों के सम्मान में मेरी माटी मेरा देश अभियान चलाया जा रहा है भाजपा कार्यकर्ता घर-घर जाकर अमृत कलश में मिट्टी का संग्रह करें एवं गांव में पौधे लगाकर अमृत वाटिका का निर्माण करने सहित पंच प्रण की सामूहिक प्रतिज्ञा का कार्यक्रम होनी है, संकल्प यात्रा के जिला सहसंयोजक सह जिला के सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष सह प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी का संकल्प यात्रा के निमित्त दौरा 20 सितंबर को कोलेबिरा विधानसभा एवं 21 सितंबर को सिमडेगा विधानसभा के लिए संकल्प यात्रा का कार्यक्रम सुनिश्चित हुआ है।

## दुष्कर्म और मारपीट के आरोपी गिरफ्तार

**सिमडेगा।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत कोचेडेगा माया टोली गांव में एक विवाहित महिला के साथ मारपीट एवं दुष्कर्म के मामले में आरोपी युवक सिमोन लकड़ा को पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए शुक्रवार को जेल भेज दिया घटना के संबंध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी शैलेंद्र पासवान ने बताया कि गांव की महिला के साथ सीमोन लकड़ा के द्वारा दुष्कर्म एवं मारपीट की घटना को अंजाम दिया था जिसके बाद चोटिल अवस्था में महिला सदर अस्पताल सिमडेगा में भर्ती है इधर मामले की गंभीरता को देखते हुए महिला के लिखित आवेदन के आधार पर मुफस्सिल थाना कांड संख्या 15/23 धारा 323 ,341 506 एवं 376 के तहत आरोप युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वही इधर आरोपी के परिवार वालों का कहना है कि पीड़िता महिला ने झूठा बयान देकर युवक को फसाने का कार्य किया है साथ ही इधर बताया जा रहा है कि मामला प्रेम प्रसंग का भी है थाना प्रभारी ने कहा कि सभी बिंदुओं पर छानबीन की जा रही है।

## कुएं में डूबने से युवक की मौत

**सिमडेगा।** मुफ्फसिल थाना क्षेत्र अंतर्गत ताम्र कुमार टोली गांव में कुआं डूबने से 32 वर्षीय कृष्णा गोप नामक व्यक्ति की मौत हो गई मामले की जानकारी पुलिस को दी गई जिसके बाद घटनास्थल पर पुलिस पहुंची एवं शव को अपने कब्जे में लिया एवं पोस्टमार्टम करवाने के पश्चात मृतक के शव को परिजनों को सौंप दिया घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कृष्णा गोप विगत 8 से 10 दिन से मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी और शराब का सेवन कर इधर-उधर भटक रहा था बीती रात वह घर से 11:00 बजे करीब अपने घर से निकल गया उसके बाद वापस नहीं आया शुक्रवार की सुबह जब गांव वाले कुआं में नहाने के लिए गए तब उसका तैरता हुआ शव देखें तब इसकी सूचना पुलिस को दिए इधर मामले की पुलिस छानबीन कर रही है।

## बेबी देवी की जीत पर दी शुभकामनाएं

**सिमडेगा।** जिला कांग्रेस कमिटी के जिला अध्यक्ष श्री डेविड तिर्की ने डुमरी उप चुनाव की जीत पर इंडिया के सहयोगी पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा एवम विजेता बेबी देवी के साथ डुमरी की जनता को शुभकामनाएं दी जिला अध्यक्ष ने कहा डुमरी की जनता ने बता दिया कि कर्म के आधार पर इंडिया की ये जीत आने वाले देश के पांच राज्यो की चुनाव के साथ लोकसभा में इंडिया गठबंधन को भारी बहुमत से सत्ता की सेवा करने का मौका मिलने जा रहा है । यह चुनाव कई अन्य उपचुनावों से अलग इसलिए है कि झारखण्ड राज्य को कई तरह से केंद्र की एजेंसियों के द्वारा लगातार परेशान किया जा रहा है जिसका जवाब डुमरी की जनता ने आज वोट के माध्यम से यह बता दिया है कि जनता इंडिया के साथ आज भी है और कल भी रहेगा । वही झारखंड मुक्ति मोर्चा सिमडेगा जिला अध्यक्ष अनिल कंडुलना ने भी शुभकामना देते हुए कहा-डुमरी की जनता ने बेबी देवी को डुमरी उप चुनाव में जिताकर स्वःजगरनाथ महतो को सच्ची श्रद्धांजलि दी है।

**प्रशंसा** स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में श्री कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन

# बच्चों के श्रीकृष्ण और राधा रूप ने मोहा मन




**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** झुमरी तिलैया शहर के असनाबाद स्थित स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में श्री कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया. इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित समाजसेवी चंदन चक्रवर्ती, विशिष्ट अतिथि आलोक कुमार सिन्हा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की. इस अवसर पर भैया-बहनों के राधा और कृष्ण के मनमोहक रूप ने लोगों का मन मोह लिया. कृष्ण की जीवन लीला पर कुछ भैया बहनों ने ग्रुप डांस भी किया. कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए कुल दो ग्रुप ए एवं बी में बांटा गया. फिर उसे पुनः राधा एवं कृष्ण की श्रेणी में बांटकर प्रतियोगिता कराई गई. जिसमें ग्रुप ए में राधा की श्रेणी में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान क्रमशः अनिता कुमारी , शालिनी गुप्ता और नित्या कुमारी ने प्राप्त किया और कृष्ण की श्रेणी में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान क्रमशः भैया हिमांशु कुमार, युवराज कुमार और आरुष कुमार साव ने प्राप्त किया. वहीं ग्रुप बी में कृष्ण की श्रेणी में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान क्रमशः प्रश्न राज रंजन, ऋषभ कुमार और रौशन कुमार ने प्राप्त किया और राधा की श्रेणी में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान क्रमशः प्रेरणा कुमारी, चाहत कुमारी और इशू कुमारी ने प्राप्त किया. अंत में आशीर्वचन के रूप में मुख्य अतिथि ने कहा कि यहां के बच्चे जो संस्कार की बातों को सीख रहे हैं, वह निश्चित रूप से समाज और राष्ट्र को परम वैभव की ओर ले जाएगा. यही बच्चे भविष्य में देश की बागडोर को अपने हाथों में लेंगे. विशिष्ट अतिथि ने कहा कि आज समाज में बालकों को ऐसी ही शिक्षा देने की आवश्यकता है. जो बच्चे रामायण और गीता की बातों का अनुसरण करते हुए और समाज को गति के पथ पर ले जाएं. अभिभावक प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित निरंजन कुमार सिन्हा ने अपने बच्चे की प्रगति को देखकर अनुभव को अभिभावकों के बीच रखा और अपने विचार में कृष्ण की जीवनी पर प्रकाश डाला. निर्णायक विक्रांत ने भी बालकों की प्रतिभा की भूरी-भूरी प्रशंसा की.

# डुमरी उपचुनाव का जनादेश

***झारखंड*** में डुमरी विधानसभा उपचुनाव में झामुमो प्रत्याशी बेबी देवी की जीत का व्यापक असर राज्य की राजनीति पर पड़ने की संभावना है। आने वाले चुनाव का यह टेलर है। ऐसा इसलिए कहा जा सकता है कि जनादेश ने बतला दिया है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का जलवा अभी भी बरकरार है। ऐसे तो उपचुनाव का अपना एक गणित होता है। उसी गणित की पाठशाला में भूगोल की पढ़ाई हुई है। कारण यह क्षेत्र मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सरकार में शिक्षा मंत्री रहे जगरनाथ महतो के निधन से रिक्त हुई थी। यहां जेएमएम प्रत्याशी और राज्य की उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री बेबी देवी को बड़ी जीत का मिलना यह दर्शाता है कि दिवंगत महतो को यहां की जनता ने श्रद्धांजलि के फूल चढ़ाकर एक बड़ी जवबदेही दी है। अब आने वाले दिनों में बेबी देवी को यह दिखाना है कि वह कैसे श्री महतो के अधूरे कार्य को अंजाम देती हैं। आई.एन.डी.आई.ए. को पहले उपचुनाव में शानदार सफलता मिलने से कांग्रेस, जेएमएम और आरजेडी के नेताओं-कार्यकताओं में उत्साह का माहौल है। हालांकि अभी चुनाव आयोग की ओर से चुनाव परिणाम की आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। 19वें राउंड तक आई.एन.डी.आई.ए. प्रत्याशी बेबी देवी 76763 मत मिले, वहीं आजसू पार्टी प्रत्याशी यशोदा देवी को 68395 वोट मिले। इस तरह से बेबी देवी इन पंक्तियों के लिखने तक 8368 वोटों के अंतर से आगे चल रही हैं। ऐसे में जीत पक्की है।

**आई.एन.डी.आई.ए. को पहले उपचुनाव में शानदार सफलता मिलने से कांग्रेस, जेएमएम और आरजेडी के नेताओं-कार्यकताओं में उत्साह का माहौल है। हालांकि अभी चुनाव आयोग की ओर से चुनाव परिणाम की आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।**

डुमरी-33 विधानसभा सीट पर मंगलवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण माहौल में हुए उप चुनाव में 64 फीसदी से अधिक मतदान हुआ। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सरकार में शिक्षा मंत्री रहे जगरनाथ महतो के निधन से रिक्त हुई डुमरी-33 विधानसभा सीट पर मंगलवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण माहौल में हुए उप चुनाव में 64 फीसदी से अधिक मतदान हुआ। कुल 24 चरणों में मतगणना सम्पन्न हुई। इसके लिए 70 से अधिक अधिकारियों को तैनात किया गया था। मतों की गिनती के लिए 16 टेबल बनाये गये थे। पांच सितंबर को हुए मतदान में 2.98 लाख मतदाताओं में से लगभग 65 प्रतिशत ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया था। सुबह 8 बजे मतगणना शुरू होने पर सबसे पहले पोस्टल बैलेट की गिनती हुई। मतगणना को लेकर 25 सहायक, 25 सुपरवाइजर और 25 माइक्रो ऑब्जर्वर की प्रतिनियुक्ति मतगणना केंद्र के अंदर की गई थी। मतगणना के पहले जेएमएम प्रत्याशी और मंत्री बेबी देवी ने गुरुवार को भगवान श्रीकृष्ण की पूजा अर्चना की। मंत्री बेबी देवी ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर नावाडीह में पूजा अर्चना की। इस दौरान उन्होंने भजन में भाग लेने के साथ करताल बजाती नजर आईं। जेएमएम की बेबी और आजसू पार्टी की यशोदा देवी समेत 6 प्रत्याशी 5 सितंबर को डुमरी उपचुनाव के लिए 64.84 प्रतिशत मतदाताओं की ओर से अपने मताधिकार का प्रयोग किया गया था। उपचुनाव में जेएमएम की बेबी देवी, आजसू पार्टी की यशोदा देवी, एआईएमआईएम के मोबिन रिजवी समेत छह प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे। बहरहाल इस चुनाव का मैसेज अच्छा जाये, प्रदेश में सुख शांति का वातावरण रहे।

# 'प्रेसीडेंट ऑफ भारत' से भी 'इन्हें' दिक्कत है







विकास सक्सेना

***आम*** चुनाव के लिए अभी से पक्ष और विपक्ष की बिसात बिछ चुकी है। लगातार दो लोकसभा चुनाव में करारी हार से बौखलाई कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने मिलकर एक नया गठबंधन तैयार किया है। इसका नाम आईएनडीआईए 'इंडिया' रखा है। बात यह है कि सिर्फ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा को सत्ता से बेदखल करने के मकसद से बना यह गठबंधन तीन बैठकें हो जाने के बाद भी न तो अपना नेता तय कर सका है, न नीति और न कार्यक्रम। केंद्र सरकार के खिलाफ माहौल तैयार करने के लिए मुद्दे तलाश पाने मे नाकाम विपक्षी नेता जो पहले संघ, भाजपा और मोदी के खिलाफ बयानबाजी करते थे अब वे सनातन हिन्दू धर्म, उसके प्रतीकों, संस्कृति और धर्म साहित्य के साथ भारत तक के विरोध में खड़े दिखाई दे रहे हैं। हालांकि सनातन भारतीय संस्कृति से उनकी घृणा कोई नई नहीं है, लेकिन अब तो कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के नेता 'प्रेसीडेंट ऑफ इंडिया' के स्थान पर 'प्रेसीडेंट ऑफ भारत' लिखे जाने पर आपत्ति जता रहे हैं। इससे नई बहस शुरू हो गई है। दरअसल लोकसभा चुनाव में भाजपा को हराने की जुगत में लगे विपक्षी दल सरकार के खिलाफ माहौल बनाने के लिए मुद्दे नहीं खोज पा रहे हैं। वे महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दे उठाने की कोशिश तो कर रहे हैं लेकिन इन मुद्दों पर जिन राज्यों में कांग्रेस और दूसरे विपक्षी दलों की सरकारें हैं उनका प्रदर्शन कई भाजपा शासित राज्यों के मुकाबले खराब है। इसके अलावा मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार के दौरान जिस तरह की महंगाई और भ्रष्टाचार को देश के लोगों ने देखा है उसकी वजह से विपक्षी नेताओं की बातें आम लोगों को खास प्रभावित नहीं कर पा रही हैं। विपक्ष के नेताओं और तमाम बुद्धिजीवियों का मानना है कि हिन्दू समाज के मतदाताओं के जातीय पूर्वाग्रह से ऊपर उठकर मतदान करने की वजह से भाजपा ने 2014 और 2019 के लोकसभा चुनावो और कई राज्यों के विधानसभा चुनाव में जीत हासिल की है। इसीलिए हाथरस कांड को आज तक याद दिलाया जाता है ताकि भाजपा को दलित विरोधी साबित किया जा सके। ब्राह्मणों को भाजपा से दूर करने के लिए विकास दुबे जैसे दुर्दान्त अपराधी की भी ब्राह्मण पहचान उकेरने का प्रयास किया जा रहा है। मुजफ्फरनगर के एक स्कूल की विकलांग शिक्षिका ने परिजनों के कहने पर एक छात्र को दूसरे छात्र-छात्राओं से थप्पड़ लगवा दिये थे। इस घटना का वीडियो पीटने वाले छात्र के चाचा ने बनाया और वह खुद छात्र को मारने के लिए उकसा रहा था लेकिन इसके बावजूद भाजपा पर साम्प्रदायिक वातावरण खराब करने का आरोप मढ़ने के लिए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तक ने इस घटना को साम्प्रदायिक रंग देकर समाज में नफरत फैलाने का प्रयास किया। मोदी हटाओ के सूत्र वाक्य से एकजुट हुए विपक्षी दलों को लग रहा है कि हिन्दू वोटों में बंटवारा किये बिना भाजपा को हरा पाना संभव नहीं है। इसीलिए विपक्षी दलों के तमाम नेता लगातार इस तरह की बयानबाजी कर रहे हैं जिससे हिन्दू समाज में जातीय विद्वेष बढ़ जाय। बिहार के शिक्षामंत्री चंद्रशेखर और समाजवादी पार्टी के महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्य ने रामचरित मानस की चौपाई का उदाहरण देते हुए इसके खिलाफ जमकर अनर्गल बयानबाजी की।

**बिहार के शिक्षामंत्री चंद्रशेखर और समाजवादी पार्टी के महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्य ने रामचरित मानस की चौपाई का उदाहरण देते हुए इसके खिलाफ जमकर अनर्गल बयानबाजी की।**

**इन दिनों**

हालांकि तमाम मानस मर्मज्ञ विद्वानों ने अवधी भाषा में लिखी इस चौपाई का अर्थ स्पष्ट किया लेकिन वे उसे स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं। इनके उकसावे का नतीजा यह निकला कि जिस रामचरित मानस का हिन्दू समाज के लगभग प्रत्येक परिवार में पूरी श्रद्धा के साथ पाठ किया जाता है उसे कुछ लोगों ने फाड़ा और जलाया। स्वामी प्रसाद मौर्य तो हिन्दू समाज के खिलाफ जहर घोलते-घोलते इतना आगे चले गए कि उन्होंने हिन्दू धर्म को ही धोखा बता दिया। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे और सरकार में मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने तो सनातन हिन्दू धर्म की तुलना कोरोना, मलेरिया और डेंगू बुखार से करते हुए यहां तक कह दिया कि इसका विरोध नहीं करना चाहिए बल्कि इसका उन्मूलन यानी खत्म करना होगा। धर्मनिरपेक्षता के नाम पर सनातन धर्म, संस्कृति, साहित्य और उसके प्रतीकों के विरोध में अनर्गल बयानबाजी करते आए इन नेताओं ने 'सिर तन से जुदा जैसे नारों' से बेखौफ होकर हिन्दू समाज में बंटवारा करने के लिए लंबा जाल बुना है। मगर वह अपने ही जाल में उलझ रहे हैं। मोदी के हर फैसले का विरोध करने की जिद में वे सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक तक के सबूत मांगकर सेना के पराक्रम को नकारने का प्रयास करते हुए यहां तक कह देते हैं कि 300 आतंकी मारे गये या 300 दरख्त गिरे। इसी तरह रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने जब लड़ाकू विमान राफेल की आपूर्ति प्राप्त करने के लिए फ्रांस पहुंचकर भारतीय परम्परा के अनुसार पूजा अर्चना की तब भी इन नेताओं ने उनकी आलोचना की। हमारी संसद के नये भवन के निर्माण की सेंट्रल बिस्टा परियोजना का विरोध किया जाता है और जब बीते मई महीने में इसके उद्घाटन के लिए भव्य समारोह का आयोजन किया गया तो इस ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बनने के स्थान पर विपक्षी दलों ने इसका बहिष्कार करने का फैसला लिया। संसद में भारतीय सांस्कृतिक परम्परा के प्रतीक सेंगोल की स्थापना का विरोध किया गया। इस कार्यक्रम के जरिये भी जातीय विद्वेष का बढ़ाने के लिए अनुष्ठान कराने वाले पुजारियों की जाति पर सवाल उठाये गये लेकिन ये दांव उन नेताओं पर ही उल्टा पड़ गया। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी भले ही देश और दुनिया में घूमकर यह समझाने का प्रयास कर रहे हैं कि संघ, भाजपा और मोदी ने देश को नफरत का बाजार बना दिया है और वे इसमें मोहब्बत की दुकान खोले बैठे हैं। लेकिन वे खुद और उनके साथी जिस तरह के बयान देते हैं उनसे देश में नफरत का माहौल बन रहा है। उनके गठबंधन की साथियों के साथ उनकी पार्टी के नेता भी देश की सांस्कृतिक विरासत से इस हद तक घृणा करते हैं कि सरकार के फैसलों का विरोध करने के लिए कांग्रेस के एक नेता ने सड़क पर गोहत्या कर दी। वामपंथी दलों से जुड़े लोग सनातन संस्कृति के प्रति नफरत का इजहार करने के लिए बीफ पार्टियों का आयोजन करते हैं। भारत की एकता और अखण्डता को चुनौती देते हुए 'भारत तेरे टुकड़े होंगे' जैसे देश विरोधी नारे लगाये जाते हैं और अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर इनका भी बचाव करने की शर्मनाक कोशिश की जाती हैं। चंद्रयान 3 का विक्रम जिस स्थान पर चंद्रमा की सतह पर उतरा उसका नाम 'शिवशक्ति' रखने का विरोध सिर्फ इसलिए किया जा रहा है क्योंकि शिव और आदि शक्ति सनातन धर्म के प्रतीक हैं।

## बोधि वृक्ष

### *आइये सुने कथा दिति व अदिति की*

***विश्व*** के प्राचीनतम ग्रंथ ऋग्वेद में कश्यप ऋषि का उल्लेख केवल एक बार हुआ है। जबकि यजुर्वेद, सामवेद एवं अथर्ववेद में इनका उल्लेख कई बार हुआ है। अन्य वैदिक ग्रंथों, पुराणों एवं उपनिषदों में आये विवरणों में कश्यप ऋषि प्रमुख पात्र हैं। इन्हें सृष्टि में अत्यंत प्राचीन काल का बताया गया है तथा इन्हें परम धार्मिक एवं रहस्यात्मक दर्शाया गया है। ऐतरेय ब्राह्मण के अनुसार कश्यप ऋषि ने 'विश्व-कर्म-भौवन' नामक राजा का अभिषेक कराया था। ऐतरेय ब्राह्मण ने कश्यपों का सम्बन्ध जनमेजय से बताया है। शतपथ ब्राह्मण में प्रजापति को कश्यप कहा गया है। महाभारत एवं पुराणों में असुरों की उत्पत्ति तथा वंशावली के वर्णन में कहा गया है कि ब्रह्माजी के सात मानस पुत्रों में से एक मरीचि थे जिन्होंने अपनी इच्छा से कश्यप नामक प्रजापति पुत्र उत्पन्न किया। भागवत पुराण तथा मार्कण्डेय पुराण के अनुसार कश्यप ऋषि की बारह पत्नियां थीं किंतु कुछ ग्रंथों में आये उल्लेख के अनुसार कश्यप ने दक्ष प्रजापति की 17 पुत्रियों से विवाह किया। दक्ष की इन पुत्रियों से जो सन्तानें उत्पन्न हुईं उसका विवरण इस प्रकार है- कश्यप की पत्नी अदिति से आदित्य अर्थात देवताओं ने जन्म लिया। दिति से दैत्यों ने जन्म लिया। दनु से दानव उत्पन्न हुए। काष्ठा से अश्व आदि पशु उत्पन्न हुए। अनिष्ठा से गन्धर्वों की उत्पत्ति हुई। सुरसा से राक्षस जन्मे। इला से वृक्षों ने जन्म लिया। मुनि से अप्सराएं उत्पन्न हुईं। क्रोधवशा से सर्प, सुरभि से गौ और महिष, सरमा से श्वापद अर्थात हिंसक पशु, ताम्रा से श्येन अर्थात गिद्ध, तिमि से यादोगण अर्थात जल-जन्तु उत्पन्न हुए। कश्यप की पत्नी विनता से गरुड़जी और अरुण, कद्रू से नाग, पतंगी से पक्षी और यामिनी से शलभ अर्थात कीड़े उत्पन्न हुए।

*(क्रमशः)*

# कोटा को किसकी नजर लग गई


डॉ. रमेश ठाकुर

***चोटी*** की प्रतियोगी परीक्षाएं अगर पास करनी हो, तो जेहन में अव्वल ख्याल राजस्थान का 'कोटा शहर' ही आता है। क्योंकि कोटा शहर शिक्षा का 'महाकुंभ' जो बन गया है। वहां से शिक्षा लेकर बच्चे अपने सपनों को पंख लगा रहे हैं। पर, दुर्भाग्य है कि 'शिक्षा नगरी' का खिताब हासिल कर चुका ये शहर गुजरे कुछ समय से 'आत्महत्या' के लिए चर्चाओं में हैं। हालात ऐसे बन गये हैं कि वहां चारों तरफ फैले अदृश्य मौत के खौफ ने बच्चों को भयभीत कर दिया है। डर के चलते अभिभावक अपने बच्चों को वापस बुलाने लगे हैं। डिप्रेशन में आकर 19-22 वर्ष आयु के छात्र मौत को गले लगा रहे। बीते आठ माह के भीतर 23 छात्र आत्महत्या कर चुके हैं। ये घटनाएं तत्कालिक नहीं है, सिलसिला सालों से बदस्तूर जारी है। कोटा में हर वर्ष लगभग 15 से 20 घटनाएं घटनाएं घट रही हैं। प्रत्येक सुसाइड की घटना में पुलिस अपनी जांच-पड़ताल के बाद एक ही तर्क देती है कि बच्चे पढ़ाई का दबाव झेल नहीं पाने के कारण ऐसा कदम उठाते हैं? पुलिस-प्रशासन का तर्क कई मायनों में वाजिब भी दिखता है। अगर वास्तव में आत्महत्याओं का मूल कारण यही है, तो उसमें सीधे-सीधे शिक्षण संस्थाएं ही दोषी मानी जायेंगी। क्योंकि कोचिंग संस्थान अब छात्रों के बौद्धिक स्तर को ध्यान में रखकर शिक्षा ग्रहण नहीं करवाती। इतना प्रेशर डालती है कि अच्छे से अच्छा छात्र भी डिप्रेशन में चला जाए। बहरहाल, इस कृत्य में कोचिंग संस्थानों के साथ-साथ अभिभावक भी बराबर के भागीदार हैं। छात्रों पर दोनों का संयुक्त रूप से एक जैसा प्रेशर होता है। ऐसी अनहोनी घटनाओं के पीछे मनोचिकित्सकों का मानना होता है कि बदलते दौर में जब बच्चों उम्र खेलकूद की होती है, तब उनके समक्ष गला-काट प्रतियोगी परीक्षाओं को पास करना, नार्मल स्कूलों की जगह कोचिंग संस्थानों के टफ स्टीड पैटर्न को झेलना, सामने वाले से बेहतर करने का घनघोर दबाव और उसके बाद शिक्षक-पेरेंट्स का बच्चों पर उम्मीद से ज्यादा उम्मीद करना? सही मायनों में देखें तो सुसाइड केसों के मूल और तात्कालिक कारण यही हैं। इन कारणों को शिक्षक-अभिभावक भलीभाँति जानते भी हैं, लेकिन इग्नोर कर देते हैं। कोटा में छात्रों द्वारा लगातार आत्महत्याओं की घटना के बाद राज्य सरकार और स्थानीय शिक्षण संस्थाओं पर लापरवाही व रक्षा-सुरक्षा न करने के आरोप लग रहे हैं। आरोप लगने भी चाहिए? आखिर दोनों की सर्वप्रथम जिम्मेदारियां बनती हैं। हुकूमत और शिक्षण संस्थान आत्महत्या वाली घटनाओं से अपनी नजरें क्यों फेरती हैं? उसका भी कारण पानी की तरह साफ है। सरकार का टैक्स रूपी मुनाफा कमाना और शिक्षण संस्थाओं का छात्रों से मुंह मांगी फीस का सवाल जो होता है? आंकड़े दस्तीक करते हैं कि कोटा में सालाना 5 हजार करोड़ का शिक्षा के नाम पर बाजार होता है जिसमें सरकार को 700 करोड़ का टैक्स प्राप्त होता है। प्रत्येक छात्र से एक लेकर तीन लाख फीस वसूली जाती है। ढाई से तीन लाख नये छात्र हर वर्ष कोटा पहुंचते हैं। कोटा में सरकार द्वारा 23 हॉस्टल पंजीकृत हैं, अपंजीकृतों की तादाद इससे कहीं ज्यादा है। दस हजार से ज्यादा कोचिंग संस्थाएं फैली हैं जो अपनी कमाई का एक तिहाई हिस्सा सरकार को देती हैं। इसके अलावा दूसरे तरीकों से पुलिस-प्रशासन, नगर निगम व अन्य विभागों को चढ़ावे के रूप में दिया जाता है। कुल-मिलाकर शिक्षा की आड़ में धंधा कैसे पनपता है, उसका सजीव उदाहरण इस समय कोटा बना हुआ है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक इस वक्त करीब पांच लाख छात्र मेडिकल, जेईई, इंजीनियरिंग व अन्य विभिनन प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियां कर रहे हैं। लेकिन इनकी सुरक्षा पूरी तरह रामभरोसे है। अभी कुछ महीनों पहले दिल्ली के मुखर्जी नगर में दर्दनाक हादसा हुआ था।


**डिप्रेशन में आकर 19-22 वर्ष आयु के छात्र मौत को गले लगा रहे। बीते आठ माह के भीतर 23 छात्र आत्महत्या कर चुके हैं। ये घटनाएं तत्कालिक नहीं है, सिलसिला सालों से बदस्तूर जारी है।**

**शिक्षा जगत**

## फोटो की दुनिया



फेसबुक वॉल से




# दूसरों से प्रेम करें व खूद से भी


ललित गर्ग

***प्रत्येक*** व्यक्ति अपने जीवनपथ, कार्यक्षेत्र में सफलता के सपने संजोता है। पर, सबके सब सपने सच में नहीं बदलते। अथक परिश्रम के पश्चात भी यदि सफलता न मिले तो निराश-हताश होना स्वाभाविक है। निराशा का गहरा कुहरा व्यक्ति के मनोबल और विश्वास को कमजोर बना देता है। वह हीनभावना से ग्रस्त हो जाता है। ऐसी स्थिति से उबरने के लिए जेनकाऊल ने कहा- स्मरण रखो- 'आने वाला दिन आज की अपेक्षा अधिक उल्लासपूर्ण होगा। दिन के बाद रात आती है, तो रात के बाद उजली सुबह भी जरूर आएगी। उसके पूरे-परे उपयोग की तैयारी करो।' इसका अर्थ है- आशा और विश्वास की दीवार को कभी मत दरकने दो। यह आशावादी दृष्टिकोण सफलता का पहला सोपान है। व्यक्तित्व का शक्तिशाली घटक है। निराशा एवं अनिश्चितता के दौर में हम ऐसी सभी चीजों से दूर भागने लगते हैं, जिनसे हमें असुविधा होती है। हम समय ऐसे कामों में बिताने लगते हैं, जो हमारे लिए बेहतर विकल्प नहीं होते। अपनी बेचौनियों को धैर्य से जीते हुए सही दिशा में चलने के बजाय हम आसान रास्तों की ओर दौड़ने लगते हैं। कहते हैं कि डर कर फैसले करने के बजाय सही राह की प्रतीक्षा करना ही सही होता है। जीवनयात्रा में व्यक्ति अनेक खट्टे-मीठे अनुभवों से गुजरता है। वह कभी फिसलता भी है, गिरता भी है, गलतियां भी करता है, किन्तु हर चूक उसे चेताती है, हर ठोकर ठीक चलने का सबक सिखाती है, हर असफलता सफलता के द्वार खोलती है। इस प्रकार वह प्रत्येक घटना से बोध पाठ पढ़ता है और परिपक्वता के साथ-साथ अनुभव प्रवण भी बनता जाता है। उन अनुभवों से प्रेरणा लेकर जो निरंतर आगे बढ़ते रहते हैं, वे अपने व्यक्तित्व की स्वतंत्र पहचान बना लेते हैं और दूसरों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बन जाते हैं। लेखक व प्रोफेसर मॉरी शेजवार्ट्ज ने अपनी किताब 'ट्यूसडेज विद मॉरी' में लिखा है, 'अपने आसपास मैं रोज सैकड़ों लोगों को देखता हूं। इनमें से कई हैं, जो सफल हैं, व्यस्त हैं, पर इतने थके हुए दिखते हैं जैसे अधमरे हों। मैं मानता हूं कि वे उस रास्ते पर नहीं चल रहे, जिन पर उन्हें चलना चाहिए।' सही रास्ता वो है, जो आपको आशावादी बनाये, संतोष दे, आपको मुस्कराने की वजह दे। इन सबके लिए आपको सफल, अमीर या शक्तिशाली बनने की बजाय संवेदनशील एवं करुणाशील बनने की जरूरत है। संवेदनशीलता का अर्थ है दूसरों की कठिनाइयों को जानने समझने की क्षमता। भौतिक/आर्थिक विकास की दिशा में निरंतर प्रतिस्पर्धात्मक दौड़, औद्योगिक विकास, मोबाइल संस्कृति का बढ़ता प्रभाव, सोशल मीडिया का बढ़ता वर्चस्व- इन सब कारणों से आज का मनुष्य अधिक आत्मकेन्द्रित होता जा रहा है। करुणा और संवेदनशीलता के स्त्रोत सूख रहे हैं। विश्व की भौगोलिक सीमाएं सिमट रही हैं, दूरिया मिट रही हैं किन्तु मनुष्य-मनुष्य के बीच बिन्ध्याचल खड़े हो रहे हैं। संवादहीनता बढ़ रही है। संवेदनशीलता समाप्त हो रही है। मानव-मानस मरुस्थल बन रहा है। ऐसी स्थिति में भावनात्मक रिश्ते ही संबंधों की धरती पर स्नेह-सौहार्द की हरियाली उगा सकते हैं। अमेरिकी लेखक और मोटिवेशनल स्पीकर ब्रिएना विएस्ट भावनात्मक बुद्धि पर अपने काम के लिए जानी जाती हैं। उनके अनुसार जब निजी स्तर पर हमारा दर्शन सिर्फ यही रह जाए कि हम बिना कोई प्रश्न पूछे वही करने लगें, जो हमें कहा जाए, तो इसका अर्थ है कि हम उपभोक्तावाद या अपने अहं या किसी के प्रति अंध श्रद्धा का शिकार हो रहे हैं या किसी ऐसे की इच्छा का पोषण कर रहे हैं, जो हमें नियंत्रित करना चाहता है। जबकि सफल एवं सार्थक जीवन के लिये हमें स्व-अनुभव एवं प्रयोग की भूमि पर चलना होगा। स्व-अनुभव संपदा का अर्जन और समाज के व्यापक हित में उसका नियोजन करने वाले व्यक्ति सहज ही सर्वत्र सम्मानित एवं सफल मान जाते हैं।

**दिन के बाद रात आती है, तो रात के बाद उजली सुबह भी जरूर आएगी। उसके पूरे-परे उपयोग की तैयारी करो।' इसका अर्थ है- आशा और विश्वास की दीवार को कभी मत दरकने दो।**

**प्रेम भाव**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।

# ये फूड ना खाने से जल्दी चली जाती हैं आंखों की दृष्टि

हेल्दी और बैलेंस्ड डाइट बहुत महत्वपूर्ण है। इससे आंखों को जरूरी न्यूट्रिशन मिलता है और मोतियाबिंद जैसी बीमारी से बचाव होता है। लेकिन लोग पोषण की जगह अपने पसंद पर ज्यादा ध्यान देते हुए फूड को चुनते हैं। इस वजह से कई सारे आवश्यक पोषक तत्व छूट जाते हैं और जवानी में ही आंखों की दृष्टि जा सकती है। आंखों के लिए 7 फूड बहुत ज्यादा जरूरी हैं, इनके अंदर नजर तेज करने वाले एंटीऑक्सीडेंट्स की भरमार होती है।

**हेल्दी आंखों के लिए कौन से एंटीऑक्सीडेंट्स चाहिए?**
विटामिन ए, विटामिन सी, विटामिन ई, ल्यूटिन, जेक्सैंथिन, बीटा कैरोटीन, जिंक, ओमेगा 3 फैटी एसिड।
आंखों की कमजोरी कैसे पहचानें? अगर आपकी आंखों से पानी आता है, दूर या पास का देखने में दिक्कत होती है, सिर दर्द, रोशनी के आसपास सतरंगी गोलाकार दिखना, ड्राई आई और आई पेन नजर कमजोर होने का लक्षण हैं।



**तेज आंखों के लिए खाएं अंडा :** आंखों के लिए अंडा सुपरफूड माना जाता है। इसमें ल्यूटिन, जेक्सैंथिन, विटामिन ए और जिंक होता है। एनसीबीआई का शोध कहता है कि ये एंटीऑक्सीडेंट्स उम्र बढ़ने के बाद भी मोतियाबिंद समेत कई आई डिजीज से बचाने का काम करते हैं।

**बादाम :** ड्राई फ्रूट आपकी आंखों के टॉनिक हैं। बादाम खाने वालों की आंखें लंबे समय तक शार्प रहती हैं। बुढ़ापे में भी ये लोग दूर और पास का साफ-साफ देख सकते हैं। क्योंकि, बादाम के अंदर विटामिन ई की भरमार क्वांटिटी होती है, जो कि मैकुलर डिजनरेशन और कैटरेक्ट का खतरा कम करता है।

**गाजर :** बरसों से सभी जानते हैं कि गाजर खाना आंखों के लिए कितना फायदेमंद है। यह शाकाहारी खाद्य पदार्थ विटामिन ए और बीटा कैरोटीन देता है, जो आंखों की सतह को हेल्दी रखता है। इसकी वजह से आई इंफेक्शन और आंखों के अन्य रोग भी दूर रहते हैं।

**सैल्मन मछली :** सैल्मन मछली एक फैटी फिश होती है, जो हेल्दी फैट्स की सप्लाई करती है। ओमेगा 3 फैटी एसिड आंखों के रेटिना को मजबूत बनाता है और आई फंक्शन को बेहतर रखता है आप इसे ग्रिल्ड करके हर्ब्स, नींबू, नमक और मिर्च के साथ टेस्टी बनाकर खा सकते हैं।

**संतरा :** संतरे के अंदर मौजूद विटामिन सी आंखों की नसों को हेल्दी बनाने के काम आता है। यह पोषक तत्व मोतियाबिंद से लड़ने के साथ नजर तेज रखने में मदद करता है। आंखों के लिए यह बहुत बढ़िया फल है, जो हाइड्रेट करने का काम भी करता है।

**केल :** केल एक हरी पत्तेदार सब्जी है, जो पालक की तरह दिखती है। यह आंखों के लिए बहुत ज्यादा फायदेमंद है और कई सारे विटामिन और मिनरल देती है। इसे बच्चों को खिलाने पर उन्हें आंखों का चश्मा चढ़वाने की जरूरत महसूस नहीं होगी।

**डेयरी प्रॉडक्ट्स :** बचपन से ही दूध, दही, पनीर खाने के लिए कहा जाता है, क्योंकि यह आपके हर अंग को हेल्दी बना सकते हैं। इन फूड्स में विटामिन ए, जिंक और अन्य पोषक तत्व होते हैं, जो नाइट विजन बढ़ाने के भी काम आते हैं। आप रोज सुबह या रात में एक गिलास दूध पीकर इन्हें पा सकते हैं।

❖ **सुरेंद्र अग्रवाल**

# इन हसीन जगहों पर बितायें क्वालिटी टाइम

सितंबर के महीने में देश के लगभग हर हिस्से में बारिश का मौसम खत्म होने वाला होता है। बारिश का मौसम खत्म होने के साथ ही भारत की कई जगहों की खूबसूरती बेहद बढ़ जाती है। ऐसे में आपको भी अपने पार्टनर के साथ भारत की इन बेहतरीन जगहों को एक्सप्लोर करना चाहिए। सितंबर के महीने में देश के लगभग हर हिस्से में बारिश का मौसम खत्म होने वाला होता है। बारिश का मौसम खत्म होने के साथ ही भारत की कई जगहों की खूबसूरती बेहद बढ़ जाती है। कपल्स के लिए भी सितंबर का महीना काफी ज्यादा रोमांटिक होता है। क्योंकि इस महीने में हर तरफ हरियाली ही हरियाली दिखाई देती है। ऐसे में सितंबर में कप्लस ऐसी जगहों की तलाश करते हैं, जहां पर वह अपने पार्टनर के साथ यादगार और रोमांटिक पल बिता सकें। ऐसे में आपको भी अपने पार्टनर के साथ इन बेहतरीन जगहों को एक्सप्लोर करना चाहिए। इन जगहों पर आने के बाद आपका यहां से वापस जाने का मन नहीं होगा।



**लोलाब घाटी :** उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में स्थिति वैली में तो आप कई बार घूमने के लिए जा चुके होंगे। लेकिन अगर आप भी अपने पार्टनर के साथ सितंबर में घूमने का प्लान बना रहे हैं। तो बता दें कि आपको लोलाब घाटी को जरूर एक्सप्लोर करना चाहिए। यह जम्मू-कश्मीर की एक ऐसी जगह है, जो इसकी खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करती है। इस घाटी की खूबसूरती का अंदाजा आप इस बात से भी लगा सकते हैं कि यह कुछ ही मिनटों में किसी को भी अपना दीवाना बना सकती है। बफीर्ली चोटियां, नदी हरे-भरे घास के मैदान और झील के बीच में मौजूद लोलाब घाटी में बेहद मनमोहक दृश्य देखने को मिलेंगे।

**रायगढ़ :** महाराष्ट्र में घूमने की बात होती है तो हम सभी की लिस्ट में पंचगनी, खंडाला, लोनावाला या मरेथान का नाम सबसे ऊपर रहता है। लेकिन सितंबर के महीने में आप अपने पार्टनर के साथ रायगढ़ को एक्सप्लोर कर सकते हैं। मुंबई से करीब 95 किलोमीटर की दूरी पर मौजूद रायगढ़ महाराष्ट्र के हसीन पहाड़ों के बीच में मौजूद एक बेहद हसीन जगह है। सितंबर के महीने में रायगढ़ में चारों ओर हरियाली ही हरियाली दिखाई देती है। वीकेंड पर यहां यादगार पल बिताने के लिए कई कपल्स पहुंचते हैं। रायगढ़ में मधे घाट वॉटरफॉल रायगढ़ फोर्ट और दिवेआगर बीच जैसी बेहतरीन जगहों को अपने पार्टनर के साथ एक्सप्लोर कर सकते हैं।

**एबॉट माउंट :** उत्तराखंड में आप सभी मसूरी, नैनीताल, रानीखेत और कौसानी तो एक ना एक बार जरूर गए होंगे। लेकिन अगर आप भी सितंबर में उत्तराखंड की हसीन वादियों में खोना चाहते हैं, तो आपको एबॉट माउंट पहुंचना चाहिए। कपल्स के लिए उत्तराखंड की हसीन वादियों में मौजूद एबॉट माउंट जन्नत से कम नहीं है। एबॉट माउंट समुद्र तल से लगभग 7 हजार से भी अधिक फीट की ऊंचाई पर मौजूद है। इसे जॉन हेरोल्ड एबॉट ने बसाया था। यहां पर आप अपने पार्टनर के साथ लोहाघाट, एबॉट माउंट चर्च, एबॉट माउंट और चिनेश्वर वॉटरफॉल जैसी बेहतरीन जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं।

**करसोग :** पार्टनर संग घूमने के लिए हिमाचल प्रदेश में एक से एक बेहतरीन और हसीन जगहें मौजूद हैं, लेकिन इस बार आपको अपने पार्टनर के साथ करसोग जरूर एक्सप्लोर करें। यह एक बेहद मनमोहक जगह है। करसोग में हसीन पहाड़, खूबसूरत झरनों और घास के मैदान देख वापस जाने का मन नहीं होगा। कपल्स के लिए यह जगह किसी जन्नत से कम नहीं है। सितंबर में यहां की खूबसूरती काफी मनमोहक होती है। हिमाचल के मंडी जिले में करसोग पड़ता है।


**डोडीताल :** अगर इस सितंबर आप भी अपने पार्टनर के साथ ऋषिकेश के आसपास स्थित किसी हसीन और रोमांटिक जगह घूमने की सोच रहे हैं। तो आपको डोडीताल निराश नहीं करेगी। ऋषिकेष से 94 किमी दूर यह जगह कप्लस के लिए जन्नत है। डोडीताल में पार्टनर के साथ ग्याली और चौलादूनी जैसी बेहतरीन जगह पर रोमांटिक पल बिता सकते हैं। वहीं शहर से 10 किमी दूर आप यमुनोत्री धाम भी घूम सकते हैं। मान्यता के अनुसार डोडीताल को भगवान गणेश का जन्म स्थान बताया जाता है।

❖ **अनन्या मिश्रा**

# सनातन धर्म पर श्री अरविंद की दृष्टि...

**- आलोक तुलस्यान**

धर्म ऊपर उठेगा। जब कहा जाता है कि भारतवर्ष महान होगा तो उसका अर्थ होता है सनातन धर्म महान होगा। जब कहा जाता है कि भारतवर्ष बढ़ेगा और फैलेगा तो इसका अर्थ होता है सनातन धर्म बढ़ेगा और संसार पर छा जायेगा। धर्म के लिये और धर्म के द्वारा ही भारत का अस्तित्व है। धर्म की महिमा बढ़ाने का अर्थ है देश की महिमा बढ़ाना। मैंने तुम्हें दिखा दिया है कि मैं सब जगह हूँ, सभी मनुष्यों और सभी वस्तुओं में हूँ, मैं इस आंदोलन में हूँ और केवल उन्हीं के अंदर कार्य नहीं कर रहा जो देश के लिये मेहनत कर रहे हैं। बल्कि उनके अंदर भी जो उनका विरोध करते और मार्ग में रोड़े अटकाते हैं। मैं प्रत्येक व्यक्ति के अंदर काम कर रहा हूँ और मनुष्य चाहे जो कुछ सोचें या करें, पर वे मेरे हेतु की सहायता करने के अतिरिक्त और कुछ नहीं कर सकते। वे भी मेरा ही काम कर रहे हैं; वे मेरे शत्रु नहीं बल्कि मेरे यंत्र हैं। तुम यह जाने बिना भी कि तुम किस ओर जा रहे हो, अपनी सारी क्रियाओं के द्वारा आगे बढ़ रहे हो। तुम करना चाहते हो कुछ और पर कर बैठते हो कुछ और। तुम एक परिणाम को लक्ष्य बनाते हो और तुम्हारे प्रयास ऐसे हो जाते हैं जो उससे भिन्न या उल्टे परिणाम लाते हैं। शक्ति का आविर्भाव हुआ है और उसने लोगों में प्रवेश किया है। मैं एक जमाने से इस उत्थान की तैयारी करता आ रहा हूँ और अब वह समय आ गया है। अब मैं ही इसे पूर्णता की ओर ले जाऊँगा।
यही वह वाणी है जो मुझे आपको सुनानी है। आपकी सभा का नाम है। 'धर्मरक्षिणी सभा'। अस्तु, धर्म का संरक्षण, दुनिया के सामने हिंदू धर्म का संरक्षण और उत्थान-यही कार्य हमारे सामने है। परंतु हिंदू धर्म क्या है? वह धर्म क्या है जिसे हम सनातन धर्म कहते हैं? वह हिंदू धर्म इसी नाते है कि हिंदू जाति ने इसको रखा है, क्योंकि समुद्र और हिमालय से घिरे हुए इस प्रायद्वीप के एकांतवास में यह फला-फूला है, क्योंकि इस पवित्र और प्राचीन भूमि पर इसकी युगों तक रक्षा करने का भार आर्य जाति को सौंपा गया था। परंतु यह धर्म किसी एक देश की सीमा से घिरा नहीं है, यह संसार के किसी सीमित भाग के साथ विशेष रूप से और सदा के लिये बंधा नहीं है। जिसे हम हिंदू धर्म कहते हैं वह वास्तव में सनातन धर्म है, क्योंकि यही वह विश्वव्यापी धर्म है जो दूसरे सभी धर्मों का आलिंगन करता है। यदि कोई धर्म विश्वव्यापी न हो तो वह सनातन भी नहीं हो सकता। कोई संकुचित धर्म, सांप्रदायिक धर्म, अनुदार धर्म कुछ काल और किसी मर्यादित हेतु के लिये ही रह सकता है। यही एक ऐसा धर्म है जो अपने अंदर विज्ञान के आविष्कारों और दर्शनशास्त्र के चिंतनों का पूर्वाभास देकर और उन्हें अपने अंदर मिलाकर जड़वाद पर विजय प्राप्त कर सकता है। यही एक धर्म है जो




मानवजाति के दिल में यह बात बिठा देता है कि भगवान हमारे निकट हैं, यह उन सभी साधनों को अपने अंदर ले लेता है जिनके द्वारा मनुष्य भगवान के पास पहुँच सकते हैं। यही एक ऐसा धर्म है जो प्रत्येक क्षण, सभी धर्मों के माने हुए इस सत्य पर जोर देता है कि भगवान हर आदमी और हर चीज में हैं तथा हम उन्हीं में चलते-फिरते हैं और उन्हीं में हम निवास करते हैं। यही एक ऐसा धर्म है जो इस सत्य को केवल समझने और उस पर विश्वास करने में ही हमारा सहायक नहीं होता बल्कि अपनी सत्ता के अंग-अंग में इसका अनुभव करने में भी हमारी मदद करता है। यही एक धर्म है जो संसार को दिखा देता है कि संसार है वासुदेव की लीला। यही एक ऐसा धर्म है जो हमें यह बताता है कि इस लीला में हम अपनी भूमिका अच्छी-से-अच्छी तरह कैसे निभा सकते हैं, जो हमें यह दिखाता है कि इसके सूक्ष्म से सूक्ष्म नियम क्या हैं, इसके महान-से-महान विधान कौन से हैं। यही एक ऐसा धर्म है जो जीवन की छोटी-से छोटी बात को भी धर्म से अलग नहीं करता, जो यह जानता है कि अमरता क्या है और जिसने मृत्यु की वास्तविकता को हमारे अंदर से एकदम निकाल दिया है।
यही वह वाणी है जो आपको सुनाने के लिये आज मेरी जबान पर रख दी गयी थी। मैं जो कुछ कहना चाहता था वह तो मुझसे अलग कर दिया गया है और जो मुझे कहने के लिये दिया गया है उससे अधिक मेरे पास कहने के लिये कुछ नहीं है। जो वाणी मेरे अंदर रख दी गयी थी केवल वही आपको सुना सकता हूँ। अब वह समाप्त हो चुकी है। पहले भी एक बार जब मेरे अंदर यही शक्ति काम कर रही थी तो मैंने आपसे कहा था कि वह आंदोलन राजनीतिक आंदोलन नहीं है और राष्ट्रीयता राजनीतिक नहीं, बल्कि एक धर्म है।

**(प्रसिद्ध उत्तरपाड़ा उद्बोधन से).**

# माइग्रेन की समस्या होने पर हो जायें सावधान



माइग्रेन, सिरदर्द की समस्या होने पर व्यक्ति कई तरह की स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं होने लगती हैं। बता दें कि माइग्रेन को साइकोसोमेटिक डिसऑर्डर के नाम से भी जाना जाता है। माइग्रेन की समस्या कई गंभीर बीमारियों का कारण बनती है। माइग्रेन, सिरदर्द की समस्या होने पर व्यक्ति कई तरह की स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं होने लगती हैं। बता दें कि माइग्रेन को साइकोसोमेटिक डिसऑर्डर के नाम से भी जाना जाता है। इसका मतलब होता है कि मानसिक स्वास्थ्य समस्या की वजह से शारीरिक लक्षण भी हो सकते हैं। माइग्रेन सामान्य सिरदर्द से काफी ज्यादा अलग होता है। माइग्रेन की समस्या होने पर व्यक्ति के एक तरफ का सिर बहुत तेज दर्द होता है, मिलती-उल्टी और प्रकाश आदि से अति संवेदनशीलता का अनुभव हो सकता है। हालांकि माइग्रेन एक कॉमन समस्या है, लेकिन अगर इसका समय से इलाज ना करवाया जाए, तो ये सामान्य सी समस्या गंभीर रोगों को बढ़ाने वाली भी हो सकती है। माइग्रेन के कारण व्यक्ति को अन्य तरह की स्वास्थ्य संबंधी जोखिम हो सकते हैं। ऐसे में अगर आप भी माइग्रेन से परेशान हैं, तो इसके जोखिमों को नजरअंदाज करने की गलती नहीं करनी चाहिए। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको माइग्रेन से होने वाली अन्य स्वास्थ्य संबंधी जोखिमों के बारे में बताने जा रहे हैं।

**हृदय रोगों का खतरा :** एक रिपोर्ट के अनुसार, जिन लोगों को अक्सर माइग्रेन का अटैक होता है। उन लोगों में स्ट्रोल का हार्ट अटैक का खतरा ज्यादा होता है। युवा आबादी में माइग्रेन की समस्या काफी कॉमन है और इसे स्ट्रोक के बढ़ते जोखिम के रूप में देखा जा रहा है। एक शोध में पाया गया है कि जिन लोगों को माइग्रेन की समस्या ज्यादा है। उनमें हृदय रोगों का जोखिम भी काफी ज्यादा पाया गया है। हेल्थ एक्सपर्ट्स की मानें तो माइग्रेन हृदय रोगों का जोखिम बढ़ाने वाली हो सकती है। माइग्रेन की समस्या होने पर यह रक्त वाहिकाओं को भी नुकसान पहुंचा सकता है। जिससे हृदय संबंधी रोगों का खतरा बढ़ जाता है।

**हार्ट अटैक का खतरा :** जिन लोगों को माइग्रेन की समस्या होती है, उन लोगों में दिल का दौरा पड़ने या हृदय गति से संबंधी रोग होने की आशंका अधिक होची है। माइग्रेन की समस्या से पीड़ित व्यक्ति को अन्य लोगों की तुलना में दिल का दौरा पड़ने का जोखिम ज्यादा होता है। सभी लोगों में माइग्रेन के जोखिम अलग-अलग प्रकार का हो सकता है। आवश्यक नहीं है कि माइग्रेन हर किसी के लिए गंभीर रोग का कारण बनें।

**माइग्रेन की समस्या को ना करें अनदेखा :** हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार, आमतौर पर मानसिक स्वास्थ्य विकारों से जोड़कर माइग्रेन की समस्या को देखा जाता रहा है। यानी कि अगर किसी व्यक्ति को डिप्रेशन या स्ट्रेस की समस्या रही है। तो उसे माइग्रेन होने का खतरा अधिक रहता है। माइग्रेन की समस्या अक्सर साइकोसोमेटिक है। इसलिए अगर आपको सामान्य इलाज से राहत नहीं मिल रही है। तो आपको फौरन किसी मानसिक स्वास्थ्य एक्सपर्ट की सलाह लेनी चाहिए।

## सूडोकु नवताल- 6817

✱✱✱✱✲ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | | 6 |
| 3 | | | | | 2 | | | |
| | | 7 | 6 | 5 | | | | 4 |
| 9 | 6 | | 5 | | | 1 | | 7 |
| 5 | | 1 | 4 | | 9 | 8 | | 2 |
| 4 | | 8 | | | | | 5 | 3 |
| 2 | | | | 6 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | | 8 |
| 7 | | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | | 1 |


- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6816 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 4 | 9 | 5 | 2 | 6 | 1 | 3 |
| 9 | 6 | 2 | 4 | 3 | 1 | 8 | 5 | 7 |
| 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 6 | 2 | 4 | 9 |
| 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 7 | 8 |
| 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 | 1 | 3 | 6 |
| 6 | 7 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 | 2 |
| 5 | 9 | 6 | 1 | 2 | 3 | 7 | 8 | 4 |
| 2 | 4 | 8 | 5 | 7 | 9 | 3 | 6 | 1 |

## दैनिक पंचांग

**09 सितम्बर 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | सिंह में | कन्या | 06.23 बजे से |
| चंद्र | मिथुन में | तुला | 08.34 बजे से |
| मंगल | कन्या में | वृश्चिक | 10.49 ब.से |
| बुध | सिंह में | धनु | 13.05 बजे से |
| गुरु | मेष में | मकर | 15.10 बजे से |
| शुक्र | कर्क में | कुंभ | 16.56 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मीन | 18.29 बजे से |
| राहु | मेष में | मेष | 20.00 बजे से |
| केतु | तुला में | वृष | 21.40 बजे से |
| राहुकाल | | मिथुन | 23.38 बजे से |
| 9.00 से 10.30 | | कर्क | 01.51 बजे से |
| बजे तक | | सिंह | 04.08 बजे से |

**शनिवार** 2023 वर्ष का 252 वां दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** वर्षा।
**विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945
**मास** भाद्रपद (दक्षिण भारत में श्रावण) **पक्ष** कृष्ण
**तिथि** दशमी 19.19 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** आर्द्रा 14.26 बजे को समाप्त।
**योग** व्यतीपात 22.35 बजे को समाप्त।
**करण** वणिज 06.21 बजे तदनन्तर विष्टि 19.19 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 23.6 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 05° 30'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1871731
**जूलियन दिन** 2460196.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2549
**हिजरी सन्** 1445
**महीना** सफर
**तारीख** 23

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| काल | 05.55 से | 07.23 बजे तक | लाभ | 05.37 से | 07.10 बजे तक |
| शुभ | 07.23 से | 08.51 बजे तक | उद्वेग | 07.10 से | 08.42 बजे तक |
| रोग | 08.51 से | 10.19 बजे तक | शुभ | 08.42 से | 10.14 बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 से | 11.46 बजे तक | अमृत | 10.14 से | 11.47 बजे तक |
| चर | 11.46 से | 01.14 बजे तक | चर | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| लाभ | 01.14 से | 02.42 बजे तक | रोग | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| अमृत | 02.42 से | 04.10 बजे तक | काल | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| काल | 04.10 से | 05.37 बजे तक | लाभ | 04.23 से | 05.56 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7879

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | ■ | 3 | | 4 | | ■ | 5 |
| ■ | 6 | 7 | | ■ | | ■ | 8 | |
| 9 | ■ | 10 | | 11 | ■ | 12 | | ■ |
| 13 | | ■ | ■ | | ■ | 14 | | 15 |
| | ■ | 16 | | | | | ■ | |
| 17 | 18 | | ■ | | ■ | ■ | 19 | |
| ■ | 20 | | ■ | 21 | 22 | 23 | ■ | |
| 24 | | ■ | 25 | ■ | 26 | | 27 | ■ |
| | ■ | 28 | | | | ■ | 29 | |

**बाएँ से दाएँ**
1.पेड़,दरख्त-2
3.प्रार्थना,पूजना-4
6.आदर्श,पैमाना-3
8.त्वचा,चमड़ी,खाल-2
10.सड़ने की प्रक्रिया,गलन-3
12.देव,देवता-2
13.चलने का ढंग-2
14.प्रशंसा,गुणगान-3
16.आरामदायक-5
17.कक्ष,रूम-3
19.हिंदू कलैंडर का एक महीना, भाद्रवा-2
20.500 कागजों की गड्डी-2
21.कबाड़,खराब वस्तु-3
24.मजा,मस्ती-2
26.सांभर जैसा खाद्य पदार्थ-3
28.शोरगुल,-4
29.तह,परत-2

**ऊपर से नीचे**
2.माफी-2
3.झूठी शान,घमंड-3
4.गर्दन से नीचे का शरीर,देह-2
5.अपराध,गुनाह-2
7.रग,नाड़ी-2
8.सूत कातने का यंत्र-3
9.एकाएक-4
11.शीश झुकाए हुए-5
12.भोर,प्रातः-3
15.ननद का पति-4
16.विश्राम,राहत-3
18.रोगी,बीमार-3
22.उच्चतम-3
23.गरबा,नृत्य-2
24.मृत्यु-2
25.रास्ता,मार्ग-2
27.आनंदित,मौजी-2

**शब्द पहेली -7878 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प | का | श | ■ | छ | ■ | आ | स | ■ |
| हा | ■ | र | म | ग | ला | ई | ■ | जों |
| र | म | ण | ■ | छ | ■ | ना | ह | क |
| ■ | न | ■ | ■ | म | ■ | ■ | क | ■ |
| अ | प | रा | ध | ■ | न | ह | ला | ना |
| ■ | सं | ■ | ■ | जा | ■ | ■ | ह | ■ |
| क | द | म | ■ | न | ■ | ब | ट | र |
| ब | ■ | द | शा | व | ता | र | ■ | ई |
| ■ | फो | न | ■ | र | ■ | खा | लि | स |

## आज का राशिफल

**मेष राशि :** व्यर्थ की भाग-दौड़ से बचा जाए तो अच्छा है। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

**वृष राशि :** आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे।

**मिथुन राशि :** आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। उतावलेपन से बचें। मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यों को आज ही निपटा लें।

**कर्क राशि :** व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

**सिंह राशि :** खान-पान में विशेष सावधानी बरतें। मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक संपत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें।

**कन्या राशि :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी।

**तुला राशि :** अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक राशि :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी।

**धनु राशि :** कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

**मकर राशि :** परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव।

**कुंभ राशि :** शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी।

**मीन राशि :** आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा।

### एनजेडसी ने इंग्लैंड महिला ए के न्यूजीलैंड दौरे की लिज ग्रीन पुष्टि की, कहा

# एकदिवसीय सीरीज से खिलाड़ियों को बल मिलेगा

**एजेंसी। क्राइस्टचर्च**

न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने शुक्रवार को कहा कि इंग्लैंड की महिलाएं पहली बार इनबाउंड ए दौरे के लिए न्यूजीलैंड की यात्रा करेंगी। इस यात्रा में दक्षिण द्वीप के कई स्थानों पर तीन टी20 और तीन 50 ओवर के मैच शामिल होंगे और मार्च में टी20 और एकदिवसीय श्रृंखला एक के बाद एक होंगी । न्यूजीलैंड क्रिकेट की महिला हाई परफॉर्मेंस प्रमुख लिज ग्रीन ने कहा कि ए सीरीज घरेलू और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के बीच अंतर को पाटने के चल रहे प्रयासों का हिस्सा है। ग्रीन ने कहा, इस गर्मी में एक मजबूत इंग्लैंड ए टीम का स्वागत करते हुए हम अपनी सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ियों के लिए एक महत्वाकांक्षी मार्ग कार्यक्रम बनाने के अपने लक्ष्य के अनुरूप हैं। हाल ही में संपन्न महिलाओं की एशेज श्रृंखला ने अंग्रेजी खेल कार्यक्रम की गहराई और ताकत को दिखाया और



यह है इस गर्मी में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों का हमारे यहां आना रोमांचक है। दौरे अधिक खिलाड़ियों को अगले स्तर पर खुद को परखने का अवसर प्रदान करते हैं, देखते हैं कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट कैसा दिखता है और उनकी तुलना कैसे की जाती है। यह चुनौतीपूर्ण होने वाला है क्योंकि इंग्लैंड वास्तव में एक मजबूत पक्ष है, लेकिन यह भविष्य में व्हाइट फर्म बनने की इच्छा रखने वालों के लिए एक शानदार अवसर है। ग्रीन ने कहा कि इस दौरे के लिए चुने जाने का अवसर हैलीबर्टन जॉनस्टोन शील्ड और सुपर स्मैश अभियान के दौरान घरेलू खिलाड़ियों को प्रेरित करेगा। गर्मियों के अंत में अंतरराष्ट्रीय विपक्ष के खिलाफ खेलने का मौका निश्चित रूप से घरेलू सीजन में एक और आयाम जोड़ेगा। ग्रीन ने कहा कि यह श्रृंखला पिछली गर्मियों में फिर से शुरू की गई महिलाओं की उत्तर बनाम दक्षिण टी20 श्रृंखला की गति पर आधारित होगी। ₹उत्तर बनाम दक्षिण श्रृंखला का प्रदर्शन शानदार था और यह देखना विशेष रूप से शानदार था कि खिलाड़ियों ने किस तरह से प्रतिद्वंद्विता और खुद को परखने के अवसर को स्वीकार किया। उन्होंने कहा, इंग्लैंड ए दौरा इसका एक और विस्तार होगा और हमारा लक्ष्य प्रत्येक सीजन में अपने अगले स्तर के खिलाड़ियों को इन विकास श्रृंखलाओं की पेशकश जारी रखना है।

> **गर्मियों के अंत में अंतरराष्ट्रीय विपक्ष के खिलाफ खेलने का मौका निश्चित रूप से घरेलू सीजन में एक और आयाम जोड़ेगा। ग्रीन ने कहा कि यह श्रृंखला पिछली गर्मियों में फिर से शुरू की गई है**

### एशियाई खेलों में अपने प्रदर्शन को लेकर आश्वस्त हैं गुरजंत सिंह

**बेंगलुरु ।** 19वें एशियाई खेल हांगझाऊ 2022 के लिए 18 सदस्यीय टीम में जगह बनाने के बाद भारतीय पुरुष हॉकी टीम के फॉरवर्ड गुरजंत सिंह अपने कौशल और अनुभव से टीम के लिए शानदार प्रदर्शन करना चाहते हैं। 28 वर्षीय फारवर्ड जिन्होंने 2017 में टेस्ट सीरीज के दौरान बेल्जियम के खिलाफ अपनी सीनियर टीम की शुरूआत की थी, चोट के कारण एशियाई खेलों के पिछले संस्करण से चूक गए थे। अब नए सीजन में इस मार्की कॉन्टिनेंटल इवेंट में गुरजंत की यह पहली उपस्थिति होगी जिसे लेकर वो काफी उत्साहित हैं। हॉकी इंडिया की वेबसाइट ने गुरजंत के हवाले से कहा, मैं चोट के कारण एशियाई खेलों के पिछले संस्करण में नहीं खेल पाया था। लेकिन, इस बार अपने देश का प्रतिनिधित्व करने का मौका पाकर मैं सम्मानित और उत्साहित हूं। पिछले कुछ महीनों में, मैंने अपने कौशल पर कड़ी मेहनत की है और मैं टीम को लक्ष्य हासिल करने में मदद करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने को उत्सुक हूं।


# पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ गोल्फ का आनन्द लेते नजर आए एमएस धोनी




**एजेंसी। नई दिल्ली**

न्यूयॉर्क में चल रहे यूएस ओपन ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में टेनिस मैच का लुत्फ उठाने के एक दिन बाद, भारत के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ गोल्फ का आनंद लेते देखा गया। दुबई स्थित उद्यमी हितेश सांघवी, ने न्यू जर्सी में ट्रम्प नेशनल गोल्फ क्लब बेडमिंस्टर में पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ गोल्फ खेल रहे धोनी की एक तस्वीर साझा की।सांघवी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर लिखा , धोनी, डोनाल्ड ट्रम्प और राजीव नैक के साथ गोल्फ। हमारी मेजबानी के लिए धन्यवाद राष्ट्रपति महोदय। अपनी एक इंस्टाग्राम स्टोरी में, सांघवी ने एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें धोनी और ट्रम्प दोनों को एक साथ गोल्फ खेलते देखा जा सकता है। इससे पहले विगत बुधवार को, धोनी को कार्लोस अल्कराज और अलेक्जेंडर ज्वेरेव के बीच यूएस ओपन पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल मैच देखते हुए देखा गया था। इस साल की शुरूआत में, धोनी के नेतृत्व में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने फाइनल में गुजरात टाइटंस को हराकर रिकॉर्ड पांचवें आईपीएल खिताब की बराबरी की। उन्होंने बाएं घुटने की समस्या के साथ चेन्नई के लिए पूरा आईपीएल 2023 सीजन खेला था। आईपीएल के बाद धोनी के बाएं घुटने की सफल सर्जरी हुई, जिसे मुंबई के एक अस्पताल में डॉ. दिनशॉ पारदीवाला ने किया। धोनी की सफल घुटने की सर्जरी ने अगले साल इंडियन प्रीमियर लीग के 17वें संस्करण में उनकी भागीदारी को लेकर उम्मीद जगा दी है। 2023 के आईपीएल फाइनल के बाद, धोनी ने कहा था कि अगर उनका शरीर उन्हें ऐसा करने की अनुमति देता है, तो वह प्रशंसकों के लिए कम से कम एक और सीजन के लिए वापसी करेंगे।

# गॉफ और सबालेंका के बीच होगा महिला एकल का खिताबी मुकाबला



**एजेंसी। न्यूयॉर्क**

यूएस ओपन में कैरोलिना मुचोवा के खिलाफ सीधे सेटों में जीत के बाद अमेरिकी किशोर सनसनी कोको गॉफ अपने करियर में दूसरी बार ग्रैंड स्लैम फाइनल में खेलेंगी। गॉफ ने गुरुवार रात मुचोवा को 6-4, 7-5 से हराकर फ्लशिंग मीडोज में महिला एकल फाइनल में पहली बार प्रवेश किया। छठी वरीयता प्राप्त गॉफ ने लगातार 11 मैच जीते हैं, जो उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ स्ट्रीक है, और 18 में से 17 मैच जीते हैं, जिसमें वाशिंगटन डी.सी. और सिनसिनाटी में खिताब शामिल हैं। गॉफ यहां चार सेमीफाइनलिस्टों में सबसे कम उम्र की हैं - लगभग छह साल का अंतर है। 19 वर्षीय, 1999 में सेरेना विलियम्स के बाद यूएस ओपन के फाइनल में भाग लेने वाली सबसे कम उम्र की अमेरिकी महिला खिलाड़ी बन गयी हैं। वह सेरेना, उनकी बहन वीनस और स्लोएन स्टीफंस के बाद इस सदी में ओपन जीतने वाली चौथी अमेरिकी महिला बनने की कोशिश कर रही हैं। इसके अलावा, गॉफ मारिया शारापोवा (2004 विंबलडन और 2006 यूएस ओपन) के बाद कई ग्रैंड स्लैम फाइनल (2020 रौलां गैरो सहित) में भाग लेने वाली सबसे कम उम्र की महिला हैं और 1990-93 तक मोनिका सेलेस के बाद ऐसा करने वाली सबसे कम उम्र की अमेरिकी महिला हैं। शनिवार के फाइनल में गॉफ का मुकाबला नंबर 2 आर्यना सबालेंका से होगा, जो रात के दूसरे मैच में तीसरे सेट के टाईब्रेक में नंबर 17 मैडिसन कीज से बाल-बाल बच गईं। सबालेंका, डब्ल्यूटीए नंबर 1 इन-वेटिंग, ने अपने पहले यूएस ओपन फाइनल में आगे बढ़ने के लिए कीज के खिलाफ सेमीफाइनल में 0-6, 7-6(1), 7-6(5) से जीत हासिल की। 25 वर्षीय बेलारूसी खिलाड़ी ने सेमीफाइनल तक पहुंचने के रास्ते में एक भी सेट नहीं गंवाया था और खेले गए 10 सेटों में केवल 21 गेम हारे थे, लेकिन पहले सेट में कीज के शानदार प्रदर्शन ने उन्हें शुरूआत में ही बैकफुट पर ला दिया। यूएस ओपन के बाद आधिकारिक तौर पर रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने के बाद, सबालेंका ने इस साल अपने दूसरे स्लैम फाइनल के साथ बड़ी प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन जारी रखा है।

### लाबुशेन की मां की भविष्यवाणी सही निकली

**ब्लोमफोंटेन।** ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपने प्लेयर ऑफ द मैच प्रदर्शन के साथ चयनकताओं को समय पर याद दिलाया, जो एक स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में आए थे, क्योंकि उनकी मां ने सही भविष्यवाणी की थी कि उनका बेटा दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले वनडे में खेलेगा। लाबुशेन, जिन्हें इस महीने की शुरूआत में आश्चर्यजनक रूप से ऑस्ट्रेलिया की विश्व कप टीम से बाहर कर दिया गया था, लेकिन जब वह कैमरून ग्रीन की जगह कनकशन विकल्प के रूप में आए, तो उन्हें अपना कौशल दिखाने का मौका मिला और उन्होंने 93 गेंदों में नाबाद 80 रन की मैच विजयी पारी खेली। ग्रीन को बाएं कान के पीछे चोट लगी जब वह कैगिसो रबाडा की 140 किमी प्रति घंटे से अधिक की गेंद को डक करने गए, जो ऑफ स्टंप से कोण बना रही थी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने पुष्टि की कि उनका एहतियाती स्कैन कराया गया है और अब वह आठ दिवसीय कनकशन प्रोटोकॉल में प्रवेश करेंगे।

# भारत-पाकिस्तान सुपर 4 मैच में बारिश से निपटने के लिए होगा रिजर्व डे




**एजेंसी। कोलंबो**

एशिया कप में भारत-पाकिस्तान के सुपर-4 चरण का 10 सितंबर को कोलंबो में होने वाला बहुप्रतीक्षित मैच यदि बारिश से प्रभावित होता है तो उसके लिए एक रिजर्व डे होगा। 10 सितंबर को कोलंबो के आर. प्रेमदासा अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में होने वाले पाकिस्तान बनाम भारत के एशिया कप सुपर 4 मैच के लिए एक रिजर्व डे रखा गया है। अगर खराब मौसम के कारण पाकिस्तान बनाम भारत मैच के दौरान खेल रुक जाता है, तो मैच 11 सितंबर 2023 को वहीं से जारी रहेगा जहां से इसे निलंबित किया गया था। ऐसी स्थिति में टिकट धारकों को सलाह दी जाती है कि वे अपने मैच टिकट अपने पास रखें जो रिजर्व डे पर भी मान्य रहेंगे। इसका मतलब है कि अगर भारत-पाकिस्तान मैच 11 सितंबर तक खिंचता है, तो रोहित शर्मा एंड कंपनी लगातार तीन दिनों तक खेलेगी, क्योंकि उन्हें 12 सितंबर को उसी स्थान पर श्रीलंका का सामना करना है। दिलचस्प बात यह है कि प्रतियोगिता के बाकी सुपर फोर मैचों के लिए रिजर्व डे रखने के बारे में कोई जानकारी नहीं है, जिसमें 15 सितंबर को बांग्लादेश के खिलाफ टूर्नामेंट के इस चरण में भारत का आखिरी गेम भी शामिल है।

# यूरो 2024 क्वालीफाइंगः फ्रांस नीदरलैंड, पोलैंड ने दर्ज की जीत



**एजेंसी। पेरिस**

फ्रांस ने गुरुवार रात यूरो 2024 क्वालीफायर में आयरलैंड पर 2-0 से जीत दर्ज की, जबकि नीदरलैंड ने ग्रीस को 3-0 से हराया। फ्रांस अपने सभी पांच मैच जीतकर 15 अंकों के साथ ग्रुप बी की अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया। आयरलैंड पर इस जीत में फ्रांस के लिए ऑरेलियन टचौमेनी (19वें मिनट) और मार्कस थुरम (48वें मिनट) ने गोल किये। वहीं, नीदरलैंड्स के तीन मैचों में दो जीत और एक हार के साथ छह अंक हैं और वह दूसरे स्थान पर है। नीदरलैंड के लिए मैच में मार्टन डी रून (17वें मिनट), कोडी गाकपो (31वें मिनट) और वाउट वेघोर्स्ट (39वें मिनट) ने गोल किये। ग्रुप ई में अल्बानिया (सात अंक) ने ग्रुप टॉपर्स चेक गणराज्य (आठ अंक) के खिलाफ 1-1 से ड्रा खेलकर अपनी चुनौती बरकरार रखी। चेक ने 56वें मिनट में वेक्लाव सेर्नी के गोल से बढ़त बना ली थी लेकिन नेदिम बजरामी ने 10 मिनट बाद गोल कर अल्बानिया को बराबरी दिला दी। ग्रुप ई के अन्य मैच में पोलैंड (छह अंक और तीसरे नंबर पर) ने फरो आइलैंड्स (एक अंक और सबसे निचले स्थान पर) को 2-0 से हराया। पोलैंड के लिए रॉबर्ट लेवांडावस्की ने दो गोल किए, उन्होंने पहला गोल 73वें मिनट में पेनल्टी स्ट्राइक से और फिर दूसरा गोल 83वें मिनट में किया। ग्रुप जी के मैच में हंगरी ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए सर्बिया को 2-1 से हरा दिया और ग्रुप के शीर्ष पर तीन अंकों की बढ़त बना ली। लिथुआनिया (2 अंक और चौथे स्थान पर) ने मोंटेनेग्रो (चार अंक और तीसरे स्थान पर) के खिलाफ 2-2 से ड्रा खेला।

# पीकेएल खिलाड़ियों की नीलामी 9 और 10 अक्टूबर को मुंबई में



**एजेंसी। मुंबई**

प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के आयोजकों ने शुक्रवार को सीजन 10 के लिए खिलाड़ियों की नीलामी की संशोधित तारीखों की घोषणा की। शुरूआत में 8-9 सितंबर को होने वाली नीलामी अब 9 और 10 अक्टूबर को होगी। इस महीने के अंत में शुरू होने वाले एशियाई खेलों के लिए भारतीय कबड्डी टीम की चल रही तैयारियों को देखते हुए एमेच्योर कबड्डी फेडरेशन ऑफ इंडिया (एकेएफआई) के अनुरोध पर खिलाड़ियों की नीलामी स्थगित कर दी गई थी। सीजन 10 प्लेयर पूल में खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2023 की दो फाइनलिस्ट टीमों के 24 खिलाड़ियों सहित 500 से अधिक खिलाड़ी शामिल होंगे। प्रत्येक फ्रेंचाइजी के लिए उपलब्ध वेतन पर्स 5 करोड़ रुपये है। पीकेएल सीजन 10 के खिलाड़ियों की नीलामी में घरेलू और विदेशी खिलाड़ियों को चार कैटेगरी में बांटा जाएगा। कैटेगरी ए, बी, सी और डी हैं और खिलाड़ियों को प्रत्येक कैटेगरी के भीतर 'ऑल-राउंडर्स', 'डिफेंडर्स' और 'रेडर्स' के रूप में बांटा जाएगा।

# मेग लैनिंग वेस्टइंडीज सीरीज से बाहर, हीली और पेरी की वापसी

**एजेंसी। मेलबर्न**

ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम की कप्तान मेग लैनिंग को वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी टी20 और एकदिवसीय घरेलू श्रृंखला से बाहर कर दिया गया है और इसके बजाय वह घरेलू क्रिकेट के माध्यम से धीरे-धीरे वापसी करने के लिए तैयार हैं क्योंकि वह एक अज्ञात बीमारी से उबर रही हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) द्वारा शुक्रवार को जारी की गई दो टीम सूचियों में लैनिंग का नाम नहीं था, जिसमें एलिसा हीली टूटी हुई उंगली से उबरने के बाद स्टैंड-इन कप्तान के रूप में लौटीं। हीली इस चोट के कारण अगस्त में आयरलैंड के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया के आखिरी वनडे और महिला हंड्रेड से बाहर थीं। एलिसे पेरी भी घुटने की चोट के कारण आयरलैंड और द हंड्रेड के खिलाफ आखिरी वनडे में नहीं खेल पाईं लेकिन अब वह भी



वापसी कर रही हैं। लैनिंग ने फरवरी में दक्षिण अफ्रीका में टी20 विश्व कप के बाद से ऑस्ट्रेलिया के लिए नहीं खेला है और मार्च में डब्ल्यूपीएल के बाद से उन्होंने बिल्कुल भी नहीं खेला है क्योंकि वह एक अज्ञात बीमारी के कारण पूरे यूके दौरे से बाहर हो गईं थीं। वह हाल के सप्ताहों में विक्टोरिया के साथ प्रशिक्षण पर लौट आई हैं और अपनी राज्य टीम के साथ क्वींसलैंड के सनशाइन कोस्ट की प्री-सीजन दौरे पर हैं। हीली को उम्मीद थी कि लैनिंग अक्टूबर में वेस्टइंडीज के खिलाफ खेलने के लिए तैयार होंगी। हालाँकि, वह वेस्टइंडीज के खिलाफ दो श्रृंखलाओं के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी के लिए तैयार नहीं है।

### पूरी तैयारी | वर्ल्ड कप के लिए अंपायर्स-रेफरी का ऐलान

# नितिन मेनन और जवागल श्रीनाथ शामिल

**एजेंसी। दुबई**

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भारत में होने वाले पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 के लीग दौर के लिए 20 मैच अधिकारियों की घोषणा की है। टूर्नामेंट के 13वें संस्करण में सोलह अंपायर अंपायरिंग करेंगे, जिसमें आईसीसी के एमिरेट्स एलीट पैनल के सभी 12 अंपायर और आईसीसी इमर्जिंग अंपायर पैनल के चार सदस्य शामिल हैं। इनमें क्रिस ब्राउन, कुमार धर्मसेना, मराइस इरास्मस, क्रिस गैफनी, माइकल गफ, एड्रियन होल्डस्टॉक, रिचर्ड इलिंगवर्थ, रिचर्ड केटलबोरो, नितिन मेनन, अहसान रजा, पॉल रिफेल, शरफुद्दौला इब्ने शैद, रॉड टकर, एलेक्स व्हार्फ, जोएल विल्सन और पॉल विल्सन शामिल हैं। अनुभवी सूची में लॉर्ड्स में आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2019 फाइनल




के लिए नियुक्त किए गए चार अंपायरों में से तीन - धर्मसेना, इरास्मस और टकर शामिल हैं, सूची से केवल अलीम डार गायब हैं, जिन्होंने इस साल मार्च में एलीट पैनल से इस्तीफा दे दिया था। मैच रेफरी के एमिरेट्स आईसीसी एलीट पैनल का प्रतिनिधित्व इस कार्यक्रम में पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटरों, जेफ क्रो, एंडी पाइक्रॉफ्ट, रिची रिचर्डसन और जवागल श्रीनाथ द्वारा किया जा रहा है। श्रीनाथ 5 अक्टूबर को अहमदाबाद में आखिरी इवेंट के फाइनलिस्ट इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच की जिम्मेदारी संभालेंगे। मेनन और धर्मसेना स्थायी अंपायर होंगे, पॉल विल्सन टीवी अंपायर होंगे और सैकत चौथे अंपायर की भूमिका निभाएंगे। टूर्नामेंट के सेमीफाइनल और फाइनल के चयन की घोषणा भी उचित समय पर की जाएगी। आईसीसी के महाप्रबंधक (क्रिकेट) वसीम खान ने कहा, इतने बड़े आयोजन के लिए आपको हर स्तर पर उच्च प्रदर्शन करने वाले व्यक्तियों की आवश्यकता होती है। रेफरी और अंपायरों से भरा आईसीसी एलीट पैनल का यह समूह इस विश्व कप में अपार कौशल, अनुभव और विश्व स्तरीय मानक लाएगा। हम उस समूह से खुश हैं जिसे हमने इस टूर्नामेंट के लिए इकट्ठा किया है। उन्होंने कहा, आईसीसी क्रिकेट संचालन विभाग हमारे सदस्य बोर्डों की मदद से एक मजबूत और योग्यतापूर्ण चयन प्रक्रिया संचालित करने में बहुत गर्व और प्रयास करता है।

> **महाप्रबंधक ने कहा कि आईसीसी क्रिकेट संचालन विभाग हमारे सदस्य बोर्डों की मदद से एक मजबूत और योग्यतापूर्ण चयन प्रक्रिया संचालित करने में बहुत गर्व और प्रयास करता है।**

### यूएस ओपन : बोपन्ना ग्रैंड स्लैम फाइनल में पहुंचने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी

**न्यूयॉर्क।** भारत के रोहन बोपन्ना गुरुवार को ग्रैंड स्लैम फाइनल में पहुंचने वाले सबसे उम्रदराज पुरुष खिलाड़ी बन गए और उन्होंने विश ?व रिकॉर्ड बनाया, जब वह और उनके साथी ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन यहां यूएस ओपन के पुरुष युगल फाइनल में पहुंचे। लुइस आर्मस्ट्रांग स्टेडियम में खेलते हुए बोपन्ना और एबडेन की छठी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने 1 घंटे 34 मिनट तक चले सेमीफाइनल मुकाबले में पियरे-ह्यूजेस हर्बर्ट और निकोलस माहुत की फ्रांसीसी जोड़ी को 7-6 (3), 6-2 से हराया। इस प्रक्रिया में बोपन्ना ने उम्र को मात देना जारी रखा और 43 साल और 6 महीने की उम्र में यूएस ओपन पुरुष युगल फाइनल में पहुंच गए। बोपन्ना, ग्रैंड स्लैम जीतने वाले चौथे भारतीय खिलाड़ी हैं, जब उन्होंने गैब्रिएला डाब्रोव्स्की के साथ 2017बी फ्रेंच ओपन मिश्रित युगल का खिताब जीता था, उन्होंने कनाडा के डैनियल नेस्टर के रिकॉर्ड को हराया था।



## NEWS इन ब्रीफ

### आरबीआई ने कोटक एमडी के रूप में दीपक गुप्ता की नियुक्ति को मंजूरी दी

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने उदय कोटक के इस्तीफे के बाद कोटक महिंद्रा बैंक के अंतरिम प्रबंध निदेशक और सीईओ के रूप में दीपक गुप्ता की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। कोटक महिंद्रा बैंक ने शेयर बाजार को बताया कि आरबीआई ने सात सितंबर, 2023 को अपने पत्र के माध्यम से गुप्ता की नियुक्ति को मंजूरी दी। उनकी नियुक्ति दो सितंबर, 2023 से दो महीने के लिए प्रभावी है। उम्मीद है कि आरबीआई इस दौरान बैंक के पूर्णकालिक एमडी की नियुक्ति को मंजूरी दे देगा। उदय कोटक ने अपने कार्यकाल से लगभग चार महीने पहले एक सितंबर को बैंक के एमडी और सीईओ पद से इस्तीफा दे दिया था।

### मुकेश अंबानी भारत को दुनिया का चिपमेकर बनाएंगे

**नई दिल्ली।** देश में सेमीकंडक्टर प्लांट लगाने को लेकर एक बार फिर संभावनाओं का दौर परवान चढ़ने लगा है। गुरुवार को खबर आई थी कि कॉन्ट्रैक्ट मैन्यूफैक्चरर फॉक्सकॉन के साथ मिलकर भारत में चिप फैक्ट्री लगाने की योजना बना रहा है। अब आज रिलायंस के भी इस सेक्टर में कूदने की खबरें आ रही हैं। रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के अनुसार अरबपति मुकेश अंबानी के ग्रुप ने भी सेमीकंडक्टर मैन्यूफैक्चरिंग में संभावनाएं तलाशनी शुरू कर दी है। रिलायंस इंडस्ट्रीज सेमीकंडक्टर की सप्लाई चेन जरूरतों को पूरा करने और भारत में बढ़ती चिप की डिमांड का लाभ उठाना चाहती है। मामले से जुड़े दो लोगों ने यह जानकारी दी है। रिलायंस ग्रुप ऐसे विदेशी चिपमेकर्स के साथ बातचीत के शुरूआती चरण में हैं, जिन्हें टेक्नोलॉजी पार्टनर बनाया जा सके। मामले की जानकारी रखने वाले एक व्यक्ति ने यह बात कही। उन्होंने कहा, 'वहां इरादा है, लेकिन कोई समयसीमा नहीं है।

# भारत ने अमेरिका के आधा दर्जन उत्पादों से अतिरिक्त शुल्क हटाया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत ने अमेरिका के लगभग आधा दर्जन उत्पादों पर 2019 में लगाया गया अतिरिक्त शुल्क हटा दिया है। अमेरिका द्वारा भारत के कुछ इस्पात और एल्युमीनियम उत्पादों पर शुल्क बढ़ाने के फैसले के जवाब में यह कदम उठाया गया था। भारत ने 2019 में अमेरिका के इस कदम के जवाब में उसके 28 उत्पादों पर यह शुल्क लगाया था। वित्त मंत्रालय की 5 सितंबर की अधिसूचना में इन उत्पादों से शुल्क हटाने की जानकारी दी गई है। इन उत्पादों में चना, दाल (मसूर), सेब, छिलके वाला अखरोट और ताजे या सूखे बादाम के साथ ही छिलके वाले बादाम शामिल हैं। इन अमेरिकी उत्पादों पर से अतिरिक्त शुल्क हटाने से देश में ये वस्तुएं



अब सस्ते भाव पर उपलब्ध होंगे। भारत ने यह कदम अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए भारत आने से पहले उठाया है। बाइडन शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ द्विपक्षीय वार्ता भी करेंगे। प्रधानमंत्री की जून में आधिकारिक अमेरिका यात्रा पर दोनों देशों ने विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में छह विवादों को खत्म करने और अमेरिकी उत्पादों पर प्रतिक्रिया स्वरूप लगाए गए शुल्क को हटाने का फैसला लिया था। समझौते के तौर पर, भारत चने पर 10 प्रतिशत, मसूर की दाल पर 20 प्रतिशत, ताजे और सूखे बादाम पर सात रुपए प्रति किलोग्राम, छिलके वाले बादाम पर 20 रुपए प्रति किलोग्राम, अखरोट पर 20 प्रतिशत और ताजा सेब पर 20 प्रतिशत शुल्क हटाएगा।

वाणिज्य एवं उद्योग राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने जुलाई में राज्यसभा में लिखित जवाब में कहा था कि सरकार ने सूखे, ताजे, छिलके वाले बादाम, अखरोट, चना, मसूर, सेब, बोरिक एसिड और ह्यमेडिकल डायग्नोस्टिक रीजेंट्स' पर लगाए गए जवाबी शुल्क को हटाने का फैसला किया है। उन्होंने कहा था कि अमेरिका के खिलाफ लगाए गए जवाबी शुल्क को खत्म करने या आयात शुल्क में कटौती से भारत को कोई नुकसान नहीं होगा। अमेरिका, भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है।

### अगस्त महीने में सबसे ज्यादा खोले गए डीमैट खाते

**नई दिल्ली।** बीते महीने यानी अगस्त में देश में निवेशकों ने जमकर डीमैट खाते खोले हैं। अगस्त में 19 महीनों में सबसे ज्यादा नये डीमैट खाते खोले गये। सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विस और नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी के आंकड़ों पर नजर डालें तो, बीते महीने 31 लाख डीमैट खाते खोले गए। जो कि जनवरी 2022 के बाद से खाता खुलने की सबसे अधिक संख्या है। कुल डीमैट टेली 12.66 करोड़ को पार कर गई। जो इसके एक महीने पहले की संख्या से 2.51 प्रतिशत और एक साल पहले से 25.83 प्रतिशत अधिक है। अगर भारत के बेंचमार्क इंडेक्सेस सेंसेक्स और निफ्टी की बात करें को बीते महीने यानी अगस्त में लगभग 2.5 प्रतिशत की गिरावट देखी गई। जबकि ब्रॉडर मार्केट बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप में क्रमशः 2.6 प्रतिशत और 6.1 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है। अगस्त में निवेशकों ने अंडरवैल्यूड स्टॉक्स पर फोकस दिखाया।

## विश्व बैंक ने जी-20 दस्तावेज में भारत की प्रगति को सराहा

**एजेंसी। नई दिल्ली**




डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना (डीपीआई) का भारत पर परिवर्तनकारी प्रभाव पड़ा है। ये दायरा वित्तीय समावेशन से कहीं आगे है। विश्व बैंक द्वारा तैयार वित्तीय समावेश के लिए जी-20 वैश्विक साझेदारी दस्तावेज ने केंद्र सरकार के तहत पिछले दशक में भारत में डीपीआई के परिवर्तनकारी प्रभाव की सराहना की है। वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी बयान में बताया कि विश्व बैंक के दस्तावेज में केंद्र सरकार द्वारा उठाए गए अभूतपूर्व कदमों और डिजिटल पब्लिक इंफ्रॉस्ट्रक्चर परिदृश्य को आकार देने में सरकारी नीति और विनियमन की अहम भूमिका पर चर्चा की गई। भारत के डीपीआई दृष्टिकोण की सराहना करते हुए विश्व बैंक के दस्तावेज में कहा गया है कि भारत ने केवल छह वर्षों में वह हासिल कर लिया है, जो लगभग पांच दशकों में होता। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की वित्तीय समावेशन रणनीति जन-धन (जे), आधार (ए) और मोबाइल (एम) की जेएएम तिकड़ी पर निर्भर करती है, जो वित्तीय सेवाओं तक पहुंच के लिए अधिक कारगर खाता खोलने और भुगतान अनुप्रयोगों के लिए डिजिटल आईडी को एकीकृत करती है। जेएएम ट्रिनिटी ने वित्तीय समावेश की दर को 2008 के 25 फीसदी से बढ़ाकर पिछले 6 साल में वयस्कों के लिए 80 फीसदी से अधिक कर दिया है, जिससे इस यात्रा की अवधि 47 साल तक कम हो गई है। इसके लिए डीपीआई को धन्यवाद दिया जाना चाहिए। विश्व बैंक के दस्तावेज में कहा गया है कि प्रधानमंत्री जनधन योजना खातों (पीएमजेडीवाई) की संख्या, योजना शुरुआ होने के बाद से बढ़कर लगभग तिगुनी हो गई है।

### 200 के पार पहुंचने के बाद टमाटर की कीमतें हुईं धड़ाम

# किसान फसल को सड़क पर फेंकने को हुए मजबूर

**एजेंसी। भोपाल**

पिछले महीने टमाटर की कीमतें 200 रुपये प्रति किलो के पार पहुंचने के बाद अब फिर से नीचे आने लगी हैं। आंध्र प्रदेश में टमाटर 4 रुपये प्रति किलो के नीचे बिक रहा है। कम कीमतों से परेशान होकर किसान अपनी उपज को सड़कों पर फेंकने को मजबूर हैं। किसानों का कहना है कि इससे हमारी लागत भी नहीं निकल रही है। बता दें कि जुलाई और अगस्त की शुरूआत में टमाटर की कीमतें देशभर में 200 रुपये प्रति किलो के भाव को पार कर कई थीं। कई जगहों से चोरी और टमाटर से भरे ट्रकों के लूटने की खबरें भी सामने आईं थीं। वहीं, कुछ लोग टमाटर बेचकर करोड़पति भी बन गए। लेकिन अब टमाटर की कीमतों में



बड़ी गिरावट देखने को मिल रही है। हालांकि, बाजार में अभी भी टमाटर की कीमतें 50 रुपये प्रति किलो के आसपास बनी हुई हैं।

आंध्र प्रदेश के कुरनूल जिले में स्थित एक कृषि बाजार में टमाटर की कीमतें गिर गई हैं, जिससे किसानों को अपनी उपज सड़कों पर फेंकने के लिए मजबूर होना पड़ा है। किसानों ने बताया कि इस कीमत से हमारी लागत भी नहीं निकल रही है। टमाटर को बाजार तक पहुंचाने के लिए तो संसाधन इस्तेमाल होते हैं। उनको भी अपनी जेब से देना पड़ रहा है। बाजार में किसानों ने दावा किया कि वे टमाटर की मौजूदा कीमत के साथ बुनियादी लॉजिस्टिक भी नहीं ले सकते।

### एप्पल कंपनी 12 सितंबर को लॉन्च करेगी आईफोन 15 सीरीज

**नई दिल्ली।** एप्पल कंपनी हर साल की तरह इस साल फिर एक बड़ा इवेंट आयोजित करने जा रहा है, इस इवेंट में एपल ने आईफोन 15 सीरीज लॉन्च करने का ऐलान कर दिया है। हमेशा की तरह इस बार भी कंपनी ने ये नहीं बताया है कि इस दिन क्या लॉन्च होगा, लेकिन ये साफ है कि 12 सितंबर को ही नई आईफोन सीरीज लॉन्च की जाएगी। आपको बता दें कि आईफोन 15 सीरीज के सभी मॉडल में इस बार डायनैमिक आईलैंड का फीचर दिया जाएगा जो मौजूदा आईफोन यानी आईफोन 15 सीरीज के प्रो मॉडल्स में दिया जाता है। इसके अलावा कई छोटे बड़े बदलाव देखने को मिलेंगे। हालांकि डिजाइन वही पुराना होगा और इसमें कोई खास बदलाव देखने को नहींमिलेगा। इस आईफोन 15 सीरीज के साथ कंपनी चार्जिंग के लिए। यूएसबी आइप सी पोर्ट देगी इससे पहले तक चार्जिंग के लिए कंपनी का प्रोप्राइटी चार्जर यूज किया जाता था।

### वेदांता से डील टूटने के बाद फॉक्सकॉन को मिला नया पार्टनर

# जल्द भारत में लगाएगा सेमीकंडक्टर प्लांट

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत में सेमीकंडक्टर प्लांट लगने का सपना पूरा होने के करीब है। वेदांता के साथ डील टूटने के बाद फॉक्सकॉन को देश में चिप फैक्ट्री लगाने के लिए नया पार्टनर मिल गया है। हालांकि, अभी बातचीत चल रही है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार, फॉक्सकॉन टेक्नोलॉजी ग्रुप भारत में सेमीकंडक्टर फैक्ट्री लगाने के लिए एसटीएम माइक्रो इलेक्ट्रोनिक्स एनवी के साथ आ रहा है। इसके लिए कंपनी सरकार का सपोर्ट पाना चाहती है। फॉक्सकॉन ताइवान की मैन्यूफैक्चरिंग कंपनी है। वहीं, एसटीमाइक्रो फ्रांसीसी-इतालवी कंपनी है। ये दोनों कंपनियां 40 नैनोमीटर चिप प्लांट में सरकार का सपोर्ट पाने के लिए आवेदन कर रही हैं। मामले से जुड़े लोगों ने यह जानकारी दी है। ये चिप्स कारों, कैमरों, प्रिंटर्स और दूसरी विभिन्न प्रकार की मशीनों में इस्तेमाल होती हैं। इससे पहले फॉक्सकॉन ने अरबपति अनिल अग्रवाल की वेदांता रिसोर्सेज के साथ पार्टनरशिप की कोशिश की थी।

## विदेश

### अमेरिका में 60 करोड़ डॉलर का किया अवैध लेनदेन

# चार भारतीय समेत पांच गिरफ्तार

**एजेंसी। वाशिंगटन**

अमेरिका में 60 करोड़ डॉलर के अवैध लेन-देन के आरोप में चार भारतीय-अमेरिकी नागरिकों सहित पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अमेरिकी अटॉर्नी फिलिप आर. सेलिंगेर ने बताया कि गिरफ्तार भारतीय-अमेरिकियों में राज वैद्य (26), राकेश वैद्य (51), श्रेय वैद्य (23) और नील पटेल (26) शामिल हैं तथा ये सभी न्यूजर्सी के एडिसन के निवासी हैं। उन्होंने कहा कि मामले में गिरफ्तार पांचवां व्यक्ति यूसुफ जैंफर (57) है, जो न्यूयॉर्क के ग्रेट नेक क्षेत्र का रहने वाला है। इन सभी को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किया गया। अदालती दस्तावेजों के मुताबिक, राज, राकेश, श्रेय वैद्य और नील पटेल न्यूयॉर्क शहर के डायमंड जिले में




वर्ष 2019 से कथित तौर पर हीरा, सोना और आभूषणों से संबंधित कई कंपनियों का संचालन कर रहे थे। संघीय अभियोजक ने बताया कि जैंफर न्यूयॉर्क के रोडियो सहित डायमंड जिले में कई कंपनियां संचालित कर रहा था। अभियोजक के मुताबिक, उन्होंने (आरोपियों) इन और दूसरी कंपनियों की आड़ में ग्राहकों से करोड़ों डॉलर का गैरकानूनी वित्तीय लेन-देन किया। अदालती दस्तावेजों के अनुसार, एक वक्त में आरोपियों ने एक दिन में करोड़ों डॉलर की नकदी प्राप्त की। इनकी कोई भी कंपनी न्यूयॉर्क, न्यूजर्सी या फिर फाइनेंशियल क्राइम्स एंफोर्समेंट नेटवर्क (फिनसेन) में पंजीकृत नहीं थी।

### माली में हुए दो आतंकवादी हमले में 49 नागरिकों, 15 सैनिकों की मौत

**बमाको।** अफ्रीकी देश माली में हुए एक के बाद एक दो आतंकवादी हमले में कम से कम 49 नागरिक और 15 सैनिक मारे गए। समाचार एजेंसी ने बयान के हवाले से कहा, ''पहला हमला आतंकियों ने नाइजर नदी पर 'टिम्बकटू' नाव पर किया तो वहीं, दूसरा हमला आतंकियों ने बंबा के मालियन सशस्त्र बल (एफएएमए) के एक सैन्य ठिकाने पर किया। बयान में कहा गया, इस दोहरे हमले के जवाब में, हमारे बहादुर एफएएमए की संयुक्त हवाई-जमीन कार्रवाई ने लगभग 50 आतंकवादियों को मार गिराया। सभी यात्रियों को निकालने और स्थानों को सुरक्षित करने की तत्काल व्यवस्था की गई। हमलों के कुछ घंटों बाद माली के अंतरिम राष्ट्रपति असिमी गोइता ने तीन दिन के राष्ट्रीय शोक की घोषणा की। माली पर 2020 से सैन्य जुंटा का शासन है।

## उपलब्धि

### इसरो ने 380 से अधिक विदेशी उपग्रह लॉन्च किए

# अर्थव्यवस्था 40 बिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान

**एजेंसी। नई दिल्ली**

इसरो ने 380 से अधिक विदेशी उपग्रह लॉन्च किए हैं। यूरोपीय और अमेरिकी उपग्रहों को लॉन्च करके क्रमशः 250 मिलियन यूरो और 170 मिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक की कमाई की है। यह जानकारी शुक्रवार को केंद्रीय अंतरिक्ष राज्यमंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने दी।

केंद्रीय मंत्री ने कहा, भारत की समग्र अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था आज लगभग 8 बिलियन डॉलर की है। यानी वैश्विक (बाजार हिस्सेदारी) का 2 प्रतिशत, लेकिन पूरी दुनिया भारत की बढ़ी हुई गति को पहचान रही है। यही कारण है कि 2040 तक पारंपरिक अनुमान के अनुसार यह 40 बिलियन डॉलर का है, लेकिन, बाद में हमारे पास एडीएल (आर्थर डी लिटिल) रिपोर्ट थी, जिसमें 2040 तक भारत की



अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था 100 बिलियन डॉलर तक बढ़ने का अनुमान लगाया है। इसलिए, हमने बहुत तेजी से आगे बढ़ना शुरू किया है, हम अभी भी खुद के मूल्यांकन में पारंपरिक हैं, लेकिन दूसरों का आकलन बहुत, बहुत अधिक है, जिसका मतलब है कि हम वास्तव में सही मुकाम तक आ गए हैं।जी20 शिखर सम्मेलन की पूर्व संध्या पर केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि भारत कई मायनों में दुनिया का नेतृत्व करने के लिए तैयार है।उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष क्षेत्र सहित भविष्य के किसी भी विज्ञान प्रयास के लिए दुनिया के सभी हितधारक देशों को एक साथ आने की आवश्यकता होगी। यह रेखांकित करते हुए कि भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम अब दुनिया की अग्रणी अंतरिक्ष एजेंसियों के बराबर गति पर है। डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि नासा चंद्रमा पर उतरने वाला पहला संस्थान हो सकता है, लेकिन यह भारत का चंद्रयान-1 था, जिसने संभावित साक्ष्य जुटाए। चंद्रमा पर पानी के अणु और अब चंद्रयान-3 पहली बार चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरा है।डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा, अगर हमें इससे आगे जाना है, तो हमें सामूहिक रूप से आगे बढ़ना होगा, क्योंकि हम वैश्विक दुनिया का हिस्सा हैं। इसलिए आगे कोई भी विकास बहुत अधिक विस्तारित एकीकरण में होना चाहिए। यहां से विकास की मुख्य विशेषता यह होगी कि यह काफी हद तक प्रौद्योगिकी संचालित होगा। केंद्रीय अंतरिक्ष राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि भारत की जी20 की अध्यक्षता अंतरिक्ष में देश के गौरव के साथ मेल खाती है। मंत्री ने कहा, जी20 शिखर सम्मेलन भारत में ऐसे समय में हो रहा है, जब भारत का झंडा चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर लहरा रहा है, पहली बार कोई अंतरिक्ष यान चंद्रमा के सुदूर हिस्से पर उतरा है।

## पृष्ठ एक के शेष

**जी 20 में भारत, अमेरिका, उऊदी व...**

से जी20 के इतर बाइडेन और सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के बीच संभावित संक्षिप्त द्विपक्षीय बैठक की संभावना बढ़ जाएगी।

एक्सियोस ने पहली बार बताया कि इस परियोजना के लिए मई में बातचीत चल रही थी, जब व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन अपने सऊदी, अमीराती और भारतीय समकक्षों के साथ बैठक के लिए सऊदी अरब गए थे।

रिपोर्ट में कहा गया है कि यह परियोजना उस बैठक में चर्चा किए गए मुख्य मुद्दों में से एक थी, जिसमें अमेरिका की ओर से बााइडेन के ऊर्जा और बुनियादी ढांचे के वरिष्ठ सलाहकार अमोस होचस्टीन के नेतृत्व में अनुवर्ती वार्ता की एक श्रृंखला शुरू की गई थी।

दो स्त्रोतों के अनुसार, नई पहल का विचार पिछले 18 महीनों में आई2यू2 नामक एक अन्य मंच पर हुई बातचीत के दौरान आया, जिसमें अमेरिका, इजराइल, संयुक्त अरब अमीरात और भारत शामिल हैं।

एक्सियोस की रिपोर्ट के अनुसार, इस फोरम की स्थापना 2021 के अंत में मध्य पूर्व में रणनीतिक बुनियादी ढांचा परियोजनाओं पर चर्चा करने और क्षेत्र में बीजिंग के बढ़ते प्रभाव का मुकाबला करने के लिए की गई थी।

इजराइल ने पिछले वर्ष आई2यू2 बैठकों के दौरान इस क्षेत्र को रेलवे के माध्यम से जोड़ने का विचार उठाया था।

इस विचार का एक हिस्सा ऐसी बड़ी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं पर भारत की विशेषज्ञता का उपयोग करना था।

एक्सियोस की रिपोर्ट के अनुसार, बाइडेन प्रशासन ने सऊदी अरब की भागीदारी को शामिल करने के विचार पर विस्तार किया।

**अंतर्राज्यीय गिरोह का खुलासा...**

लुटेरों को ओडिशा से गिरफ्तार किया। वहीं तीनों से पूछताछ के आधार पर गिरोह में शामिल अन्य तीन लुटेरों को बिहार के गया स्टेशन के समीप स्थित किराए के मकान से गिरफ्तार किया गया। साथ ही उनके द्वारा आभूषण व्यापारी से लूटे गए चांदी के 3 किलो 800 ग्राम आभूषण, सोने के 57 ग्राम आभूषण और रंगा करीब 350 ग्राम बरामद किया है। साथ ही घटना में प्रयुक्त दो पल्सर बाइक और लुटेरों का एक मोबाइल फोन भी पुलिस ने बरामद किया है। बरामद फोन को एसआईटी खंगाल रही है ताकि गिरोह में शामिल अन्य लुटेरों के विरुद्ध भी कार्रवाई सुनिश्चित हो। एसडीपीओ ने आगे बताया कि गिरफ्तार आवला नागराज व सूरज राव जाजपुर ओडिशा, सिद्धांत कुमार व कैलाश राव हुगली पश्चिम बंगाल, सुब्बा राव प्रधान जखापुरा उड़ीसा व टी मारकोंडा दास सोरडा का रहने वाला है। वर्तमान में यह सभी बिहार के गया रेलवे स्टेशन के समीप भाड़े के मकान में रह रहे थे।

**आंदोलनकारियों के सपनों का झारखंड...**

हासिये पर रहे हैं। आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक, बौद्धिक और राजनीतिक रूप से कमजोर होने की वजह से इन्हें नजरअंदाज किया जाता रहा है । अब जब ये आगे बढ़ रहे हैं तो कुछ ताकते इन्हें रोकने की नापाक कोशिश कर रही है। लेकिन, हमने इन्हें मजबूत करने का जो संकल्प ले रखा है, उससे नहीं डिगेंगे। चाहे परिस्थितियों कैसी भी हो, इन्हें मजबूत करने के रास्ते पर चल पड़े हैं और कदम नही थमेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा जिस तरह यूनिवर्सल पेंशन स्कीम के तहत सभी बुजुर्गों दिव्यांगों एकल महिलाओं को सामाजिक सुरक्षा पेंशन का लाभ दिया जा रहा है , उसी तरह अब सभी बेघर को पक्का मकान देने का निर्णय सरकार ने लिया है। बहुत जल्द अबुआ आवास योजना की शुरूआत होगी , ताकि लोगों के अपने घर का सपना साकार हो सके।

**अभिभावक सिर्फ बच्चों के पढ़ाई पर ध्यान दें, खर्च की चिंता नहीं करें :** मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा की बेहतरी पर सरकार का विशेष जोर है। इस सिलसिले में उत्कृष्ट विद्यालय खोले गए हैं । छात्रवृत्ति राशि में बढ़ोतरी की गई है। बच्चियों के लिए सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना चलाई जा रही है । प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी से लेकर मेडिकल- इंजीनियरिंग जैसे कोर्सेज करने के लिए सरकार सहायता दे रही है। बच्चों का बेहतर भविष्य बने, इस दिशा में हम कम कर रहे हैं। हमारा अभिभावकों से कहना है कि वे अपने बच्चों को अच्छे से पढ़ाएं, खर्च की चिंता नहीं करें। सरकार मदद करेगी।

**मानकी- मुंडा व्यवस्था को कर रहे मजबूत :** मुख्यमंत्री ने कहा कि मानकी- मुंडा पारंपरिक व्यवस्था जनजाति समुदाय की मजबूत कड़ी है। यह समाज के पुरोधा हैं। इस व्यवस्था को हम और मजबूती दे रहे हैं, ताकि समाज को इनका लाभ ज्यादा से ज्यादा मिल सके। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने उनके बीच मोटरसाइकिल वितरित की।

**95 योजनाओं की रखी गई आधारशिला, 31 का उद्घाटन**

-मुख्यमंत्री ने 406 करोड़, 11 लाख, 58 हजार 3 सौ रुपए की लागत से 126 योजनाओं का उद्घाटन - शिलान्यास किया। इसमें 367 करोड़ 99 लाख 15 हजार रुपए की लागत वाली 95 योजनाओं की नींव रखी गई । वहीं, 38 करोड़ 12 लाख 43 हजार 3 सौ रुपए की 31 योजनाओं का उद्घाटन हुआ।

- 25 लाभुकों के बीच 23 लाख 35 हजार 636 रुपये की परिसंपत्तियां बांटी गई। जिला प्रशासन की ओर से मुख्यमंत्री को इस बात से अवगत कराया गया कि चालू वित्तीय वर्ष 2023- 24 में 7 लाख 38 हजार 962 लाभुकों के बीच 282 करोड़ 27 लाख 35 हजार 4 सौ रुपए की परिसंपत्तियां वितरित की जा चुकी हैं।

-पश्चिमी सिंहभूम जिले के विभिन्न प्रखंडों में 91 आंगनबाड़ी केंद्र भवन निर्माण का शिलान्यास।

-मनोहरपुर और जगन्नाथपुर के आईटीआई में हॉस्टल का शिलान्यास।

-छह स्वास्थ्य उप केंद्र भवन निर्माण का शिलान्यास।

- टोंटो और झींकपानी में स्टेडियम निर्माण का शिलान्यास।

- मझगांव में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के भवन निर्माण तथा चाईबासा सदर में 50 बिस्तरों की क्षमता वाले क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल का शिलान्यास।

-चाईबासा सदर के बिरसा मुंडा इंडोर स्टेडियम में एयर कंडीशंड जिम का उद्घाटन।

- तांतनगर और गोयलकेरा प्रखंड में प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, पर्यवेक्षक और अन्य कर्मचारियों के आवास निर्माण तथा प्रखंड परिसर के विकास संबंधी कार्य का उद्घाटन।

-बंदगांव, गोईलकेरा, सोनुवा, नोवामुंडी, चाईबासा सदर, तांतनगर, चक्रधरपुर और खूंटपानी में सोलर कोल्ड स्टोरेज का उद्घाटन।

- विभिन्न प्रखंडों में आठ धुमकुड़ियां हाउस निर्माण का उद्घाटन।

-चक्रधरपुर और बंदगांव में 33/11 केवी विद्युत शक्ति उप केंद्र का उद्घाटन।

**मिशन 2024 के पहले...**

समन और तमाम तरह की राजनीतिक परेशानियों के बीच हेमंत सोरेन ने डुमरी में जीत के लिए पूरी ताकत झोंक दी। उन्होंने चुनाव से पहले अपने आप को चुनावी मोड में डाला और सरकारी परिसंपत्तियों का खूब वितरण किया। साथ ही भाषणों में टाइगर के नाम से मशहूर जगरनाथ महतो की डुमरी के प्रति लगन और निष्ठा को जनता तक हमेशा पहुंचाने का काम किया। सरकार के सभी मंत्री समेत इंडिया गठबंधन के तमाम विधायक डुमरी में तैनात थे। गिरिडीह सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू और बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह ने भी पूरे चुनाव प्रचार के दौरान डुमरी में ही कैंप कर जीत में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ा। पूरे चुनाव प्रचार में बगोदर विधायक विनोद सिंह ने चुपचाप मतदाताओं के बीच अपनी भूमिका निभाई। झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार के कार्यकाल (2019 से अब तक) में डुमरी विधानसभा क्षेत्र का यह छठा उप चुनाव था। इससे पहले पांच उप चुनाव हो चुके हैं। इनमें चार दुमका, बेरमो, मधुपुर और मांडर उप चुनाव में यूपीए के उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की थी। दुमका से बसंत सोरेन, बेरमो से जयमंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह, मधुपुर से हफिजुल हसन और मांडर से शिल्पी नेहा तिर्की ने जीत हासिल की थी। यूपीए से दो सीटों पर झामुमो के उम्मीदवार जीते थे जबकि दो सीटों पर कांग्रेस के उम्मीदवारों ने जीत बरकरार रखी। रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र उप चुनाव से आजसू पार्टी की उम्मीदवार सुनीता देवी ने एनडीए का खाता खोला था।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दांतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

NEWS इन ब्रीफ

### हनुमानगढ़-जयपुर हाइवे पर हादसा, पांच की मौत, 18 घायल

**चूरू।** हनुमानगढ़-जयपुर हाइवे पर सरदारशहर स्थित साडासर और सावर के बीच गुरुवार देरशाम हुए सड़क हादसे में पांच श्रद्धालुओं की मौत हो गई। इनमें चार महिलाएं और एक पुरुष है। हादसे में 18 लोग घायल हैं। इनमें से सात को हालत गंभीर होने पर बीकानेर रेफर किया गया। हादसा बोलेरो और ट्रक के बीच हुई टक्कर से हुआ। भानीपुरा थानाधिकारी गौरव खिड़िया ने बताया कि हादसे में कमला देवी (55) पत्नी भगवता राम रायका, अन्नाराम (35) पुत्र रत्नाराम रायका, संतोष (35) पत्नी तुगनाराम प्रजापत, मोनिका (10) पुत्री ओमप्रकाश रायका, सरोज (28) पत्नी देवीलाल रायका की मौके पर ही मौत हो गई। ये राजासर पंवरान रायका की ढाणी के रहने वाले थे।

### बीएसएफ के हत्थे चढ़ा तस्कर, लाखों का सोना जब्त

**दक्षिण दिनाजपुर।** जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा पर तैनात उत्तर बंगाल फ्रंटियर के रायगंज सेक्टर के अंतर्गत सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की 61वीं बटालियन की बॉर्डर आउट पोस्ट (बीओपी) हिली के सीमा प्रहरियों ने सत्ताईस लाख रुपए के सोने के बिस्कुट के साथ एक तस्कर को पकड़ा है। पकड़े गए तस्कर का नाम परितोष सरकार (24) है। बीएसएफ ने शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इसकी जानकारी दी। जानकारी के अनुसार, परितोष को संदिग्ध अवस्था में हिली बाजार के सामान्य क्षेत्र से पकड़ा गया। जब उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से 27 लाख 86 हजार से अधिक मूल्य के 4 पीस सोने के बिस्कुट बरामद किए गए जो काले कार्बन टैप से लपेटे हुए थे।

### एयर होस्टेस हत्या मामले में आरोपी ने की आत्महत्या

**मुंबई।** अंधेरी के पवई इलाके में एयर होस्टेस की हत्या के मामले में गिरफ्तार आरोपित विक्रम अटवाल ने शुक्रवार सुबह पुलिस लॉकअप में आत्महत्या कर ली। पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए कूपर अस्पताल में भेज दिया है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी इस आत्महत्या मामले की छानबीन कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार कुछ दिन पहले एयर होस्टेस रूपल ओगारे की हत्या उनके अंधेरी स्थित आवास पर कर दी गई थी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जी20 शिखर सम्मेलन के पूर्व जताया भरोसा, कहा

# समावेशी विकास की होगी पहल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जी20 शिखर सम्मेलन के पूर्व यह विश्वास व्यक्त किया है कि शिखर सम्मेलन मानव-केंद्रित और समावेशी विकास में एक नया मार्ग प्रशस्त करेगा। उन्होंने कहा कि वे आशा करते हैं कि अगले दो दिनों में विश्व नेताओं के साथ उनकी सार्थक चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि भारत प्रगति को आगे बढ़ाने के लिए मानव-केंद्रित तरीके पर भी बहुत जोर देता है। वंचितों, पंक्ति के अंतिम व्यक्ति की सेवा करने के गांधीजी के मिशन का अनुकरण करना महत्वपूर्ण है।

प्रधानमंत्री ने जी20 से जुड़ी अपनी गतिविधियों की जानकारी एक्स पर आज दी। उन्होंने बताया कि भारत को 09-10 सितंबर को नई दिल्ली के प्रतिष्ठित भारत मंडपम में 18वें जी20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी करते हुए खुशी हो रही है। यह भारत द्वारा आयोजित किया जाने वाला पहला जी20 शिखर सम्मेलन है। वे अगले दो दिनों में



विश्व नेताओं के साथ सार्थक चर्चा की आशा करते हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारे सांस्कृतिक लोकाचार में निहित, भारत की जी20 प्रेसीडेंसी थीम, 'वसुधैव कुटुंबकम- एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' हमारे विश्व दृष्टिकोण के साथ गहराई से मेल खाती है कि पूरी दुनिया एक परिवार है। भारत की जी20 अध्यक्षता समावेशी, महत्वाकांक्षी, निर्णायक और कार्य-उन्मुख रही है। हमने ग्लोबल साउथ की विकासात्मक चिंताओं को सक्रिय रूप से आवाज दी।

उन्होंने कहा कि मित्रता और सहयोग के बंधन को और गहरा करने के लिए कई नेताओं और प्रतिनिधिमंडल के प्रमुखों के साथ वे द्विपक्षीय बैठकें करेंगे। उन्हें विश्वास है कि हमारे मेहमान भारतीय आतिथ्य की गर्मजोशी का आनंद लेंगे। राष्ट्रपतिजी 9 सितंबर को रात्रिभोज का आयोजन करेंगी। 10 तारीख को नेता राजघाट पर गांधीजी को श्रद्धांजलि देंगे। समापन समारोह में, उसी दिन, जी20 नेता एक स्वस्थ 'एक पृथ्वी' के लिए 'एक परिवार' की तरह मिल कर एक स्थायी और न्यायसंगत 'एक भविष्य' के लिए अपने सामूहिक दृष्टिकोण को साझा करेंगे।

उन्होंने बताया कि जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान, वे 'एक पृथ्वी', 'एक परिवार' और 'एक भविष्य' पर सत्र की अध्यक्षता करेंगे, जिसमें विश्व समुदाय के लिए प्रमुख चिंता के कई मुद्दों को शामिल किया जाएगा। इनमें मजबूत, टिकाऊ, समावेशी और संतुलित विकास को आगे बढ़ाना शामिल है। हम सतत भविष्य के लिए एसडीजी, हरित विकास समझौते की प्रगति में तेजी लाना चाहते हैं और 21वीं सदी के लिए बहुपक्षीय संस्थानों को मजबूत करना चाहते हैं। हम तकनीकी परिवर्तन और डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे जैसे भविष्य के क्षेत्रों को अत्यधिक प्राथमिकता देते हैं। हम लैंगिक समानता, महिला सशक्तिकरण को आगे बढ़ाने और विश्व शांति सुनिश्चित करने के लिए भी सामूहिक रूप से काम करेंगे।

# जी-20 के अवसर पर रात्रि भोज में खड़गे को निमंत्रण नहीं

### कांग्रेस शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों को निमंत्रण , लेकिन वे नहीं जाएंगे

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा जी -20 शिखर सम्मेलन के अवसर पर 9 सितंबर 2023 को आयोजित रात्रिभोज में शामिल होने के लिए कांग्रेस अध्यक्ष व राज्य सभा में नेता प्रतिपक्ष व कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को आमंत्रित नहीं किया गया है। जबकि इसमें शामिल होने के लिए विदेशी मेहमानों समेत देश के कई दिग्गज नेताओं तथा मुख्यमंत्रियों तक को आमंत्रण भेजा गया है। जिसके कारण कांग्रेस शासित राज्यों



के मुख्यमंत्रियों ने और जरूरी कार्य में व्यस्त होने की बात कह आने से मना कर दिया है। इनमें कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल,केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन हैं। कर्नाटक में भाजपा से तालमेल कर लोकसभा चुनाव लड़ने की तैयारी में लगी जेडीएस के नेता व पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवगौड़ा ने स्वास्थ्य खराब होने के कारण रात्रिभोज में आने में असमर्थता जताई है।वैसे जेडीएस को भाजपा लोकसभा की 4 सीटें दे रही है ,जबकि जेडीएस मांग रही है 7 सीट। इसके कारण भी देवगौड़ा को रात्रि भोज में नहीं आने की बात से जोड़ा जा रहा है।

# विधानसभा उपचुनाव: त्रिपुरा और उत्तराखंड में भाजपा, यूपी में सपा; पश्चिम बंगाल में टीएमसी की हुई जीत

**एजेंसी। नई दिल्ली**

देश के छह राज्यों की सात विधानसभा सीटों पर 5 सितंबर को हुए उपचुनाव के लिए शुक्रवार को वोटों की गिनती की बाद रिजल्ट घोषित कर दिए गए। बीजेपी ने त्रिपुरा की दोनों सीटों पर कब्जा जमा लिया है। वहीं उत्तराखंड की बागेश्वर सीट एक बार फिर से बीजेपी की झोली में आ गई है। बीजेपी उम्मीदवार पार्वती दास ने इस सीट पर 2400 वोटों से जीत हासिल की है। केरल की पुथुपल्ली सीट पर कांग्रेस ने एक बार फिर से कब्जा जमा लिया है। पश्चिम बंगाल की धूपगुड़ी सीट पर तृणमूल कांग्रेस के निर्मलचंद राय ने बीजेपी की तापसी राय को पराजित कर दिया है। झारखंड के डुमरी विधानसभा क्षेत्र में झारखंड मुक्ति मोर्चा की बेबी देवी ने ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन (आजसू) की यशोदा देवी को हरा दिया है। उत्तर प्रदेश की घोसी विधानसभा सीट पर समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार सुधाकर सिंह ने बीजेपी के दारा सिंह चौहान को पराजित कर दिया है। केरल में पुथुपल्ली निर्वाचन क्षेत्र में हुए उपचुनाव में विपक्षी गठबंधन यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) के उम्मीदवार चांडी ओमन ने जीत हासिल कर ली है। चांडी ओमन कांग्रेस के दिवंगत नेता ओमन चांडी के बेटे हैं और शुरूआती रुझानों में ही वह अपने प्रतिद्वंद्वियों से काफी आगे निकल गए थे। वह 37719 वोटों से जीत गए हैं।

चुनाव आयोग के मुताबिक, बीजेपी ने त्रिपुरा के सिपाहीजला जिले की धनपुर और बोक्सानगर विधानसभा सीटें जीत ली हैं। करीब 66 फीसदी अल्पसंख्यक मतदाताओं वाली बोक्सानगर सीट पर बीजेपी ने कब्जा जमा लिया है। धनपुर में बिंदु देबनाथ को जीत मिली है। वहीं बोक्सानगर में बीजेपी के तफज्जल हुसैन ने 30,237 वोटों से जीत हासिल की। पश्चिम बंगाल की धूपगुड़ी सीट पर तृणमूल कांग्रेस के निर्मलचंद राय ने बीजेपी की तापसी राय को 4309 वोटों से पराजित कर दिया है। निर्मलचंद राय को 97,613 और तापसी राय को 93,304 वोट मिले हैं। झारखंड के गिरिडीह जिले की डुमरी विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा की उम्मीदवार बेबी देवी ने अपनी निकटतम प्रतिद्वंदी ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन की यशोदा देवी को 17,153 वोटों से हरा दिया।

भारत की जी20 अध्यक्षता पर पूर्व प्रमुख सचिव नृपेंद्र मिश्रा ने कहा

# बहुपक्षीय संगठनों को प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम



**भारत** ने दिसंबर 2022 में जी20 की अध्यक्षता ग्रहण की - एक ऐसा समय, जब दुनिया जलवायु आपातकाल का सामना कर रही थी, महामारी के प्रभाव से जूझ रही थी और बढ़ते ध्रुवीकरण, भू-राजनीतिक संघर्ष और शक्ति संतुलन के बीच विभाजित थी। सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) की प्रगति की असफलता से स्थिति और गंभीर हो गयी, जिनके कारण सरकारों तथा नीति निमार्ताओं को अतिरिक्त बोझ का सामना करना पड़ा। इस जटिल परिदृश्य में, बहुपक्षीय संगठनों को अपनी भूमिका को प्रभावी बनाने के लिए चुनौतियों का सामना करना पड़ा, जो अंतरराष्ट्रीय संबंधों को विकसित और मजबूत करने में एक सतत संघर्ष के रूप में सामने आया। समय बीतने के साथ, राष्ट्रों के अलग-अलग रास्तों ने ब्रिक्स, क्वाड, आसियान जैसे विभिन्न बहुपक्षीय मंचों के गठन को प्रेरित किया है, जो एक तरफ तो क्षेत्रीय सहयोग को सुविधाजनक बनाते हैं, वहीं दूसरी तरफ विभाजित बहुपक्षीय व्यवस्था की जटिलताओं को बढ़ाते हैं।

इन व्यापक संकटों की पृष्ठभूमि में, बहुपक्षीय संगठनों में सुधार और सुदृढ़ीकरण की तत्काल आवश्यकता हो गयी है। इस प्रयास में, न केवल बहुपक्षीय संगठनों को उनकी भूमिका के लिए मजबूती देना, बल्कि वैश्विक राजनीति और शक्ति संतुलन को अच्छी तरह से समझना भी शामिल हैं। आर्थिक और बहुपक्षीय सहयोग के एक प्रमुख मंच के रूप में, जी20 विकसित, उभरती और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के व्यापक आयाम का प्रतिनिधित्व करता है तथा मजबूत बहुपक्षीय संवादों के माध्यम से दुनिया की सबसे गंभीर चुनौतियों का समाधान करने से जुड़ी अपनी महत्वाकांक्षा की जिम्मेदारी लेता है, जिनसे सभी सदस्य देश लाभान्वित होते हैं।अपनी अध्यक्षता के दौरान, भारत ने बहुपक्षीय कूटनीति के भरोसेमंद भविष्य की दिशा में वैश्विक चचाओं को आगे बढ़ाने के लिए खुद को समर्पित करते हुए, इस एजेंडे को अपनी महत्वपूर्ण प्राथमिकताओं में से एक के रूप में प्रमुखता दी है।

पूरे वर्ष के दौरान, इस एजेंडे के विभिन्न घटकों पर ठोस प्रगति हासिल की गई। जर्मनी की अध्यक्षता के तहत, जी20 विदेश मंत्रियों की वार्षिक बैठक की शुरूआत की गयी थी। अपनी स्थापना के बाद से ही यह बैठक एक प्रथागत कार्यक्रम रही है, लेकिन भारत ने व्यापक विचार-विमर्श करने के बाद तैयार किये गए जी20 विदेश मंत्रियों के परिणाम दस्तावेज और अध्यक्षीय सारांश (एफएमएम ओडीसीएस) को अपनाने वाले पहले देश होने की उपलब्धि हासिल की है। सदस्य देशों के लिए, इस व्यापक दस्तावेज में प्रासंगिक महत्वपूर्ण विषयों पर प्रकाश डाला गया है, जिनमें बहुपक्षीय संगठनों को मजबूत करना, आतंकवाद का मुकाबला करना और वैश्विक स्वास्थ्य समस्याओं का समाधान करना शामिल हैं। यह उपलब्धि विदेश मंत्रियों के सहयोग से एक ऐसी मजबूत बहुपक्षीय प्रणाली बनाने की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है, जो सभी देशों के हितों को पूरा करती हो।

इसके अलावा, भारत ने संयुक्त राष्ट्र के भीतर सुधारों से संबंधित चर्चाओं को प्रभावी ढंग से पुनर्जीवित किया और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद सहित इसके प्रमुख अंगों के पुनर्गठन पर विशेष रूप से अपना ध्यान केंद्रित किया। एफएमएम ओडीसीएस में सुधार के इन प्रयासों पर जोर दिया गया, जो संयुक्त राष्ट्र में ज्यादा देशों के प्रतिनिधित्व और समकालीन संरचना को बढ़ावा देने के प्रति भारत के समर्पण को दशार्ता है। वैश्विक वास्तविकताओं का निरंतर विकास और वर्तमान भू-राजनीतिक परिदृश्य, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को आज की जरूरतों के साथ जोड़ने के महत्व को रेखांकित करता है। इसके अतिरिक्त, वर्तमान में जारी संघर्षों के विघटनकारी प्रभाव ने परिषद के संचालन में बाधाएं पैदा की हैं, जिनसे व्यापक सुधारों की तत्काल आवश्यकता को बल मिला है, ताकि इसकी प्रभावशीलता सुनिश्चित की जा सके। भारतीय अध्यक्षता ने बहुपक्षीय संगठनों को मजबूत करने के प्रयासों को परिश्रमपूर्वक आगे बढ़ाया। भारतीय अध्यक्षता के मार्गदर्शन में एक स्वतंत्र विशेषज्ञ समूह (आईईजी) की स्थापना के साथ बहुपक्षीय विकास बैंकों (एमडीबी) में सुधार किये जाने को गति मिली। आईईजी का मिशन एमडीबी को मजबूत करने और एमडीबी इकोसिस्टम को अद्यतन करने के लिए एक रोडमैप की रूपरेखा तैयार करने से जुड़ी सिफारिशें प्रदान करना था, ताकि 21वीं सदी की चुनौतियों का सामना करने में इसकी दक्षता सुनिश्चित की जा सके।




### 'यात्रीज' की चाहत खन्ना को आई रघुबीर यादव के साथ बिताए जामिंग सेशन की याद

**पा**रिवारिक ड्रामा फिल्म 'यात्रीज' में अभिनय करने वाली अभिनेत्री चाहत खन्ना ने कहा कि उन्हें फिल्म में अपने सह-अभिनेता रघुबीर यादव के साथ बिताए गए जैमिंग सेशन की याद आ रही है। अनुभवी अभिनेता रघुबीर ने नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा (एनएसडी) से पढ़ाई की है और वह गायन में भी माहिर हैं। अनुभवी अभिनेता के साथ काम करने के अपने अनुभव को साझा करते हुए चाहत ने कहा, यह बहुत प्रतीक्षित है, मैं उन्हें एक अभिनेता के रूप में प्यार करती हूं, साथ ही उन्हें एक व्यक्ति के रूप में जानने के बाद मैंने सीखा है कि वह एक अद्भुत व्यक्ति होने के साथ एक महान गायक भी हैं। मुझे उनकी याद आती है। पैक-अप के बाद उनके ठुमके लगाने के सत्र, जिसका हम सभी ने आनंद लिया और इंतजार किया। फिल्म में सीमा पाहवा भी हैं। फिल्म 6 अक्टूबर को रिलीज होने वाली है। इसमें चाहत ने सोनम का किरदार निभाया है, जो एक आधुनिक महिला है, जिसके दिल में बिल्कुल भी प्यार नहीं है।




### कंगना रनौत ने फिल्म 'जवान' के लिए शाहरुख की तारीफ की



**शा**हरुख खान की फिल्म 'जवान' कमाई के मामले में पहले दिन हिट रही। शाहरुख खान अभिनीत इस मल्टीस्टारर फिल्म की कई सेलिब्रिटीज तारीफ कर रहे हैं। फिल्म अभिनेत्री कंगना ने भी 'जवान' के लिए शाहरुख की तारीफ की है। कंगना रनौत ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में कहा, 90 के दशक का परम प्रेमी लड़का बनने से लेकर दर्शकों के साथ फिर से जुड़ने के लिए चालीस से पचास के दशक तक लंबे संघर्ष और अंत में 60 साल की उम्र में भारत के सुपरहीरो के रूप में उभरना, वास्तविक जीवन में सुपर हीरो है। मुझे वह समय याद है जब लोगों ने उन्हें नजरअंदाज किया, उनकी पसंद का मजाक उड़ाया लेकिन उनका संघर्ष उन सभी अभिनेताओं के लिए एक मास्टर क्लास है, जो बड़े करियर का आनंद ले रहे हैं।

### 'राब्ता' म्यूजिक वीडियो में जुबिन, अदा शर्मा के बीच जबरदस्त रोमांस...

**प्ले**बैक सिंगर जुबिन नौटियाल ने अब एक इमोशनल रोमांटिक ट्रैक 'राब्ता' पेश किया है। जुबिन 'रातां लंबियां', 'तुम ही आना', 'मानिके' और कई अन्य ट्रैक के लिए जाने जाते हैं। 'राब्ता' गाने में एक दिल छू लेने वाला म्यूजिक वीडियो भी है, जिसमें अभिनेत्री अदा शर्मा के साथ जुबिन नौटियाल की रोमांटिक जोड़ी दिखाई गई है। संगीत वीडियो की शुरूआत जुबिन के घर में बैठकर गिटार बजाने से होती है। इस दौरान उनकी मां पास आती हैं और एक महिला से मिलने के लिए कहती हैं, जिसे उन्होंने उनकी



(जुबिन) संभावित पत्नी (अदा शर्मा) के रूप में चुना है। कुछ ना-नुकर के बाद जुबिन नौटियाल मुलाकात के लिए तैयार हो जाते हैं। दोनों नजरें मिलते ही तुरंत क्लासिक बॉलीवुड अंदाज में जुड़ जाते हैं। दोनों साथ में समय बिताते दिखने लगते हैं। वीडियो में दोनों का रोमांटिक पक्ष दिखाया गया है। दोनों एक-दूसरे से बात करते, घूमते, साथ बैठकर चाय पीते दिखते हैं। उनकी केमिस्ट्री काफी अच्छी दिखने लगती है। वीडियो के अंत में दोनों एक-दूसरे से इतने मोहित हो जाते हैं कि उनके लिए समय रुक जाता है। जैसे ही दोनों दिवाली मनाते हैं, बस एक-दूसरे को देखते हैं और मुस्कुराते हैं। आवाज जुबिन नौटियाल की है। लेखक जुनैद और कंपोजिशन करने वाले चिरंतन भट्ट हैं।

जी-20 | वायु सेना ने रोका "त्रिशूल" अभ्यास, एयर पेट्रोलिंग करेंगे लड़ाकू विमान

# सम्मेलन के दौरान हवाई क्षेत्र की सुरक्षा में रहेंगे मुस्तैद

**एजेंसी। नई दिल्ली**

जी-20 शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए देश की राजधानी दिल्ली में दुनिया के 20 ताकतवर देशों के नेताओं का जमावड़ा लगना शुरू हो गया है। सुरक्षा के मद्देनजर भारतीय वायु सेना ने चीन और पाकिस्तान बॉर्डर पर 04 सितम्बर से चल रहे अभ्यास "त्रिशूल" पर रोक लगा दी है। सिर्फ एक्सरसाइज त्रिशूल में शामिल विमानों के उड़ान और संचालन पर रोक लगाई गई है, जबकि अन्य नियमित उड़ानें जारी रहेंगी। जी-20 की सुरक्षा के लिए मिराज-2000 और राफेल जैसे लड़ाकू विमान एयर पेट्रोलिंग करेंगे। राजधानी में जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान हवाई क्षेत्र की सुरक्षा जिम्मेदारी भारतीय वायु सेना की होगी, जिसके लिए दिल्ली और




उसके आसपास बड़ी संख्या में रक्षात्मक और हमलावर हथियारों को पहले ही तैनात किया गया है। शिखर सम्मेलन में शामिल होने तमाम वैश्विक नेता राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली आने लगे है, जिन्हें कड़ी सुरक्षा घेरे में रखा गया है। आसमानी सुरक्षा के लिए दिल्ली और उसके आसपास बड़ी संख्या में रक्षात्मक और हमलावर हथियारों को तैनात किया गया है। जी-20 की सुरक्षा के लिए मिराज-2000 और राफेल जैसे लड़ाकू विमान एयर पेट्रोलिंग करेंगे। शिखर सम्मेलन की तैयारियों के बीच वायु सेना ने 04 सितम्बर से चीन और पाकिस्तान बॉर्डर पर सैन्य अभ्यास शुरू किया था, जिसे "त्रिशूल" नाम दिया गया। वायु सेना ने 14 सितंबर तक चलने वाला यह अभ्यास लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर और पंजाब सहित उत्तरी क्षेत्र में ऐसे समय शुरू किया था, जब जी-20 शिखर सम्मेलन की हवाई सुरक्षा करने की जिम्मेदारी भी वायु सेना के ही पास है। शिखर सम्मेलन को देखते हुए वायु सेना ने अपना हवाई अभ्यास "त्रिशूल" बीच में ही रोक दिया है। इस अभ्यास में राफेल, मिराज-2000 और सुखोई-30 सहित चिनूक और अपाचे सहित भारी-लिफ्ट परिवहन विमान भी भाग ले रहे थे। "त्रिशूल" में शामिल विमानों के उड़ान और संचालन पर रोक लगा दी गई है, जबकि अन्य नियमित उड़ानें जारी रहेंगी। वायु सेना ने दिल्ली के आसमान की सुरक्षा के लिए आकाश मिसाइल डिफेंस सिस्टम और एंटी-एयरक्राफ्ट गन जैसी वायु रक्षा प्रणालियों को भी तैनात किया है। हवाई सुरक्षा से जुड़े वायु सेना के एक अधिकारी ने बताया कि दुश्मन के विमानों या ड्रोनों को मार गिराने के लिए सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणालियों को भी दिल्ली के आसपास के स्थानों पर ले जाया गया है। इस दौरान भारतीय वायु सेना जी-20 शिखर सम्मेलन के मद्देनजर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के हवाई क्षेत्र की सुरक्षा के लिए देश भर के हवाई क्षेत्र पर नजर रखने के लिए अपने फाल्कन अवाक्स विमान का संचालन शुरू करेगी। इसके अलावा दिल्ली के आसमान की सुरक्षा के लिए राफेल और अन्य लड़ाकू विमानों को उन्नत हवाई अड्डों पर तैनात किया जा रहा है।